आर.एन.आई. नं. 45080/85, पो.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“ आज
* श्रीचंद नवमी ”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 40 अंक 50 | इंदौर, रविवार 20 सितम्बर, 2026 | भाद्रपद शुक्ल 9 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-4.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### दिल्ली यूनिवर्सिटी में प्रेसिडेंट सेक्रेटरी पद एबीवीपी को मिला

**नई दिल्ली।** दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्रसंघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने तीन पदों पर जीत हासिल की। एबीवीपी के यश डबास अध्यक्ष बने हैं। वहीं रिया छावड़ी को सचिव और लक्ष्यराज सिंह को संयुक्त सचिव पद पर जीत मिली। उपाध्यक्ष पद निर्दलीय उम्मीदवार दीपांशु शौकीन ने जीता। उन्हें 30 हजार से ज्यादा वोट मिले। पिछले 17 सालों में यह पहली बार है जब डीयूएसयू के केंद्रीय पैनल में कोई निर्दलीय उम्मीदवार जीता हो। इससे पहले 2009 में निर्दलीय मनोज चौधरी और 1991 में निर्दलीय राजीव गोस्वामी डीयूएसयू अध्यक्ष बने थे। कांग्रेस के स्टूडेंट विंग एनएसयूआई को एक भी पद हासिल नहीं हुआ। डीयूएसयू चुनाव के लिए शुक्रवार को 52 कॉलेजों में मतदान हुआ था।

### बंगाल उपचुनाव में रेजीनगर से ममता के प्रत्याशी फिर पलटे

**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा की 2 सीटों के उपचुनाव के पहले सियासी उथल-पुथल देखने को मिल रही है। रेजीनगर में टीएमसी उम्मीदवार रबीउल आलम चौधरी ने शनिवार सुबह 10 बजे चुनाव से हटने का ऐलान किया, लेकिन करीब 3 घंटे बाद ही दोपहर एक बजे यूटर्न ले लिया। रबीउल ने सुबह हटने का ऐलान करते वक्त पार्टी का पुराना चुनाव चिह्न जोड़ा घासफूल नहीं मिलने और नया चिह्न फुटबॉल प्लेयर मिलने को इसकी वजह बताया था। हालांकि, ममता बनर्जी से बातचीत के बाद रबीउल ने कहा, मैं चुनाव लड़ूंगा। इससे एक दिन पहले नंदीग्राम में भी ममता गुट की उम्मीदवार संचिता प्रधान डे ने नामांकन वापस ले लिया था।

### डोनाल्ड ट्रम्प ने 100 प्रतिशत टैरिफ वाला बिल साइन किया

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अब भारत पर 100% तक टैरिफ लगा सकते हैं। ट्रम्प ने इस बिल पर साइन कर दिया है और अब यह कानून बन चुका है। अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स ने बुधवार को रूस से ज्यादा तेल खरीदने वाले 5 देशों पर 100% तक टैरिफ लगाने वाला बिल पास किया था। पक्ष में 262 और विरोध में 159 वोट पड़े थे। सीनेट अगस्त में इसे 86-11 वोट से पास कर चुकी है। इसे आधिकारिक तौर पर लिंडसे ओ ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 नाम दिया गया है। रूस से ज्यादा कच्चा तेल खरीदने वाले 5 देशों की अमेरिकी लिस्ट में चीन, भारत, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान शामिल हैं। भारत अपनी जरूरत का 40% से ज्यादा क्रूड ऑयल रूस से खरीद रहा है।

ललित मोदी पर बनेगी बायोपिक

### रणवीर सिंह रोल निभाने में दिलचस्पी दिखा चुके



साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस करेंगे फिल्म

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के संस्थापक ललित मोदी की जिंदगी पर फिल्म बनने जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस बायोपिक को साजिद नाडियाडवाला अपने बैनर नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के तहत प्रोड्यूस करेंगे। फिल्म की स्क्रिप्ट लिखने का काम पूर्व टीवी एग्जीक्यूटिव और प्रोड्यूसर स्नेहा रजनी कर रही हैं। यह फिल्म ललित मोदी के शुरूआती जीवन, क्व्छ की शुरूआत, उनकी सफलता और बाद में जुड़े विवादों पर आधारित होगी। कुछ समय पहले रणवीर सिंह ने ललित का रोल निभाने में दिलचस्पी दिखाई थी। न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में ललित मोदी ने भी पुष्टि की थी कि रणवीर उनका रोल निभाना चाहते हैं। ललित करीब 16 साल से लंदन में रह रहे हैं। मेकर्स इस बायोपिक में ललित मोदी की सिर्फ हेडलाइंस और विवादों पर ध्यान देने के बजाय उनके निजी जीवन और करियर के अलग-अलग पहलुओं को दिखाना चाहते हैं। फिल्म की राइटिंग और डेवलपमेंट का काम अभी जारी है। एएनआई से बातचीत में ललित मोदी ने बताया था कि स्नेहा रजनी की अगुआई में एक टीम उनके दर्जनों इंटरव्यू ले चुकी है। इस बायोपिक को साजिद नाडियाडवाला अपने बैनर नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के तहत प्रोड्यूस करेंगे।

## नैनो न्यूज

- **पाकिस्तान** : पाक के खजाने में अचानक 3 अरब डॉलर बढ़े, विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड 26 अरब डॉलर पहुंचा, इसमें कमाई कम, कर्ज ज्यादा
- **वाशिंगटन डीसी**: ट्रम्प ने डेनमार्क से ग्रीनलैंड को लेकर डील की, आजादी के बाद भी अमेरिकी सेना वही रहेगी, 9 महीने पहले कब्जे की धमकी दी थी
- **रूस**: खतरे के बीच यूरोप की 10 साल की तैयारी, लाखों सैनिकों की ट्रेनिंग, हथियारों का जखीरा बढ़ा, युद्ध के लिए सिस्टम बदल रहा नाटो
- **नई दिल्ली** : पीएम मोदी ने 51 हजार नियुक्ति पत्र बांटे, बोले- देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, इसमें आप जैसे युवाओं की बड़ी भूमिका
- **नई दिल्ली** : दिल्ली एयरपोर्ट का तीसरा रनवे आज से शुरू होगा, 7 महीने से बंद था, रनवे पर शॉर्टकट टैक्सीवे, प्लेन लैंड होते ही जल्दी साइड हो जाएगा
- **नई दिल्ली** : पाकिस्तान के बाद बांग्लादेश में भी तुर्किये की ड्रोन यूनिट भारत की सुरक्षा को दोनों तरफ से चुनौती

प्रथम को अंतिम मानना यह तो उल्टी गिनती...

# महापौर शहर का प्रथम नागरिक, उसे अंतिम समझना बड़ी भूल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर की राजनीति में इन दिनों एक ऐसी तस्वीर दिखाई दे रही है, जिसे राजनीतिक हलकों में अलग-अलग नजरिए से देखा जा रहा है। जिस पद को नगर की लोकतांत्रिक व्यवस्था में शहर के प्रथम नागरिक का दर्जा हासिल है, उसी पद को यदि राजनीतिक गणित में पीछे धकेलने या महत्वहीन मानने की कोशिश होती है तो सवाल उठना स्वाभाविक है– क्या यह शहर की राजनीतिक परंपरा की उल्टी गिनती है?

महापौर केवल नगर निगम की बैठकों की अध्यक्षता करने वाला पद नहीं है। वह शहर की जनता द्वारा चुना गया प्रतिनिधि है और नगर की सार्वजनिक राजनीति में उसकी अपनी संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक भूमिका है। शहर की सड़क, सफाई, जलप्रदाय, प्रकाश व्यवस्था, विकास कार्य और नागरिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर महापौर का पद सीधे जनता से जुड़ता है।

ऐसे में महापौर को राजनीतिक समीकरणों में अंतिम मान लेना न तो पद की गरिमा के अनुरूप है और न ही उस जनादेश की भावना के अनुरूप, जिसके आधार पर वह पद अस्तित्व में आता है। राजनीति में पद की ताकत केवल कुर्सी से नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और संस्थागत जिम्मेदारी से तय होती है।

उज्जैन जैसे धार्मिक और ऐतिहासिक शहर में महापौर का पद और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। आने वाले वर्षों में शहर के सामने बड़े विकास कार्य, यातायात, स्वच्छता, जलप्रदाय, सड़क, अतिक्रमण, विरासत संरक्षण और सिंहस्थ जैसी बड़ी चुनौतियां हैं। ऐसे समय में नगर सरकार और महापौर की भूमिका को सीमित करने के बजाय उसे प्रभावी बनाना ही शहर के हित में होगा।

प्रथम नागरिक को अंतिम पायदान पर खड़ा करने की कोशिश आखिर किस दिशा का संकेत है? यह सवाल अब राजनीतिक गलियारों से निकलकर शहर की चर्चा का विषय बन सकता है। सत्ता और संगठन के अपने समीकरण हो सकते हैं, लेकिन जनता के बीच निर्वाचित पद की अपनी गरिमा होती है।

महापौर को कमजोर समझना या उसकी भूमिका को नजरअंदाज करना आसान हो सकता है, लेकिन लोकतंत्र में जनता के प्रतिनिधि को नजरअंदाज करना उतना आसान नहीं होता। प्रथम को अंतिम करने की यह कोशिश कहीं राजनीतिक उल्टी गिनती की शुरूआत तो नहीं–यह सवाल आने वाले दिनों में और तेज हो सकता है।



### कांग्रेस नेताओं ने दी सहानुभूति

#### सोमवार से धरने का ऐलान

महापौर मुकेश टटवाल को रथ से नीचे उतारे जाने के मामले को लेकर राजनीतिक विवाद गहराता नजर आ रहा है। कांग्रेस विधायक महेश परमार सहित कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने महापौर के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए घटना को लेकर विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि महापौर के साथ हुए कथित अपमानजनक व्यवहार के विरोध में सोमवार से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस मामले में अपना विरोध दर्ज कराते हुए संबंधित घटनाक्रम पर जवाबदेही तय किए जाने की मांग की है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि महापौर के सम्मान से जुड़े इस मामले को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से धरना देकर अपना विरोध दर्ज कराया जाएगा। मामले को लेकर राजनीतिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई है।

## महापौर पद, नगर एवं बैरवा समाज के सम्मान का सवाल है...

उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल को भाजपा में ही असमानता का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि उनके साथ यह पहली बार हुआ है। भाजपा सुप्रीमों के आने के दौरान उन्हें गाड़ी से उतारने के मामले के पूर्व स्थानीय स्तर पर भी उनके सम्मान को फुटबॉल बनाया गया है। असल में देखा जाए तो यह महापौर खुद का न सही पर नगर के मतदाता और बैरवा समाज का सम्मान कायम रखने में कामयाब नहीं रहे हैं। पूर्व में भी वे हर बार असम्मान का कड़वा घूंट पी गए, जबकि उन्हें इसके मुखलफत होना ही चाहिए था।

मायने मुकेश टटवाल के नहीं हैं यहां मायने उज्जैन के महापौर के हैं जिसे उज्जैन के मतदाताओं ने अपने मतों से नवाजते हुए इस पद पर बैठाया है उस बैरवा समाज के हैं जिन्होंने उन्हें अपने घर से समर्थन देकर नेता बनाया है। ये मामला भाजपा का पारिवारिक तब तक था जब तक की मुकेश टटवाल उनके उम्मीद्वार के रूप में थे। महापौर निर्वाचित हो जाने के बाद यह मामला पूरे उज्जैन के मतदाताओं का हो गया है। एक बार दो बार फिर बारबार की स्थिति में इस संवैधानिक पद का सम्मान कायम रखने के लिए धर्म नगरी के मतदाताओं को आखिर कर अपमान के अधर्म के विरूद्ध सुदर्शन धारण करना ही होगा अन्यथा यह अधर्म चरम पर पहुंचने की स्थिति दिखाई दे रही है।

पिछले 25 वर्षों से जो समाज नगर का प्रथम नागरिक दे रहा है उसे सिरे से अपमान की परिस्थिति से गुजरना पड़े और वो भी अक्सर ऐसे समय जब उसे अगेवान किया जाना चाहिए तो यह सहन शक्ति के बाहर की स्थिति होना ही है। इसे अगर लोकतंत्र एवं संवैधानिक स्थितियों में भी देखा जाए तो यह किसी भी मायने में ठीक नहीं कहा जा सकता है। समाज का धर्मनगरी के नगर की सियासत में बड़ा दखल है और कभी मिलों में श्रम के देने के मामले में भी खासी श्रम शक्ति इन्होंने दी है। मूल रूप से राजस्थान के सवाई माधौपुर के आसपास के क्षेत्र से संबंधित बैरवा समाज उज्जैन में रच बस और समाहित हो गया है। शहर में मतदाता संख्या में भी पहली पायदान पर ये ही आते हैं।

पूर्व में भी महापौर को सवारी के दौरान बाबा श्री महाकालेश्वर के मंदिर में जाने से रोका गया था जबकि इसी युवा महापौर ने धर्मनगरी के रहवासियों को संदेश दिया था कि हम हमारी पहचान जय श्री महाकाल के अभिवादन से बनाएं। इससे पहले किसी ने इस बात को कभी सार्वजनिक तौर पर नहीं कहा था। पूर्व में महापौर की भस्मार्ती अनुमति भी रोकी गई थी। जो कि आपत्तिजनक थी। जो कि उज्जैन के नागरिकों के सिरमौर का मंदिर में सीधे अपमान ही था। यहां तक की उज्जैन के मतदाताओं के सिरमौर महापौर का काल भी मंदिर के अधिकारी ने नहीं उठाया था लोकतंत्र की इससे ज्यादा मलीमत क्या होगी और मतदाताओं का इससे ज्यादा अपमान क्या होगा कि उन्होंने जिसे चयन किया है उसी को लोकतंत्र में सम्मान नहीं मिल रहा और तो और इससे यह भी साफ हो रहा है कि जब महापौर का काल रिसिव नहीं किया जा रहा है तो आमजन की तो बिसात ही नहीं है। इतने अपमानों की स्थिति के बाद भी भाजपा के नेताओं का बयान सामने आ रहा है कि ये परिवार का मामला है। तो उन्हें पहले लोकतंत्र के अध्ययन की आवश्यकता है।

निर्वाचन से पूर्व तक ये आपके और आपके दल के नेता थे। मतदाताओं के निर्वाचित किए जाने के बाद ये नगर के पहले हैं आपके और आपके दल के बाद में। अगर अध्ययन में समस्या हो तो उज्जैन आए अपने सुप्रीमों से ज्ञान की पाठशाला लें और सबक को ठीक से समझें। सोच बदलिए देश बदलेगा। हर बात में इंदौर का उदाहरण देने वालों को भी ये सबक लेना चाहिए कि अगर यही मामला इंदौर में होता तो वहां की जनता अपने महापौर के लिए कब का मैदान में उतर चुकी होती।

महापौर के साथ हुए घटनाक्रम से उज्जैन शर्मसार

## संस्कारों की मर्यादा है, कमजोरी तो नहीं

### वरिष्ठ नेता खूब समझ रहे शुभ-लाभ की राजनीति

पार्टी के संस्कार ही हैं कि वरिष्ठ नेता आज भी मर्यादा में बैठकर बहुत कुछ सहन कर रहे हैं। वरना शुभ-लाभ की राजनीति को समझने और उसका जवाब देने का हुनर उन्हें भी खूब आता है। इसी संदर्भ में महापौर के साथ हुई घटना को लेकर भी पार्टी के भीतर और बाहर चर्चाएं होना स्वाभाविक है। घटना के बाद सामने आए सवालों ने यह सोचने पर मजबूर किया है कि क्या राजनीतिक मतभेद और प्रशासनिक अथवा संगठनात्मक व्यवहार के बीच मयार्दा की रेखा कायम रह रही है? घटना को लेकर अलग-अलग पक्षों की अपनी बातें हो सकती हैं, लेकिन इतना जरूर है कि इसने राजनीतिक वातावरण में चर्चा को जन्म दिया है।

महापौर जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के साथ किसी भी घटनाक्रम को केवल व्यक्ति विशेष का मामला मानकर छोड़ देना पर्याप्त नहीं होता। उसके राजनीतिक और संगठनात्मक संदेश पर भी चर्चा होती है। यही वजह है कि वरिष्ठ नेताओं की चुप्पी को भी उसी व्यापक संदर्भ में देखा जा रहा है। सत्ता में बड़े पदों पर बैठे लोगों का जैसा व्यवहार सामने आ रहा है, उसका जवाब देना भी वरिष्ठ नेताओं को आता है और बोलना भी। जिन्होंने वर्षों तक विपक्ष को राजनीति के मैदान में धूल चटाई है, वे आज अचानक अपनी बात रखने में असमर्थ हो गए हों, ऐसा मान लेना शायद जल्दबाजी होगी।

लेकिन सवाल यह है कि वे चुप क्यों हैं? संभवतः वे पार्टी और अपने राजनीतिक परिवार को बिखरते हुए नहीं देखना चाहते। इसी वजह से अपमान का घूंट पीकर भी मर्यादा बनाए हुए हैं। उनकी चुप्पी को कमजोरी समझना सत्ता के लिए भारी भूल साबित हो सकती है। मोहन सरकार को जितना जल्दी इस संकेत को समझ लेना चाहिए, उतना ही बेहतर होगा। क्योंकि राजनीति में मौन हमेशा सहमति नहीं होता और मर्यादा हमेशा कमजोरी नहीं होती।

### संस्कारों की मर्यादा को कमजोरी न समझे सत्ता

वरिष्ठ नेताओं की खामोशी में बहुत कुछ छिपा है, अपमान का घूंट पीना उनकी मजबूरी नहीं, पार्टी को बचाने की कोशिश है। राजनीति में शब्दों का अपना महत्व होता है और मौन का भी। कई बार नेता बहुत कुछ कहना चाहते हुए भी इसलिए चुप रहते हैं, क्योंकि उन्हें अपने शब्दों से ज्यादा अपनी पार्टी, संगठन और राजनीतिक परिवार की चिंता होती है। आज पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं को लेकर भी यही सवाल उठ रहे हैं कि आखिर वे सब कुछ देखकर और सुनकर भी शांत क्यों हैं? क्या यह उनकी कमजोरी है? क्या उन्हें जवाब देना नहीं आता? क्या वे सत्ता में बैठे लोगों के व्यवहार का अर्थ नहीं समझते? ऐसा बिल्कुल नहीं है। यह संस्कार हैं, राजनीतिक मर्यादा है और पार्टी को टूटने से बचाने की कोशिश है। वरिष्ठ नेताओं ने राजनीति के कई दौर देखे हैं। सत्ता के उतार-चढ़ाव देखे हैं, संघर्ष देखा है और विपक्ष को राजनीतिक जवाब देने का लंबा अनुभव भी उनके पास है। इसलिए उनकी चुप्पी को असमर्थता समझना राजनीतिक भूल हो सकती है।

जिस पीढ़ी ने वर्षों तक संघर्ष करके संगठन को खड़ा किया, वह राजनीति की भाषा भी समझती है और उसके संकेत भी। उसे यह भी पता है कि सत्ता में बैठकर लिया गया हर निर्णय केवल वर्तमान को प्रभावित नहीं करता, उसका असर भविष्य की राजनीति पर भी पड़ता है।



आज सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या सत्ता में बैठे लोग वरिष्ठों की इस खामोशी को उनकी कमजोरी समझ रहे हैं? यदि ऐसा है तो यह गलतफहमी दूर करना जरूरी है। राजनीति में शुभ-लाभ का दौर आता-जाता रहता है। पद, प्रतिष्ठा और सत्ता स्थायी नहीं होते। स्थायी रहती है तो केवल राजनीतिक विश्वसनीयता और कार्यकर्ताओं के बीच बनी पकड़। इसलिए सत्ता के बड़े पदों पर बैठे लोगों को यह समझना होगा कि व्यवहार की एक सीमा होती है और मयार्दा की भी अपनी कीमत होती है। वरिष्ठ नेता चाहें तो बहुत कुछ कह सकते हैं। उनके पास कहने के लिए घटनाएं भी हैं, अनुभव भी हैं और जवाब देने की क्षमता भी। उन्होंने वर्षों तक विपक्ष की राजनीति का सामना किया है। राजनीतिक विरोधियों को जवाब दिए हैं और कठिन परिस्थितियों में संगठन को संभाला है। इसलिए यदि वे आज सार्वजनिक रूप से हर बात का जवाब नहीं दे रहे हैं तो इसका अर्थ यह नहीं कि उनके पास जवाब नहीं है। शायद वे जवाब इसलिए नहीं दे रहे क्योंकि उन्हें अपने परिवार को बिखरता हुआ नहीं देखना है।

राजनीतिक परिवारों में मतभेद होना नई बात नहीं है। लेकिन मतभेद जब सार्वजनिक टकराव में बदलने लगते हैं तो उसका नुकसान केवल व्यक्तियों का नहीं होता, बल्कि संगठन और कार्यकर्ताओं का भी होता है। यही कारण है कि अनुभवी नेता कई बार व्यक्तिगत पीड़ा और राजनीतिक असहमति को अपने भीतर रखते हैं और सार्वजनिक रूप से संयम बरतते हैं। लेकिन संयम की भी एक सीमा होती है। अपमान का घूंट बार-बार पीना किसी की कमजोरी नहीं हो सकता। यह त्याग भी हो सकता है और धैर्य भी। लेकिन धैर्य को हमेशा के लिए मौन मान लेना भी उचित नहीं है। मोहन सरकार को इस पूरे माहौल को गंभीरता से समझना चाहिए। सत्ता केवल प्रशासन चलाने का नाम नहीं है। सत्ता में व्यवहार, संवाद और समन्वय की भी उतनी ही भूमिका होती है। खासकर तब, जब बात अपने ही राजनीतिक परिवार के वरिष्ठ और अनुभवी लोगों की हो। आज जरूरत इस बात की है कि राजनीतिक संवाद बंद न हो। वरिष्ठों की बात सुनी जाए, कार्यकर्ताओं की बेचैनी समझी जाए और ऐसे हालात पैदा न हों जहां पार्टी के भीतर की नाराजगी सार्वजनिक चर्चा का विषय बन जाए। क्योंकि जिस पार्टी ने संघर्ष के दौर देखे हैं, उसके वरिष्ठ नेताओं को राजनीति का पाठ पढ़ाने की जरूरत नहीं है। वे जानते हैं कि कब बोलना है, कितना बोलना है और कब केवल इसलिए चुप रहना है कि घर की दीवारें बाहर से मजबूत दिखाई दें। लेकिन दीवारों के भीतर लगातार दरारें पड़ती रहें और उन्हें केवल रंग-रोगन से छिपाने की कोशिश की जाए तो एक दिन स्थिति संभालना कठिन हो सकती है। इसलिए सत्ता को वरिष्ठों की खामोशी को सहमति का प्रमाण नहीं, बल्कि एक संकेत के रूप में देखना चाहिए।

राहुल गांधी 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में बोले

## सिस्टम नहीं चाहता कि स्टूडेंट सवाल पूछें, इसलिए अंधभक्त पैदा करता है

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

राहुल गांधी इंदौर में 'छात्रों की गूंज' को संबोधित कर रहे हैं। राहुल सिस्टम बनाम स्टूडेंट्स विषय पर बात कर रहे हैं। कार्यक्रम के लिए आईडीए ग्राउंड पर 20 से 25 हजार युवा पहुंचे हैं। छात्रों से सवाल-जवाब के दौरान राहुल ने कहा- सिस्टम नहीं चाहता कि स्टूडेंट्स सवाल पूछें, इसलिए वह अंधभक्त पैदा करता है। उन्होंने कहा- छात्रों का सिस्टम से भरोसा उठ गया है, हालांकि कुछ जगह कैंडिडेट्स की भी गलती है। इस पर सामने बैठे छात्रों ने जवाब दिया- सर, हम सिस्टम से हार गए। राहुल इंदौर में पहला और देश में 5वां छात्रों की गूंज कार्यक्रम आयोजित कर रहे है। कांग्रेस ने कहा कि कार्यक्रम के लिए करीब 2 लाख रजिस्ट्रेशन हुए हैं। कार्यक्रम की अनुमति 31 शर्तों के साथ मिली है।

## पारिवारिक विवाद में युवक ने कर दी पत्नी और 3 बच्चों की हत्या

**दमोह।** प्रदेश के दमोह जिले के मगरोन थाना क्षेत्र के कबीरपुर गांव में शनिवार को एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या का मामला सामने आया है। घटना सुबह करीब 4 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक आरोपी द्वारका पटेल ने पत्नी खेमा बाई (27), बेटी उर्मिला (7), बेटे उमेश (4) और राजा (1) पर धारदार हथियार से हमला किया, जिसमें चारों की मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी भाग निकला। घटना की सूचना मिलते ही मगरोन थाना पुलिस और दमोह एसपी आनंद कलादगी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि परिवार में करीब छह महीने पहले भी विवाद हुआ था।

## महाराष्ट्र टीईटी का पेपर आगरा प्रिंटिंग प्रेस से लीक हुआ, 8 हजार रुपए में बेचा था

**ठाणे।** महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा के पेपर लीक मामले में नया खुलासा हुआ है। ठाणे पुलिस के मुताबिक, यह पेपर उत्तरप्रदेश के आगरा की प्रिंटिंग प्रेस से लीक हुआ था। पुलिस ने 3,500 पन्नों की चार्जशीट में बताया कि आरोपियों ने पेपर को जूते के सोल में छिपाकर प्रिंटिंग प्रेस से बाहर निकाला था। इसके लिए आरोपियों को 8 हजार दिए गए थे। साथ ही, उन्हें आगरा में जमीन के प्लॉट देने का वादा भी किया गया था।

नलखेड़ा में मां बगलामुखी मंदिर के दर्शन और हवन-पूजन कर लौट रहे

## ओडिसा के श्रद्धालुओं की कार नाले में बही, 8 की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नलखेड़ा

शुक्रवार रात आगर मालवा जिले के नलखेड़ा में एक हृदय विदारक सड़क हादसा सामने आया है। मां बगलामुखी मंदिर में दर्शन और हवन-पूजन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार उफनते बरसाती नाले में बह गई। इस भयानक हादसे में कार सवार सभी 8 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जिनमें तीन बच्चे, दो महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। इनमें 7 श्रद्धालु मूल रूप से ओडिशा के रहने वाले थे। कार का चालक आगर जिले के बडौद थाना क्षेत्र के ग्राम सुदवास का रहने वाला सामने आया है।

नलखेडा मां बगलामुखी माता मंदिर से कुछ सौ मीटर दूरी पर बरसाती नाला है। इस नाले पर पुलिया बनी है और रेलिंग भी लगी हुई है। नलखेडा में शुक्रवार रात जमकर बारिश हुई थी जो कि करीब 4 इंच होना सामने आया है। इस दौरान बरसाती नाला उफान पर आ गया था। इससे इस क्षेत्र की आवाजाही पूरी तरह से प्रभावित हो जाती है। एएसपी रविन्द्र बोयत के अनुसार हादसा रात 2 बजे तक होना सामने आ रहा है। अभी हादसे का चश्मदीद गवाह सामने नहीं आया है। हादसे की जानकारी शनिवार सुबह 10 बजे के लगभग नाले में पानी कम होने पर कार के दिखाई देने पर आया । हादसे में मरने वालों की पहचान उडीसा निवासी राधारानी पति दीपक कुमार 38 वर्ष 33 वर्ष निवासी खुरदा भूवनेश्वर, ज्ञानेन्द्र कुमार पिता गुननिधी वेहरा 41 वर्ष निवासी इच्छापुर कटक,रीता रानी पति ज्ञानेन्द्र 38 वर्ष, कृष्णा राजवीर पिता शिवप्रसाद वेहरा13 वर्ष, शिवप्रसाद पिता बनमाली वेहरा 40 वर्ष, साहिरा सोनपूर्वा पिता शिवप्रसाद 06 वर्ष, विसाई स्वस्तिक पिता ज्ञानेन्द्र 10 वर्ष एवं चालक अरूण पिता बद्रीलाल गोयल निवासी सुदवास,जिला आगर मालवा के रूप में हुई है। हादसे के कारणों की जांच जारी है।





## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## न्यूज कॉलम

### बीजेपी अध्यक्ष नवीन और सीएम यादव का कायस्थ समाज ने किया अभिनंदन

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रथम बार बाबा महाकाल की नगरी पहुंचे विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का कायस्थ समाज द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। सदावल स्थित हवाई पट्टी पर चित्रगुप्त मंदिर सार्वजनिक न्याय ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी मंगेश श्रीवास्तव ने समाज की ओर से नितिन नवीन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को मोतियों की माला और केसरिया दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। इस दौरान कायस्थ समाज द्वारा नितिन नवीन को भगवान चित्रगुप्त की तस्वीर भेंट की गई। मीडिया प्रभारी मंगेश श्रीवास्तव ने उन्हें भगवान चित्रगुप्त मंदिर के दर्शन करने का मौखिक आमंत्रण भी दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्लान श्रीवास्तव, शिव श्रीवास्तव, प्रियांशु श्रीवास्तव, उमेश श्रीवास्तव और पीसी श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## नैनो न्यूज

- नयापुरा में कल गूंजेंगे आदिनाथ प्रभु के जयकारे, चांदी की पालकी में निकलेगी भव्य रथयात्रा, आदेश्वर-चंद्रप्रभु चारथुई श्रीसंघ का आयोजन, चंद्रप्रभु मंदिर से सुबह 8 बजे निकलेगी यात्रा, होगा तपस्वियों का बहुमान
- कबीर साहेब पर टिप्पणी करने वाले मनु भैया का कड़ा विरोध, माफी न मांगने पर होगी कानूनी कार्रवाई, अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ की बैठक में उठी मांग, हिमाचल प्रदेश राज्य समिति का भी हुआ गठन
- महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंदजी गिरी महाराज ने 120 किलोवाट चार्जिंग मशीन का किया शुभारंभ, जुना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. अवधेशानंदजी गिरी महाराज दो दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उज्जैन पहुंचे।
- महाकाल की नगरी में पधारे भारत माता मंदिर के प्रमुख एवं जुना अखाड़ा के आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी डॉ अवधेशानंदजी गिरी महाराज का उज्जैन आगमन पर बोहरा समाज के हाजी मुल्ला कुतुब फातेमी, खोजेमा प्रेस वाला एवं मोइजदीन लड्डवाला ने पुष्प गुच्छ तथा शाल पहनाकर इस्तकबाल किया।
- मातृशक्ति को समाज से जोड़ने पांचाल समाज में युवा महिला मंच गठित, तुलसी पांचाल अध्यक्ष नियुक्त, विश्वकर्मा पूजन समारोह में महिला मंडल ने की घोषणा, साफा और दुपट्टा पहनाकर किया स्वागत, वरिष्ठ सदस्यों एवं पदाधिकारियों के सुझाव पर यह निर्णय लिया गया।
- तिलक मंदिर में गणेशोत्सव की धूम, भस्म रमैया भक्त मंडल ने दी निशुल्क प्रस्तुति, गुरुवार को महाआरती, आज सजेगी अंताक्षरी की महफिल, क्षीरसागर स्थित महाराष्ट्र समाज तिलक स्मृति मंदिर में गणेश उत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को उज्जैन पहुंचे। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शिप्रा तट रामघाट पर आयोजित 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हेलीकॉप्टर से सदावल स्थित नवनिर्मित हेलीपैड पर उतरे।
- कर्ज में डूबी सरकार ने लुटाया खजाना, दीपोत्सव बना हादसों का कारण, रवि राय का तीखा प्रहारः एक कर्मचारी की मौत और बटुक के झुलसने के लिए आयोजन को ठहराया जिम्मेदार
- वक्तृत्व क्षेत्र में 24 राज्यों के विद्यार्थियों के बीच उज्जैन के एकमात्र छात्र ने लहराया परचम, जयपुर में आयोजित भारतीय युवा संसद में माधव साइंस कॉलेज के छात्र राज भोगे ने वक्तृत्व के क्षेत्र में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया।
- लोकतंत्र संवाद परिचर्चा का आयोजन आज, ऑक्सफोर्ड परिवार उज्जैन द्वारा 19 सितंबर 2026 को विद्यालय परिसर में लोकतंत्र संवाद-जनप्रतिनिधियों के साथ विषय पर एक विशेष परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है।
- पीएम मोदी के जन्मदिन पर रोटरी क्लब ने लगाया रक्तदान शिविर, पुष्पा मिशन हॉस्पिटल में 30 से अधिक लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

## ट्रेंडिंग




# गणपति उत्सव की धूम, कई गणेश पंडालों पर रोज हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम

## बच्चों की पसंद अनुसार चाइनीस आइटम मोमोज मंचूरियन, नूडल्स, पिज्जा, पास्ता व पावभाजी का भी भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया जा रहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में धूमधाम से गणपति उत्सव मनाया जा रहा है। कई स्थानों पर गणेश जी की छोटी-बड़ी झांकिया लगाई जा रही है। कई गणेश पंडालों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और पूरे शहर में गणपति उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है।

**कंगालपुरा में विराजे भगवान गणेश जी के ऊपरी भाग में तिरुपति बालाजी भी विराजमान-** मालीपुरा क्षेत्र के कंगालपुरा में श्री कृष्णा युवा ग्रुप द्वारा 14 फीट ऊंची आकर्षक व सुंदर दिखने वाली गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि उन्होंने गणेश प्रतिमा महाराष्ट्र के भुसावल से मंगवाकर विराजित की है जिसकी कीमत 71 हजार रुपए हैं तथा यहां विराजमान भगवान गणेश की प्रतिमा के ऊपरी भाग में तिरुपति बालाजी भी विराजमान है और रोज सुबह शाम आरती कर भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया जा रहा है तथा आयोजकों ने आगे बताया कि आखिरी के चार-पांच दिनों में भगवान गणेश जी को अलग-अलग व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा साथ ही भगवान गणेश जी को जिस दिन जिस व्यंजन का भोग लगेगा उसकी माला बनाकर गणेश जी को वह माला भी पहनाई जाएगी तथा भोग लगाकर इन व्यंजनों को प्रसाद के रूप में सभी लोगों को वितरित किया जाएगा।

- **गजानंद ग्रुप के युवराज -** सांवेर रोड देशमुख हॉस्पिटल के समीप गजानंद ग्रुप मित्र मंडली द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी गणेश उत्सव पर भगवान गणेश की विशाल व सुंदर प्रतिमा विराजित की गई है। आयोजकों ने बताया कि क्षेत्र में इस बार भी गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है इस बार भी पांडाल सजाकर 33 हजार रुपए कीमत की साढ़े आठ फीट की आकर्षक गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है गणेश जी के समीप ही रिद्धि सिद्धि भी विराजमान है आयोजकों ने आगे बताया कि 23 सितंबर को गणेश पंडाल में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।
- **संतराम सिंधी कॉलोनी गली नंबर 5 में गणेश जी लालबाग के राजा के स्वरूप में-** संतराम सिंधी कॉलोनी गली नंबर 5 में पवार मित्र मंडली द्वारा राजस्थानी कलाकारों द्वारा बनाई गई गणेश जी की सुंदर व आकर्षक प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है आयोजकों ने बताया कि वह पिछले 10 वर्षों से क्षेत्र में गणेश जी की स्थापना कर गणेश उत्सव मनाते आ रहे हैं। इस बार भी उन्होंने 40 हजार रुपए कीमत की आकर्षक व सुंदर प्रतिमा विराजित की है और प्रतिदिन आरती के पश्चात गणेश पंडाल में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं आयोजकों ने आगे बताया कि यहां विराजित मूर्ति लाल बाग के राजा के स्वरूप में है तथा आने वाले दिनों में गणेश जी के पंडाल में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।
- **संतराम सिंधी कॉलोनी में विराजे बाल गणेश बने आकर्षण का केंद्र -** श्री उमापुत्र मित्र मंडल द्वारा संतराम सिंधी कॉलोनी में डेढ़ लाख रुपए कीमत की गणेश जी की विशाल व सुंदर व आकर्षक दिखने वाली गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। यहां विराजित भगवान गणेश बाल गणेश के स्वरूप में है और इस प्रतिमा की खास बात यह है कि भगवान गणेश एक पैर पर अपना संतुलन बनाकर खड़े हुए हैं। इसके साथ ही गणेश पंडाल को भी आकर्षक रूप से सजाया गया है तथा पंडाल को जंगल का लुक दिया गया है और पंडाल की विशेष साज सज्जा कर लाइटिंग की गई है। यहां विराजित गणेश प्रतिमा व पंडाल की सजावट लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है और बड़ी संख्या में सुबह शाम यहां गणेश पंडाल में बाल गणेश रूप में विराजे भगवान गणेश के दर्शन के लिए लोग पहुंच रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि वह पिछले 13 वर्षों से क्षेत्र में गणेश जी की स्थापना करते आ रहे हैं।



संतराम सिंधी कॉलोनी में पंवार मित्र मंडल



सांवेर रोड, गांधी नगर में मां वैष्णव गणेश मंडल



श्री उमा पुत्र मित्र मंडल के बाल गणेश



गढ़कालिका मंदिर के समीप गढ़ के युवराज की आकर्षक प्रतिमा



बहादुरगंज, खेड़ापति सरकार परिवार



सांवेर रोड पर गंजानंद ग्रुप के युवराज



भाट गली में जिद्दी ग्रुप के गणेश जी



नृसिंह घाट के समीप नरसिंह युवा मण्डल द्वारा स्थापित गणेश जी की प्रतिमा

### शास्त्री नगर में विराजे शास्त्री नगर के सम्राट

शास्त्री नगर में 1 लाख 25 हजार रुपए कीमत की 15 फीट ऊंची आकर्षक व सुंदर दिखने वाली गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है यहां विराजमान गणेश जी शास्त्री नगर के सम्राट के नाम से जाने जाते हैं आयोजकों ने बताया कि वह पिछले 17 वर्ष से शास्त्री नगर क्षेत्र में गणेश जी की स्थापना करते आ रहे हैं इस बार भी उन्होंने बुरहानपुर से भगवान गणेश जी की सुंदर व आकर्षक चार हाथ वाली गणेश जी की प्रतिमा मंगवाकर विराजित की है आयोजकों ने आगे बताया कि 19 सितंबर को महा आरती तथा 23 सितंबर को 56 भोग और 24 सितंबर को महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।



- **बहादुरगंज चौराहे पर विराजे खेड़ापति सरकार परिवार के गणेश जी-** बहादुरगंज चौराहे पर खेड़ापति सरकार परिवार द्वारा 1 लाख 50 हजार रुपए कीमत की 16 फीट ऊंची सुंदर व आकर्षक गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ बनाया गया है आयोजकों ने बताया कि यहां विराजित गणेश प्रतिमा उन्होंने बुरहानपुर के कलाकारों से बनवाई है तथा गणेश जी के 6 हाथ है आयोजकों ने आगे बताया कि आने वाले दिनों में गणेश पंडाल में कई तरह के धार्मिक आयोजन होंगे साथ ही इस बार नई जनरेशन की पसंद को देखते हुए भगवान गणेश को चाइनीस आइटम जैसे मोमोज, मंचूरियन का भोग लगाकर इन आइटम को प्रसाद के रूप में वितरित की जाएगी। इसके साथ ही आलू बड़े और खीर का भी भोग लगाकर इन्हें प्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा।
- **भाटगली में जिद्दी ग्रुप के गणेश जी राजसी स्वरूप में-** बहादुरगंज भाट गली चौराहे पर जिद्दी ग्रुप द्वारा 52 हजार रुपए कीमत की 12 फीट ऊंची सुंदर व आकर्षक दिखने वाली गणेश जी की प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ क्षेत्र में मनाया जा रहा है। यहां गणेश जी के पंडाल की विशेष सजावट की गई है। आयोजकों ने बताया कि आने वाले दिनों में भगवान गणेश जी को चाइनीस आइटम, मंचूराम, सहित पिज्जा पावभाजी का भोग लगाकर प्रसाद वितरित की जाएगी। इसके अलावा भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने आगे बताया यहां विराजित गणेश जी राजसी स्वरूप में है और यह प्रतिमा उन्होंने बुरहानपुर से मंगवाई है जो कि लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है और बड़ी संख्या में लोग गणेश जी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं आयोजकों ने बताया कि आने वाले दिनों में सांवरिया जी से सांवरिया सेठ की हूबहू प्रतिमा मंगवाकर गणेश पंडाल में झांकी सजाकर विराजित की जाएगी और सांवरिया जी व गणेश जी का मिलन करवाया जाएगा तथा जिसका श्रद्धालु भी दर्शन लाभ ले सकेंगे। इसके साथ ही गणेश जी के विसर्जन के लिए प्रसिद्ध गजनी खेड़ी के बैंड बुलवाए जाएंगे और अनन्त चतुर्दशी पर भव्य जुलूस निकालकर विसर्जन किया जाएगा।



कंगालपुरा में श्री कृष्णा युवा ग्रुप

# तेल बचाने की नसीहत, दीयों में तेल की बौछार!

## एक तरफ रसोई में बचत का संदेश, दूसरी तरफ लाखों दीपों में तेल और राजनीति का खेल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

एक तरफ आम आदमी को खाने के तेल में बचत करने की नसीहत दी जाती है। महंगाई के दौर में हर बूंद की कीमत समझाई जाती है। दूसरी तरफ धार्मिक आयोजन के नाम पर लाखों दीपक जलाकर उनमें बड़ी मात्रा में तेल खपाया जाता है। सवाल यह नहीं कि दीपक क्यों जलाए गए, सवाल यह है कि संदेश क्या दिया जा रहा है?

आस्था के दीप जलें, इस पर किसी को आपत्ति नहीं हो सकती, लेकिन जब दीपों की संख्या लाखों में पहुंच जाए और आयोजन के साथ राजनीतिक प्रदर्शन का रंग भी दिखाई देने लगे, तब सवाल उठना स्वाभाविक है। एक ओर तेल की बचत की अपील और दूसरी ओर हजारों-लाखों दीपों में तेल की खपत-यह विरोधाभास आम आदमी को जरूर चुभता है।



आस्था अपनी जगह है और राजनीति अपनी जगह, लेकिन दोनों के बीच जब संसाधनों का ऐसा प्रदर्शन दिखाई देता है तो आम आदमी सोचने को मजबूर होता है कि बचत की सीख सिर्फ रसोई के लिए है या व्यवस्था और आयोजनों पर भी लागू होती है?

दीपक रोशनी का प्रतीक है। जरूरत इस बात की है कि उसकी लौ केवल घाटों को ही नहीं, बल्कि सोच को भी रोशन करे। वरना एक तरफ बचत का संदेश और दूसरी तरफ तेल से जगमगाते लाखों दीप-यह कैसा संदेश और किसके लिए?

# दीपोत्सव के बाद महाकाल परिसर में सुबह से सफाई का दौर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दीपोत्सव के तहत बड़ी संख्या में दीप प्रज्वलित किए जाने के बाद सुबह होते ही श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर में सफाई का दौर शुरू हो गया। दीपों से निकली सामग्री, जले हुए दीपक, तेल से सने स्थान और अन्य अवशेषों को हटाने के लिए सफाईकर्मी जुटे रहे। श्रद्धालुओं की आवाजाही के बीच परिसर को व्यवस्थित और स्वच्छ रखने के लिए सुबह से ही कर्मचारी सफाई कार्य में लगे नजर आए। दीपोत्सव में आस्था और उत्साह के साथ बड़ी संख्या में दीप जलाए गए, लेकिन आयोजन समाप्त होने के बाद इन्हें समेटने और परिसर को पूर्व स्थिति में लाने की जिम्मेदारी भी सामने आई। मंदिर परिसर में सुबह से सफाईकर्मियों की गतिविधियां जारी रहीं।



# खेत पर गाय चरा रहे अधेड़ पर तेंदुए का हमला, गंभीर घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवास के नेवरी से लगे हुए हाटपिपल्या तहसील के ग्राम रोजड़ी में खेत पर गाय चरा रहे रहे 55 वर्षीय अजय पाल राजपूत पर अचानक तेंदुए ने हमला कर दिया। हमले में अजपल राजपूत गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उनके अनुसार तेंदुआ उनकी छाती पर बैठ गया था। आसपास के ग्रामीणों के आने एवं हल्ला होने से तेंदुआ उन्हें छोडकर जंगल की और भाग गया। घटना के बाद परिजन उन्हें घायल अवस्था में देवास जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया। घायल ग्रामीण को महात्मागांधी जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया है। चिकित्सकों के अनुसार घायल के शरीर पर 7-8 घाव हैं जो सामान्य हैं कोई गंभीर नहीं है चिंता की कोई बात नहीं है। मरीज की हालत पूरी तरह से ठीक है। वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी भूपेन्द्र सोलंकी के अनुसार वे भोपाल मिटिंग में थे और उन्हें रोजडी में तेंदुआ के ग्रामीण पर हमले की सूचना मिली थी। इस पर उन्होंने स्टाफ को तत्काल ही सूचना की तस्दीक करने एवं घायल ग्रामीण को उपचार के साथ राहत राशि देने के लिए भेजा था। बकौल श्री सोलंकी घायल ग्रामीण का खेत नेवरी वन विभाग बीट से लगा हुआ है। ग्रामीणों की सूचना पर पूर्व में भी यहां तेंदुआ आने पर ढोंडी पिटवाकर ग्रामीणों को सजग किया गया था। कुछ समय पूर्व पास से ही कुए में गिरे तेंदुआ को निकाला गया था।

# शिकायतों के बाद भी नहीं सुधरी व्यवस्था

## वृंदावन धाम कॉलोनी में कीचड़-गंदगी से रहवासी परेशान, नालियों से होकर शिप्रा में पहुंच रहा गंदा पानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वृंदावन धाम कॉलोनी में व्याप्त गंदगी और जल निकासी की समस्या को लेकर रहवासी लंबे समय से परेशान हैं। रहवासियों का कहना है कि समस्या को लेकर सीएम हेल्पलाइन से लेकर महापौर, कलेक्टर और वार्ड क्रमांक 48 के पार्षद तक कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ।

रहवासी ललित खत्री ने बताया कि कॉलोनी में खाली प्लॉटों और आसपास जमा गंदे पानी के कारण जगह-जगह कीचड़ और गंदगी फैल रही है। बारिश के बाद स्थिति और खराब हो जाती है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से गंदा पानी नालियों के माध्यम से आगे बढ़ रहा है।





उन्होंने बताया कि कॉलोनी के समीप ही शिप्रा नदी होने के कारण नालियों से बहकर निकलने वाला गंदा पानी नदी तक पहुंचने की आशंका बनी हुई है। ऐसे में एक ओर शहर में शिप्रा को स्वच्छ रखने के दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर रहवासी क्षेत्र का गंदा पानी नदी में पहुंचने की स्थिति चिंता का विषय है।

रहवासियों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से समस्या का स्थायी निराकरण नहीं किया गया। उनका सवाल है कि जब शिकायतें सीएम हेल्पलाइन से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंच चुकी हैं, तो आखिर कार्रवाई कब होगी?

**शिकायतें कई, समाधान एक भी नहीं-** वृंदावन धाम कॉलोनी के रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि मौके का निरीक्षण कर जल निकासी की स्थायी व्यवस्था की जाए, खाली प्लॉटों में जमा गंदगी और पानी की समस्या दूर कराई जाए तथा नालियों के गंदे पानी को शिप्रा नदी में जाने से रोका जाए।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | रविवार 20 सितंबर, 2026 | www.awantika.com 

## न्यूज ब्रीफ

### इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता में हुनर दिखाने का युवाओं को अवसर

**इंदौर।** युवाओं में कौशल विकास को प्रोत्साहित करने और उनके हुनर को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2028 के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को विभिन्न कौशल क्षेत्रों में अपनी दक्षता प्रदर्शित करने तथा आगे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की कौशल प्रतियोगिताओं में अवसर प्राप्त करने का मंच मिलेगा। प्रतियोगिता में विद्युतकार, वेल्डिंग, वाहन तकनीक, वेब तकनीक, व्यवसाय के लिए सूचना प्रौद्योगिकी सॉफ्टवेयर समाधान, ग्राफिक डिजाइन तकनीक, परिधान तकनीक, सौंदर्य चिकित्सा, पाक कला, बेकरी, नलसाजी एवं ताप व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रशीतन एवं वातानुकूलन, यांत्रिक अभियांत्रिकी अभिकल्प तथा मेकाट्रॉनिक्स सहित विभिन्न कौशल क्षेत्रों में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा।

### 30 एमएसएमई उद्यमियों का प्रतिनिधिमंडल बेंगलुरु रवाना

**इंदौर।** मध्यप्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा  योजना के अंतर्गत प्रदेश के चयनित 30 एमएसएमई उद्यमियों का प्रतिनिधिमंडल एक्सपोजर विजिट के लिए बेंगलुरु रवाना हुआ। प्रतिनिधिमंडल 21 सितम्बर 2026 तक गायत्री विहार, पैलेस ग्राउंड्स, बेंगलुरु में आयोजित में जीटीई में सहभागिता करेगा। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल के उद्यमियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उद्यमियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विभागीय अधिकारियों के साथ उन्हें एक्सपोजर विजिट के लिए रवाना किया। इस एक्सपोजर विजिट में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित एमएसएमई उद्यमी शामिल हो रहे हैं। इनमें इंदौर से 15, भोपाल से 5, धार से 2, सिवनी से 2, देवास से 2 तथा हरदा, नर्मदापुरम, खरगोन और ग्वालियर से एक-एक प्रतिनिधि शामिल हैं।

### एमपी ट्रांसको के सब स्टेशन का किया निरीक्षण

**इंदौर।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा सचिव विशेष गढ़पाले ने नरसिंहपुर जिले के 132/33 केवी एमपी ट्रांसको सब स्टेशन, बरमान का निरीक्षण किया। उन्होंने सब स्टेशन की विद्युत व्यवस्था, उपलब्ध क्षमता, उपकरणों के रखरखाव तथा आगामी रबी सीजन को देखते हुए लोड प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की।  निरीक्षण के दौरान श्री गढ़पाले ने सब स्टेशन में स्थापित पावर ट्रांसफार्मरों सहित विभिन्न विद्युत उपकरणों का अवलोकन किया और उनके रखरखाव एवं मेंटेनेंस की स्थिति की जानकारी ली।

### मुख्यमंत्री स्कूटी योजना से विद्यार्थियों को मिली सौगात



**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को प्रदेश के 7,400 मेधावी विद्यार्थियों को बड़ी सौगात देते हुए मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के अंतर्गत स्कूटी का ऑनलाइन वितरण किया। शासकीय हायर सेकंडरी स्कूलों में कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इन विद्यार्थियों को दी गई स्कूटी से उनकी उच्च शिक्षा की राह आसान होगी। साथ ही, कॉलेज आने-जाने में भी विद्यार्थियों को सुविधा मिलेगी। इंदौर जिले में 147 मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी का लाभ मिला। स्कूटी वितरण का जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक श्री महेंद्र हार्डिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री स्कूटी योजना का उद्देश्य शासकीय विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए प्रोत्साहित करना तथा उच्च शिक्षा के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी का कक्षा 12वीं की परीक्षा में प्रथम प्रयास में न्यूनतम 70 प्रतिशत अंक के साथ अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करना आवश्यक है।

## नैनो न्यूज

- **देवास : डकैती का माल बरामद-** देवास पुलिस ने कंटेनर डकैती के मामले में कुछ ही घंटों में कार्रवाई कर करीब 50 लाख रुपए का माल बरामद किया।
- **आगर : नलखेड़ा में दर्दनाक हादसा-** नलखेड़ा में बगलामुखी मंदिर के पास बरसाती नाले में कार बहने से आठ श्रद्धालुओं की मौत हुई।
- **शाजापुर : पटवारी बना एसआई टॉपर-** शाजापुर के संजय परमार ने पटवारी की नौकरी के साथ तैयारी करते हुए एमपी एसआई परीक्षा में टॉप कर उपलब्धि हासिल की।
- **सुसनेर : उपचुनाव को लेकर तैयारी-** सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष के चुनाव को छोड़कर प्रदेश के अन्य नगरीय निकाय उपचुनाव स्थगित किए गए हैं।
- **रतलाम : भारी बारिश का अलर्ट-** रतलाम में मौसम विभाग ने बारिश की चेतावनी जारी की है। जिले में मानसूनी गतिविधियां सक्रिय रहने की संभावना जताई गई।
- **मंदसौर : बांध के गेट खोले-** मंदसौर में तेज बारिश के बाद काका गाडगिल सागर के चार गेट खोले गए। जलस्तर और आसपास के क्षेत्रों पर निगरानी बढ़ाई गई।

भूजल का उपयोग करने वाले संस्थानों और परियोजनाओं के लिए निर्धारित नियमों का पालन करना आवश्यक

# बोरिंग के जरिए ज्यादा पानी निकालने वालों पर अब रहेगी नजर

### अस्पताल, होटल, मॉल, उद्योग, पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर यूनिट के नियमों को लेकर हुई चर्चा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर में लगातार बढ़ते भूजल दोहन के बीच अब इसके उपयोग को लेकर नियमों के पालन पर जोर दिया जा रहा है। शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में केंद्रीय भूजल प्राधिकरण (सीजीडबल्यूए) की जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यशाला हुई। इसमें भूजल नियमन, संरक्षण, एनओसी प्रक्रिया, दंडात्मक प्रावधान और ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी अधिकारियों और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हितधारकों को दी गई।

केंद्रीय भूजल बोर्ड, उत्तर मध्य क्षेत्र भोपाल के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला रीजनल डायरेक्टर अशोक कुमार बिसवाल के मार्गदर्शन में हुई। सीजीडबल्यूए की वैज्ञानिक पैसनी पटेल ने भूजल विकास एवं प्रबंधन के नियमन से जुड़े प्रावधानों को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि भूजल का उपयोग करने वाले संस्थानों और परियोजनाओं के लिए निर्धारित नियमों का पालन करना और आवश्यक अनुमति लेना जरूरी है। कार्यशाला में केंद्रीय भूजल बोर्ड की वैज्ञानिक अंजलि कुशवाहा और पार्थ सारथी तथा जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय तिवारी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में भू-नीर पोर्टल के माध्यम से भूजल से संबंधित आवेदन, एनओसी प्राप्त करने, अनुमति और अन्य ऑनलाइन प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को आवेदन की प्रक्रिया और आवश्यक अनुमतियों की जानकारी दी गई। नियमों के उल्लंघन पर लागू दंडात्मक प्रावधानों से भी अवगत कराया गया।

#### होटल-मॉल से उद्योग तक पर नजर



कार्यशाला में उन संस्थानों पर विशेष फोकस रहा, जहां बड़े स्तर पर भूजल का उपयोग होता है। अस्पताल, होटल, मॉल, उद्योग, पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर यूनिट, टैंकर संचालन, बोरिंग तथा बड़े आवासीय और व्यावसायिक प्रोजेक्ट से जुड़े नियमों पर चर्चा हुई।

नगर निगम, आर्किटेक्ट, इंजीनियर, पर्यावरणविद्, क्रेडाई सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। अधिकारियों ने कहा कि भूजल सीमित प्राकृतिक संसाधन है। बढ़ते दबाव को देखते हुए इसके अनियंत्रित दोहन को रोकना जरूरी है।

### सभी बैंक समय-सीमा में अपने लक्ष्य की पूर्ति करें

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को जिला स्तरीय बैंकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने बैंकों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु प्रजापति, जिला अग्रणी बैंक मैनेजर श्री आशीष कटियार एवं विभिन्न बैंकों के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने वित्तीय लक्ष्य समय-सीमा में पूर्ण करें। नागरिकों की वित्तीय साक्षरता के लिए शिविर आयोजित किए जाएं। किसानों की फसलों का बीमा किया जाए। बैंको में लंबित प्रकरणो का निराकरण समय सीमा में करे। स्वयं सहायता समूहों के लिए पात्र महिलाओं से अनावश्यक दस्तावेज नहीं मांगे जाएं। बैठक में जो अधिकारी अनुपस्थित रहे, उन्हें शोकॉज नोटिस जारी किए जाएं। बैठक में प्रधानमंत्री जन-धन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पेंशन योजना आदि विषयों पर चर्चा हुई।

मध्य प्रदेश में किसान कल्याण योजनाओं की जमीनी हकीकत

# सागर जिला सबसे फिसड्डी, विदिशा अव्वल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

मध्य प्रदेश में वर्ष 2026 को 'किसान कृषि कल्याण वर्ष' घोषित किया गया है, लेकिन सरकारी दावों की हकीकत 'मुख्यमंत्री किसान कल्याण डैशबोर्ड' की अगस्त 2026 रिपोर्ट ने खोल दी है। इस रैंकिंग में सागर जिला 55वें स्थान पर यानी सबसे फिसड्डी साबित हुआ है, जबकि विदिशा ने पहला स्थान हासिल किया है।

मध्य प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 को 'किसान कृषि कल्याण वर्ष' के रूप में घोषित किया है और किसानों की आमदनी बढ़ाने व उनकी तकदीर बदलने के लिए भारी-भरकम बजट झोंकने के दावे किए जा रहे हैं। लेकिन, नवभारत टाइम्स डिजिटल के हाथ लगी एक ताजा और सनसनीखेज रिपोर्ट ने इन सारे दावों की पोल खोल दी है। 'मुख्यमंत्री किसान कल्याण डैशबोर्ड' की अगस्त 2026 की हालिया रैंकिंग के मुताबिक, कागजी दावों और मैदानी अमले की सुस्ती के चलते कई जिलों में किसानों की योजनाओं का हाल बेहाल है, जिसमें सागर जिला सबसे निचले पायदान पर पहुंच गया है।

राज्य के कुल 55 जिलों की इस बहुचर्चित रैंकिंग में सागर जिला 26.06 के सबसे कम स्कोर के साथ 55वें यानी सबसे अंतिम पायदान पर है। प्रशासनिक उदासीनता का आलम यह है कि केवल सागर ही नहीं, बल्कि बालाघाट, जबलपुर, गुना और रतलाम जैसे जिले भी बेहद फिसड्डी साबित हुए हैं, जहां कृषि कल्याण से जुड़ी योजनाओं का जमीनी क्रियान्वयन नगण्य नजर आ रहा है। संभागवार बात करें तो इस पूरी रैंकिंग में जबलपुर संभाग का प्रदर्शन सबसे निराशाजनक रहा है, जो कृषि विभागों की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है।

#### मुख्यमंत्री  दिखा सकते हैं सख्त रुख

कृषि विभाग के  सूत्रों के अनुसार, डैशबोर्ड रैंकिंग में फिसड्डी और लापरवाह साबित होने वाले जिलों के प्रशासनिक मुखिया यानी कलेक्टर्स के खिलाफ मुख्यमंत्री  कड़ा रुख अपनाने पर विचार कर रहे हैं। आने वाले दिनों में खराब प्रदर्शन वाले जिलों के कलेक्टरों को फील्ड से हटाया भी जा सकता है।

#### विदिशा ने मारी बाजी, सतना और सीहोर ने पेश की मिसाल

एक तरफ जहां अधिकांश जिलों में सुस्ती और उदासीनता का माहौल है, वहीं कुछ गिने-चुने जिलों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उम्मीद की किरण भी जगाई है। विदिशा जिले ने 42.95 अंकों के साथ पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता के कुशल निर्देशन और प्रशासनिक कसावट के चलते जिले ने यह बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इसके अलावा, सतना जिला दूसरे और सीहोर जिला तीसरे स्थान पर काबिज रहकर किसानों के कल्याण में बेहतर काम करने की बेहतरीन मिसाल पेश कर रहे हैं।

## सड़क पर बोरिंग कर छोड़ा गड्ढा, दो दिन से मोहल्ला बेहाल

### गंदगी, मच्छर और बदबू से रहवासी परेशान, वार्ड 44 की व्यवस्था पर सवाल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

वार्ड नंबर 44 की राजस्व कॉलोनी में रघुकुल अपार्टमेंट के पास सड़क पर ही बोरिंग का काम कर दिया गया, लेकिन काम के बाद सड़क की स्थिति को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी जैसे किसी को याद ही नहीं रही। पिछले दो दिनों से सड़क और आसपास का क्षेत्र गंदगी से घिरा हुआ है। पानी और कीचड़ के कारण जगह-जगह गंदगी जमा है, जिससे मच्छरों का प्रकोप और बदबू ने रहवासियों की परेशानी बढ़ा दी है।

पत्रकार राजेश सिंह पांडला का कहना है कि सड़क सार्वजनिक आवागमन के लिए है, बावजूद इसके यहां बोरिंग कर सड़क को अस्त-व्यस्त छोड़ दिया गया। न तो गंदगी की सफाई कराई गई और न ही सड़क को तत्काल व्यवस्थित करने की पहल दिखाई दे रही है। हालत यह है कि आसपास रहने वाले लोगों के साथ राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर में स्वच्छता को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन वार्ड 44 की राजस्व कॉलोनी की यह तस्वीर उन दावों की हकीकत सामने ला रही है। रहवासियों का सवाल है कि सड़क पर बोरिंग की अनुमति किस आधार पर दी गई और काम पूरा होने के बाद सड़क की सफाई एवं मरम्मत की जिम्मेदारी किसकी है?

## स्वर्ग के अमृत से बढ़कर है श्रीमद् भागवत कथा का अमृत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड**

पोरवाल समाज द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन की कथा में पंडित सुनिल कृष्ण व्यास ने कहा स्वर्ग के अमृत से भी अगर बढ़कर कोई वस्तु है तो, इस धरा धाम में कथा रूपी अमृत है कलयुग का प्राणी स्वर्ग जाना चाहता है, पर स्वर्ग के देवता कथा को सुनने के लिए इस धरती पर आने के लिये तरसते हैं।

हम बड़े भाग्यशाली हैं कि हमें भगवान की कथा का अमृत मिला है जो भगवान की कथा को सुनता है उसको भग वान के घर का पता चल जाता है भगवान की कथा जीवन की व्यथा को दूर करती है।आपने आज की कथा में महाभारत की कथाओं के द्वारा भगवान पर भरोसा रखने की बात को समझाया द्रौपदी ने भगवान पर भरोसा रखा तो भरी सभा में भगवान का साड़ी अवतार हो गया माला फेरने से भगवान बाद में मिले लेकिन भगवान पर भरोसा रखने से भगवान तुरंत प्राप्त होते हैं ।

आज की कथा में राजा परीक्षित के श्राप की कथा को समझाते हुए गंगा के किनारे शुक्रताल में सतगुरु भगवान सुखदेव के आगमन की कथा का सार समझाया। संदीप व्यास, गुरु चरण सिंह चौहान, ग्राम पंचायत सरपंच  ऋतु पाटीदार,एवं गोपाल बैरागी ने व्यास का आशीर्वाद प्राप्त किया कथा एवं आरती के यजमान कांतिलाल पोरवाल एवं पल्लव पोरवाल व परिजन रहे

उज्जैन में पाषाण पर उकेरी आस्था...आज भी गा रही कृष्णवंश के वैभव की गाथा

# विष्णु चतुष्टिका में संरक्षित 11वीं शताब्दी की अद्भुत मूर्ति

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन की मिट्टी में श्री कृष्ण की कथा केवल सांदीपनि आश्रम तक सीमित नहीं है। हजारों वर्षों से चली आ रही कृष्ण-स्मृति यहां के मंदिर, तीर्थ और पुरातात्त्विक अवशेषों में अलग-अलग रूपों में दिखाई देती है।

कृष्ण कुल परंपरा का एक ऐसा ही अद्भुत अध्याय गढ़कालिका मंदिर के समीप स्थित श्री विष्णु चतुष्टिका में एक पाषाण पर उकेरा गया है। 11 वीं शताब्दी की इस मूर्ति में कृष्णवंश के चार प्रमुख पुरुषों के दर्शन एक ही शिलाखंड पर होते हैं। बलुआ पत्थर से निर्मित इस मूर्ति की खासियत यह है कि इसके अंगों या अस्त्रों, शस्त्रों को थपथपाने पर अलग-अलग प्रकार की मधुर ध्वनि निकलती है। मध्य प्रदेश पुरातत्व विभाग के शोध अधिकारी डा. ध्रुवेंद्र जोधा ने बताया विष्णु चतुष्टिका की मूर्ति शिल्प शास्त्र की दृष्टि से अत्यंत दुर्लभ व महत्वपूर्ण है। 15 सेंटी मीटर चौड़ी तथा 96 सेंटी मीटर ऊंची पद्मासन मूर्ति में भगवान श्रीकृष्ण को विष्णु रूप में प्रदर्शित किया गया है। शेष तीन मूर्तियां कृष्ण वंश के प्रमुख पुरुषों की है। चारों मूर्तियां किरीट मुकुट, श्रीवत्स, कर्ण कुण्डल, कटख, बलय, यज्ञोपवीत आदि से सुसज्जित हैं। खास बात यह है कि मूर्तिकार की कल्पना ने पत्थर को ऐसा रूप दिया कि उसका गुण धर्म ही बदल गया, जो पत्थर सदियों से मौन था वह छूते ही बोलने लगता है, अर्थात मूर्ति से मधुर ध्वनि निकलने लगती है।



#### 12 तालों में संरक्षित हैं मूर्ति

प्राचीन उज्जैन के गढ़ कालिका क्षेत्र में स्थित विष्णु चतुष्टिका की मूर्ति मध्य प्रदेश पुरातत्व विभाग की भूमि पर एक आयातकार कक्ष में संरक्षित है। इस कक्ष के पारदर्शी चार द्वार हैं। भक्त कक्ष की परिक्रमा करते हुए चार द्वार से मूर्ति की चारों मुखाकृति के दर्शन करते हैं। कोई भी व्यक्ति इस दुर्लभ प्रतिमा का स्पर्श अथवा नुकसान पहुंचाने की चेष्टा ना कर सके, इसलिए चार द्वार पर 10 से 12 ताले लगाए गए हैं। कक्षा की सुरक्षा के लिए चौबीस घंटे सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं।

इंदौर में अहिल्या पथ के विरोध में किसानों का प्रदर्शन जारी

# जमीन की बिक्री पर लगी रोक हटाने की मांग

### किसान बोले- जरूरत पड़ने पर आंदोलन के अगले चरण की घोषणा भी की जाएगी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

अहिल्या पथ योजना से प्रभावित किसानों का इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) कार्यालय के सामने चल रहा अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। मांगों पर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए किसानों ने सड़क पर अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार और आइडीए के खिलाफ नारेबाजी कर आक्रोश जताया।

भारतीय किसान एवं मजदूर सेना और अहिल्या पथ योजना संघर्ष समिति के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान धरना स्थल पर डटे हुए हैं। किसानों की मांग है कि अहिल्या पथ योजना को तत्काल निरस्त किया जाए। साथ ही योजना से प्रभावित गांवों की जमीनों पर लगी रोक और अन्य पाबंदियां हटाने के लिए शासन स्पष्ट नोटिफिकेशन जारी करे। किसान नेताओं ने कहा कि वे कई दिनों से शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रख रहे हैं, लेकिन समाधान नहीं होने के कारण आंदोलन के इस चरण की शुरूआत करनी पड़ी। उनका कहना है कि जमीन से जुड़ी पाबंदियों को लेकर सरकार को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए,

#### तेज होगा आंदोलन



किसानों ने चेतावनी दी कि यदि अहिल्या पथ योजना निरस्त करने और प्रभावित जमीनों से रोक हटाने का निर्णय जल्द नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर आंदोलन के अगले चरण की घोषणा भी की जाएगी। भारतीय किसान एवं मजदूर सेना के प्रदेश अध्यक्ष बबलू जाधव ने कहा कि सरकार किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल निर्णय करे। उन्होंने कहा कि जब तक अहिल्या पथ योजना रद्द नहीं होती, किसान आंदोलन जारी रखेंगे।

## भोपाल गैस त्रासदी मामले में डाउ केमिकल के अधिकार क्षेत्र पर बहस जारी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

दिसंबर 1984 की यूनियन कार्बाइड गैस त्रासदी से जुड़े आपराधिक मामले में गुरुवार को भोपाल जिला न्यायालय में सुनवाई हुई। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी हेमलता अहिरवार की अदालत में मुख्य मुद्दा यह रहा कि अमेरिका की डाउ केमिकल कंपनी पर भारतीय अदालतों का अधिकार क्षेत्र लागू होता है या नहीं। डाउ केमिकल को यूनियन कार्बाइड कारपोरेशन की उत्तराधिकारी कंपनी माना जाता है। पिछली सुनवाई में सीबीआई ने अधिकार क्षेत्र के मुद्दे पर अपनी दलीलें पूरी कर दी थीं। जांच एजेंसी ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 177 का हवाला देते हुए कहा था कि अपराध जहां हुआ है, मुकदमे की सुनवाई वहीं होनी चाहिए। इसके अलावा डाउ को गृह मंत्रालय और अमेरिकी न्याय विभाग के माध्यम से समन पहुंचाए जाने की बात भी रखी गई थी।

## न्यूज कालम





## महाराष्ट्र समाज की तीन दिवसीय गौरी गणपति उत्सव सम्पन्न

**मंडलेश्वर।** महाराष्ट्र की पारंपरिक धार्मिक संस्कृति से जुड़ा गौरी गणपति उत्सव इस वर्ष मंडलेश्वर में भी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। महाराष्ट्र से आकर पिछले कुछ वर्षों से मंडलेश्वर में लक्ष्मीनारायण कालोनी में निवास कर रहे राजेंद्र जाधव उनकी पत्नी पूनम जाधव, बेटे आनंद और निशांत जाधव परिवार द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ तीन दिवसीय गौरी गणपति उत्सव मनाया गया।गौरी गणपति उत्सव को लेकर परिवार में विशेष तैयारियां की जाती हैं। मान्यता के अनुसार गौरी को माता लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगल की कामना के लिए गौरी की पूजा-अर्चना की जाती है। इस दौरान परिवार के सदस्य, रिश्तेदार और पड़ोसियों को दर्शन के लिए आमंत्रित किया जाता है।वर्ष 2026 में गौरी गणपति उत्सव का आवाहन 17 सितंबर, गौरी पूजन 18 सितंबर और गौरी विसर्जन 19 सितंबर को हुआ। पहले दिन देवी गौरी का घर में विधि-विधान से स्वागत एवं स्थापना की जाएगी। घर के मुख्य द्वार पर रंगोली बनाई जाएगी तथा शुभ प्रतीक के रूप में गौरी के पदचिह्न बनाए जाएंगे। इसके बाद देवी की पूजा-अर्चना कर परिवार के मंगल की कामना की जाएगी।अगले दिन गौरी पूजन का मुख्य आयोजन होता है। इस दिन महिलाओं द्वारा विशेष पूजा की जाती है।

## जन विश्वास अभियान शिविर में हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ वितरित




**महेश्वर।** नगर महेश्वर में मध्यप्रदेश शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से खंड स्तरीय जन विश्वास अभियान 2026 शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे महेश्वर विधानसभा के सनातनी विधायक राजकुमार मेव शामिल हुए।इस दौरान विधायक राजकुमार मेव ने उपस्थित लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ एवं अनुदान का वितरण किया गया। साथ ही युवा स्वावलंबी उद्यमियों से संवाद कर उनके कार्यों और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की गई।विधायक राजकुमार मेव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्यप्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाकर उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।कार्यक्रम में खरगोन कलेक्टर गुरु प्रसाद, जिला पुलिस अधीक्षक रविंद्र वर्मा, भाजपा जिला महामंत्री हरे सिंह चावड़ा, भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल, डॉ. देवेंद्र पाटीदार सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी गण एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

## संकल्प समाधान के तहत चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई



**टाण्डा।** शासकीय सांदीपनि स्कूल टाण्डा में शनिवार को संकल्प समाधान योजना के अंतर्गत चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में छात्र-छात्राओ ने भाग लिया। आगामी 22 सितंबर को यह प्रतियोगिता संकुल स्तर पर होगी। साथ ही 24 सितंबर को विकासखण्ड स्तर पर आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता आयोजिन के दौरान बाग बीईओ डी. एस. बघेल, प्राचार्य दिनेश करोलिया,भाजपा मंडल महामंत्री जड़ावसिंह मंडलोई,युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष सुंदर चौहान, इंगेश मेहता, ठाकुर देसाई एवं शिक्षक बालकिशन अलोने उपस्थित थे।

## हरित धरती अभियान के तहत शासकीय स्कूल परिसर में रोपे पौधे

**सनावद।** हरित धरती अभियान के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल बड़ूद में लायंस क्लब सनावद स्नेह द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एलसीआईएफ डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अनिता भागचंद जैन के नेतृत्व में सदस्यों ने गुलमोहर, अमलतास, आंवला और नीम के पौधे रोपे। कार्यक्रम में ला. हेमंत दातार, ला. आरती पाटील, प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा सहित शिक्षिका शिवानी मौर्य, शारदा राठौर, सुलोचना मंसारे, बिंदु चौधरी, लेख पटेल, समरीन चौहान, बीएस बर्डे, जनशिक्षक सावन राठौर और सुरेश खन्ना ने सहभागिता की। क्लब अध्यक्ष भागचंद जैन के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण अभियान लगातार जारी है।



## आलीराजपुर विधानसभा के तीन गांवों में 26.38 लाख रुपये के विद्युत ट्रांसफार्मरों का लोकार्पण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

आलीराजपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में विद्युत व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में आज तीन नवीन विद्युत ट्रांसफार्मरों का उद्घाटन किया गया। इन तीनों ट्रांसफार्मरों की कुल लागत 26 लाख 38 हजार रुपये है। ट्रांसफार्मरों के शुरू होने से संबंधित फलियों के ग्रामीणों को बेहतर एवं सुचारू विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत– ग्राम अकोला, तालाब फलिया में 9 लाख 45 हजार रुपये की लागत से विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। ग्राम बोकडिया, पटेल फलिया में 10 लाख 33 हजार रुपये की लागत से विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। ग्राम मोरधी, गुलबेरिया फलिया में 6 लाख 60 हजार रुपये की लागत से विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। भाजपा सरकार आदिवासी समाज के हितों के लिए प्रतिबद्ध : दिलीप चौहान



इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि दिलीप चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आदिवासी समाज के हितों और क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आलीराजपुर विधानसभा के विधायक नागर सिंह चौहान भी लगातार क्षेत्र के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। सड़क, बिजली, पानी सहित मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नए ट्रांसफार्मरों की स्थापना भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

दिलीप चौहान ने कहा कि सरकार और जनप्रतिनिधियों का उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले प्रत्येक परिवार को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों और विकास की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचे।

कार्यक्रम में कठीवाड़ा जनपद अध्यक्ष भदु भाई, विधायक प्रतिनिधि रोशन पचाया, जिला पंचायत सदस्य अमनसिंह, आगलगोटा सरपंच हरीश, अंबारी सरपंच देवा, प्रकाश भाई, गुलाब भाई, धीनडा भाई, धनसिंह भाई, रंगला भाई, गणेश भाई, रमेश भाई, जुवानसिंह भाई, मुकाम भाई, मोरधी सरपंच प्रताप भाई दिलीप वास्कले,ईडा भाई,जगु डुडवे, मुकाम भाई, तेरसिंह भाई,मेहताब भाई,नानसिंह भाई,पेरू भाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने नवीन विद्युत ट्रांसफार्मरों के लोकार्पण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था में सुधार होगा तथा ग्रामीणों को दैनिक एवं कृषि कार्यों में सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों ने क्षेत्र में विद्युत सुविधा के विस्तार के लिए जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभाग का आभार व्यक्त किया।

## नगर में गणेश उत्सव की धूम, प्रतिदिन हो रहे आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ टांडा (धार)

नगर में इन दिनों गणेश उत्सव की धूम देखने को मिल रही है। विभिन्न सार्वजनिक स्थानों और मोहल्लों में भगवान गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना कर श्रद्धालुओं द्वारा उत्साह और भक्तिभाव के साथ गणेशोत्सव मनाया जा रहा है। गणेश पंडालों में प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रमों के साथ ही बच्चों और युवाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इससे नगर का माहौल भक्तिमय होने के साथ ही उत्सवी रंग में रंगा नजर आ रहा है। नगर में पंचायत प्रांगण, सदर बाजार, सिर्वी गली, नरसिंह मंदिर, अंबेडकर कॉलोनी सहित कई स्थानों पर भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। शाम के समय आरती और दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंडालों में पहुंच रहे हैं।गणेश उत्सव ओमकारा ग्रुप के तत्वावधान में पंचायत प्रांगण में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस



वर्ष ग्रुप द्वारा यहां 16 फीट ऊंची आकर्षक गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रतिदिन भगवान गणेश को महाप्रसादी का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। शाम के समय बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान गणेश के दर्शन और आरती में शामिल होने के लिए पंचायत परिसर पहुंच रहे हैं। गणेश पंडाल एवं पूरे परिसर को आकर्षक विद्युत साज-सज्जा से सजाया गया है। गणेश उत्सव के अंतर्गत ओमकारा ग्रुप द्वारा अखंड रामचरित मानस पाठ, सुंदरकांड, कालका-भैरूजी की नृत्य प्रस्तुति का आयोजन किया जा रहा है।

## भाजपा किसान मोर्चा की कार्यकारिणी की बैठक में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

बिजेपी कार्यालय खरगोन में किसान मोर्चे की बैठक रखी गयी बैठक में नवनिर्वाचित संगठन के सभी पदाधिकारियों का फुल माला एवं डुपट्टे से स्वागत किया गया।

किसान मोर्चे की बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष, नंदा ब्राम्हणे, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं इन्दोर संभाग प्रभारी किसान मोर्चा के नारायण पटेल,एवं प्रदेश मंत्री राजीव पटेल,किसान मोर्चे के सोशल मिडिया सह, प्रभारी कृष्णपाल सिंह भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष नारायण पाटिदार भाजपा किसान मोर्चा






जिला महामंत्री कृष्णकांत यादव एवं सभी सभी भाजपा किसान मोर्चा के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारि सामिल हुए।

नारायण पटेल किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी ने कहा की भाजपा सरकार हमारी जैसे लाडली बहना, किसान सम्मान निधी आयुष्मान कार्ड एवं बहुत सारी योजनाएं जेसे जन्म से लेकर बुढ़ापे तक की योजनाएं भाजपा सरकार लायी है। भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष नारायण पाटिदार ने कहा की नवनियुक्त पदाधिकारि किसानो से जुडे विभिन्न मुद्दों पर सक्रियता से काम करेंगे गठन का मुख्य उद्देश्य किसानो के हितों की रक्षा करना उनकी समस्याओं को उजागर करना और सरकारी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाना। यहि हमारा उद्देश्य रहेगा।

## मेरे सपनों का भारत प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ महेश्वर

शासकीय सांदीपनि विद्यालय, महेश्वर में सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत च्मेरे सपनों का भारतज विषय पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महेश्वर विधानसभा के सनातनी विधायक राजकुमार मेव शामिल हुए और विद्यार्थियों की प्रतिभा को देखकर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने चित्रों और भाषण के माध्यम से अपने सपनों के भारत की कल्पना प्रस्तुत की। बच्चों ने सशक्त भारत, स्वच्छ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकसित



भारत सहित विभिन्न विषयों को अपनी रचनाओं में दशार्या। विद्यार्थियों की रचनात्मकता और उत्साह ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर विधायक राजकुमार मेव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के सपने ही विकसित भारत की मजबूत नींव हैं। विद्यार्थियों के मन में देश के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी और आगे बढ़ने का संकल्प होना जरूरी है।

## पुष्पदंत नाथ का मोक्ष कल्याणक मनाया

**सनावद।** पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व के चौथे दिन दिगंबर जैन समाज ने उत्तम शौच धर्म की आराधना की। इसी अवसर पर नौवें तीर्थंकर भगवान पुष्पदंत नाथ का मोक्ष कल्याणक भी श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया गया। आचार्य श्री शांति सागर वर्धमान देशना संत निलय, बड़ा मंदिर में परम पूज्य पट्टाचार्य आचार्य श्री १०८ विशुद्ध सागर जी महाराज के संघस्थ बाल ब्रह्मचारी संजय भैया जी के सान्निध्य में पंचामृत अभिषेक, शांतिधारा एवं संगीतमय पूजन हुआ। इसके बाद धर्मसभा में संजय भैया जी ने उत्तम शौच धर्म की व्याख्या करते हुए कहा कि संतोष और निर्लोभता से आत्मा की शुद्धि होती है।

## राधा महिला मंडल में हर्षोल्लास से मनाया राधाष्टमी उत्सव

**सनावद/बेड़िया।** राधाष्टमी के पावन अवसर पर राधा महिला मंडल बेड़िया द्वारा राधाजी का जन्मोत्सव श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राधाजी का आकर्षक श्रृंगार किया और सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन और धार्मिक गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया। राधा-कृष्ण के जयकारों के बीच आरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर सीमा दुबे, ज्योति पटवालिया, रीना पाटलिया, वितरण सेन, हेमलता पटेल, ज्योति मालाकार, रानु मालाकार, छाया, रंजना एवं रामसखी सहित महिला मंडल की सदस्याएं मौजूद रहीं। आयोजन का समापन आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।



## नगर में गणेश उत्सव की धूम, पंडालों में विराजे गणपति

**मंडलेश्वर।** नगर में इन दिनों गणेश उत्सव को लेकर धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है। नगर के विभिन्न मोहल्लों और प्रमुख स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा आकर्षक पंडाल सजाकर भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। सुबह-शाम पंडालों में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान गणेश की पूजा-अर्चना और आरती की जा रही है।नगर में घंटाघर चौक, पाटीदार मोहल्ला, तेली चौक, केवट मोहल्ला, प्रजापत मोहल्ला, परदेसीपुरा, मेन बाजार, नवलपुर सहित करीब 15 से 18 स्थानों पर गणेश प्रतिमाएं पंडालों में विराजित की गई हैं। प्रतिदिन शाम को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंडालों में पहुंचकर भगवान गणेश की आरती में शामिल हो रहे हैं।गणेश उत्सव के दौरान रात्रि में विभिन्न पंडालों में सनातन संस्कृति और धार्मिक कथाओं से जुड़ी आकर्षक झांकियां भी प्रस्तुत की जा रही हैं। इन झांकियों को देखने के लिए नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। गणेश चतुर्थी के पांचवें दिन प्रजापत मोहल्ले में भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता पर आधारित सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई।

## आदिम जाति सेवा सहकारी समिति टांडा की वार्षिक आमसभा सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ टांडा (धार)

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति टांडा की वार्षिक आमसभा सोसायटी परिसर में आयोजित की गई। आमसभा में बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान, समिति के सदस्य एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में धार-महू सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस दौरान किसानों से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों, संस्था के कार्यों तथा आगामी कार्ययोजना को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम में किसानों ने भी संस्था की व्यवस्थाओं एवं कृषि संबंधी विषयों को लेकर अपनी बात रखी। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं मां सरस्वती के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात संस्था प्रबंधक शांतिलाल चौयल ने समिति का वार्षिक आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने संस्था की कार्यप्रणाली, उद्देश्यों तथा किसानों के हित में संचालित योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही समिति द्वारा किसानों को उपलब्ध कराई जा रही है।

## विकास कार्यों को समयबद्ध गति देने विधायक अर्चना चिटनिस ने ली समीक्षा बैठक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

शहर में चल रहे विकास कार्यों को गति देने और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय के उद्देश्य से विधायक अर्चना चिटनिस ने नगर निगम कार्यालय में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली।बैठक में महापौर माधुरी पटेल, नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव सहित लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, जल निगम, विद्युत विभाग एवं पंचायत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं भोपाल एवं इंदौर में पदस्थ संबंधित अधिकारियों को वर्चुअली जोड़ा गया।



बैठक में 12 महत्वपूर्ण विकास एवं जनसुविधा के बिंदुओं पर चर्चा हुई। अर्चना चिटनिस ने प्रत्येक कार्य की वर्तमान स्थिति, आगामी कार्ययोजना और समय-सीमा की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कहा कि स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। अमृत 2.0 सीवर योजना में गति के निर्देश अमृत 2.0 के तहत सीवर लाइन बिछाने के कार्यों की समीक्षा करते हुए शेष कार्यों में तेजी लाने को कहा। निर्देश दिए कि कार्य के दौरान नागरिकों को कम से कम असुविधा हो और कार्य पूर्ण होने पर सड़कों की व्यवस्थित बहाली सुनिश्चित की जाए।

मरीचिका उद्यान, जल योजना और स्विमिंग पूल मरीचिका उद्यान के सौंदर्यीकरण, जल प्रदाय योजना के शेष कार्यों, बंद पड़े तरणताल को पुनः शुरू करने और स्ट्रीट लाइट के लिए केबल डालने के कार्य की भी समीक्षा की गई। नए फायर स्टेशन के प्रस्ताव पर भी प्रगति की जानकारी ली। प्रमुख सड़कों के कार्य - शनवारा से लालबाग, सिंधीबस्ती से टेक्समो होते हुए लोनी तक और शनवारा से गणपति थाना तक सड़क निर्माण में आ रही अड़चनों को आपसी समन्वय से दूर करने के निर्देश दिए।

## गणेश स्थापना पर 56 भोग लगाया

**बड़वानी।** राजकुमार खंडेलवाल स्मृति हायर सेकंडरी स्कूल, बड़वानी में भगवान श्री गणेश की स्थापना के 34वें वर्ष के उपलक्ष्य में गणेशोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में राधाष्टमी के पावन पर्व पर भगवान श्री गणेश को छप्पन भोग अर्पित कर भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। राधाष्टमी के अवसर पर विद्यालय परिसर में भगवान श्री गणेश के समक्ष विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यंजनों एवं मिष्ठानों से छप्पन भोग सजाया गया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के पश्चात महाआरती की गई। आरती के दौरान विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।

## राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत साथिया समागम कार्यक्रम संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर-किशोरियों तक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी व्यवहार परिवर्तन और सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन द्वारा शनिवार को जिला पंचायत के सभा कक्षा में साथिया सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री ऐश्वर्य वर्मा ने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक व मानसिक परिवर्तनों के संबंध में साथिया के माध्यम से किशोर किशोरियों को शिक्षा देने के लिए कहा। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओ पी जुगतावत , जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ रश्मि कौशल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री शैलेंद्र सिंह सोलंकी मौजूद थे। एसोसिएशन के संस्था प्रमुख श्री मुकेश सिन्हा ने कार्यक्रम में पियर एजुकेटर मॉडल के अंतर्गत सभी साथिया व नोडल शिक्षकों की भूमिका और जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा कर जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह साथिया किशोर-किशोरियों के बीच स्वास्थ्य, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य और जीवन कौशल से जुड़ी जानकारियां साझा करेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरों में स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देना और उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना है, ताकि वे स्वयं जागरूक होने के साथ-साथ समुदाय में भी स्वास्थ्य संदेश पहुंचा सकें।

## भगवान पुष्पदंत का मनाया मोक्ष कल्याणक,चढ़ाया निर्वाण लाडू

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

दिगंबर जैन समाज के चल रहे पर्व राज पर्यूषण पर आज प्रातः भगवान के अभिषेक, शांतिधारा, नित्य नियम, सोलह कारण, तीर्थंकर भगवान, दस लक्षण धर्म विधान, पुष्पदंत नाथ भगवान की पूजन आरती हुई ,साथ ही आज भादौ शुक्ल अष्टमी को जैन धर्म के नौवें तीर्थंकर भगवान पुष्पदंत नाथ जी का मोक्ष कल्याणक था तो निर्वाण काण्ड का वाचन कर निर्वाण लाडू भी चढ़ाया गया पुष्पदंत भगवान ने सम्मेद शिखर जी के सुप्रभ कूट से योग निरोध करके कई कोड़ा कौड़ी मुनियों संग मोक्ष प्राप्त किया था। आज पर्यूषण का चौथा दिन उत्तम शौच धर्म का होता है पर बड़वानी में विराजित आर्यिका सुप्रज्ञ मति माताजी ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जीवन में क्रोध,मान,माया,लोभ भरा हुआ है आपने अपने अंदर से क्रोध को निकाल दिया तो आपने उत्तम क्षमा धर्म को पा लिया आपने अपना मान नष्ट कर दिया तो आपने उत्तम मार्दव धर्म को पा लिया आपने मायाचारी को त्याग दिया तो आपने आरजव धर्म को पा लिया और आपने लोभ का परित्याग कर दिया तो आपने उत्तम शौच धर्म को पा लिया इनको चारों को क्रम से रख कर हम संख्या देखे तो 1,2,3,4 हैं और इनको मिला कर देखे तो 1234 होता है और 1234 वाट का झटका हमे देता है आपने क्रोध छोड़ दिया तो सीधे 1000 वाट आपको कम लगेगा,आपने मान को समाप्त कर दिया तो सीधे 200 वाट कुल 1200 वॉट का करंट कम लगेगा और आपने मायाचारी को छोड़ दिया तो सीधे ३० वाट और कम हो जाएंगे तथा अपने लोभ को भी छोड़ दिया है।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

W/623/5/3/NIT दिनांक: 18.09.2026

**ई-टेंडरिंग नोटिस**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्यलेखा / शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए "खुली निविदा ई-निविदा के माध्यम से वेब-साईट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है:

**क्र. सं.: 1. ई-टेंडरिंग: RTM-2026-27-96. कार्य का नाम:** Piplod Yard: Providing out foot over bridge at (KM 501/21-23). **अनुमानित लागत:** रु 1,98,31,628.68. **बयाना राशी:** रु 3,96,600/-. **कार्य की समापन अवधि:** 12 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि:** 18.09.2026. **निविदा खुलने की तिथि:** 12.10.2026.

**क्र. सं.: 2. ई-टेंडरिंग: RTM-2026-27-100. कार्य का नाम:** Godhara - Nagda - Through rail renewal(P) - 34.87 Tkm. **अनुमानित लागत:** रु 4,20,24,410.89. **बयाना राशी:** रु 8,40,500/-. **कार्य की समापन अवधि:** 18 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि:** 16.09.2026. **निविदा खुलने की तिथि:** 08.10.2026.

**क्र. सं.: 3. ई-टेंडरिंग: RTM-2026-27-101. कार्य का नाम:** Godhra - Nagda Section - Through Sleeper Renewal(P) - 21.454 Tkm. **अनुमानित लागत:** रु 6,47,73,364.74. **बयाना राशी:** रु 12,95,500/-. **कार्य की समापन अवधि:** 18 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि:** 16.09.2026. **निविदा खुलने की तिथि:** 08.10.2026.

**क्र. सं.: 4. ई-टेंडरिंग: RTM-2026-27-102. कार्य का नाम:** Godhra - Nagda - Improvement and widening of cess with earth work - 37.500 Tkm. **अनुमानित लागत:** रु 6,14,86,276.70. **बयाना राशी:** रु 12,29,700/-. **कार्य की समापन अवधि:** 18 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि:** 16.09.2026. **निविदा खुलने की तिथि:** 08.10.2026.

विस्तृत निविदा सूचना अर्हता शर्ते एवं अन्य शर्ते वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

SPAN/5/1/260

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly

# प्राणायाम का उद्देश्य



वेदों में यह प्रश्न पूछा गया है, कस्मिन्नु भगवो विज्ञाते सर्वमिदं विज्ञातं भवति? अर्थात ऐसी कौन सी वस्तु है, जिसका ज्ञान होने पर सब कुछ ज्ञात हो जाता है? इस प्रकार, हमारे जितने शास्त्र, जितने दर्शन हैं, सब के सब उसी के निर्णय में लगे हुए हैं, जिनके जानने से सब कुछ जाना जा सकता है।

यदि कोई व्यक्ति जगत का तत्व थोड़ा-थोड़ा करके जानना चाहे, तो उसे अनंत समय लग जाएगा; क्योंकि फिर तो उसे बालू के एक-एक कण को भी अलग-अलग रूप से जानना होगा। स्पष्ट है कि इस प्रकार सब कुछ जानना एक प्रकार से असंभव है। तब फिर ऐसे ज्ञान लाभ की संभावना कहां है? एक-एक विषय को अलग-अलग रूप से जानकर मनुष्य के लिए सर्वज्ञ होने की संभावना कहां है? योगी कहते हैं, इन सब विशिष्ट अभिव्यक्तियों के पीछे एक सामान्य अमूर्त तत्व है। उसको पकड़ सकने या जान लेने पर सब कुछ जाना जा सकता है।

इसी प्रकार, वेदों में संपूर्ण जगत को उस एक अखंड निरपेक्ष सत्स्वरूप में सामान्यीकृत किया गया है। जिन्होंने इस सत्स्वरूप को पकड़ा है, उन्होंने संपूर्ण विश्व को समझ लिया है। इस प्रणाली से ही समस्त शक्तियों को इस प्राण में सामान्यीकृत किया गया है। अतएव जिन्होंने प्राण को पकड़ा है, उन्होंने संसार में जितनी शारीरिक या मानसिक शक्तियां हैं, सबको पकड़ लिया है। जिन्होंने प्राण को जीता है, उन्होंने अपने मन को ही नहीं, वरन सबके मन को जीत लिया है। जिन्होंने प्राण को जीत लिया है, उन्होंने अपनी देह और दूसरी जितनी देह हैं, सबको अपने अधीन कर लिया है, क्योंकि प्राण ही सारी शक्तियों की सामान्यीकृत अभिव्यक्ति है।



सम्पादकीय

## तृणमूल की पहेली

देश की एक कद्दावर क्षत्रप ममता बनर्जी द्वारा गठित पार्टी तृणमूल कांग्रेस के वर्तमान और भविष्य पर बड़े प्रश्नचिह्न लग गए हैं। तृणमूल कांग्रेस और उसके चुनाव चिह्न के इस्तेमाल पर एक तरह से रोक लग गई है। चुनाव आयोग ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट को ममता अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस नाम और फुटबॉल खिलाड़ी चुनाव चिह्न आवंटित किया है। दूसरी ओर, ममता बनर्जी से अलग हुए ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट को डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस नाम और लिफाफा चुनाव चिह्न दिया गया है। पश्चिम बंगाल में 6 अक्तूबर को उप-चुनाव हो रहे हैं और तृणमूल के दोनों ही गुट आमने-सामने खड़े होकर ताकत आजमाने को तैयार हैं। चुनाव आयोग के फैसले से पश्चिम बंगाल की राजनीति बहुत गरमा गई है। पार्टी के असली नाम और चुनाव चिह्न पर दोनों ही गुट दावा कर रहे थे। ऐसे में, चुनाव आयोग ने यह तात्कालिक फैसला लिया है। निस्संदेह, ममता बनर्जी को अपनी पार्टी बचाने के लिए हर मुमकिन प्रयास करने चाहिए थे।

एक चुनाव हारते ही तृणमूल कांग्रेस में हुआ बंटवारा अध्ययन की मांग करता है। इतना तो कहना ही चाहिए, अगर ममता बनर्जी की अपनी पार्टी पर मजबूत पकड़ होती, तो उन्हें ये दिन नहीं देखने पड़ते। चुनाव हारने से पहले तृणमूल में जिस तरह की भाषा और भाव सब देख रहे थे, उससे अंदाजा लग रहा था कि पार्टी के अंदर सब कुछ ठीक नहीं है। कई बार जरूरत से ज्यादा आक्रामकता किसी व्यक्ति या दल को अंदर से कमजोर कर देती है। अक्सर यह भी देखा जाता है कि कमजोर लोग अपने बचाव में ज्यादा आक्रामक हो जाते हैं। तृणमूल कांग्रेस के साथ जो हुआ है, वह अन्य पार्टियों के लिए सबक है। ममता बनर्जी अब भाजपा पर पार्टी चोरी का आरोप लगा रही हैं, लेकिन क्या वह पार्टी की चोरी को रोकने के लिए पर्याप्त सतर्क या आक्रामक थीं? यह उनकी अपनी बनाई पार्टी थी, तो उन्हें ज्यादा सक्रियता का परिचय देना चाहिए था। तृणमूल की टूट का एक कारण चुनावी हार और उस हार को स्वीकार न करना भी है। अब आगे उप-चुनाव में तृणमूल का कोई भी धड़ा जीते, उनके बीच तनाव बढ़ना तय है। लोकतंत्र में कोई भी राजनीतिक दल संख्या बल पर ही टिक पाता है। दुर्भाग्य से, ममता बनर्जी के साथ संख्या बल नहीं है, ज्यादातर विधायक, सांसद उन्हें छोड़कर जा चुके हैं। अब अगर उन्हें अपने खून-पसीने से बनाई पार्टी को बचाना है, तो फिर किसी तरह संख्या बल जुटाना पड़ेगा। अच्छा तो यह होता कि तृणमूल के विभाजन पर चुनाव आयोग जल्दी कोई फैसला लेता, ताकि दल के नए नाम या नए चुनाव चिह्न की नौबत नहीं आती।

**परम वंदनीय स्नेहशलिला वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के 100वें प्राकट्य दिवस 20 सितंबर पर विशेष**

# 21वीं सदी नारी सदी की उद्घोषिका माता भगवती देवी शर्मा



अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक संरक्षक ऋषियुग्म परम पूज्य गुरुदेव वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीया स्नेहशलिला माता भगवती देवी शर्मा सदा से दो शरीर एक प्राण बनकर रहे हैं। उन्हें भगवान शिव के अर्धनारीश्वर स्वरूप के रूप में देखा जाता रहा है ।परम पूज्य गुरुदेव सदा कहते रहे हैं कि हमारी शक्ति वंदनीया माताजी ही हैं।

आश्विन कृष्ण चतुर्थी 20 सितंबर 1926 को बौहरे परिवार में शुभ संकेत के साथ बेटी ने जन्म लिया। पिता श्री जसवंत बौहरे को पूर्व आभासों में देवी दर्शन और आगमन के संकेतों के कारण उसका नाम भगवती रखा गया प्यार से उन्हें लाली कहा जाने लगा। बचपन से ही दिव्य विलक्षण क्षमता के अनेक उदाहरण देखने को मिले - शिव भक्ति में लीनरहना, शिव को ही अपना साथी बताना आदि। अपनी भाभी की मित्र बन कर रहना एवं उन्हें समय-समय पर विलक्षण अनुभव बताना लाली की दिनचर्या बन गई थी।

सन 1944 में परम पूज्य गुरुदेव के साथ परिणय सूत्र में बँधने के बाद माता भगवती देवी ने उनके सारे काम अपने हाथ में ले लिए और अखंड दीप का संरक्षण भी उनके हाथ में आ गया। अगले कुछ ही वर्षों में परम पूज्य गुरुदेव ने गायत्री तपोभूमि मथुरा के निर्माण का संकल्प लिया तो अपना सारा स्त्री धन (जेवर आदि) उसके निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। घिया मंडी मथुरा स्थित अखंड ज्योति संस्थान में परिजनों का नियमित आना होने लगा था तब उनके भोजन की व्यवस्था स्वयं माताजी करती थीं। कोई कितने भी समय आए उसे भोजन की पूछना संकोच कर रहे परिजन के मन की बात जान लेना और उन्हें स्नेहपूर्वक भोजन कराना माताजी का स्वभाव बन गया था।

पुत्री वर्तमान में गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार की अधिष्ठात्री शैल दीदी का विवाह जून 1970 में करने के तुरंत बाद गुरुदेव के साथ 24 देव कन्याओं को लेकर शांतिकुंज आश्रम में आ गईं। यहां पर देव कन्याओं के साथ 24 महापुरुश्चरण संपन्न कर गायत्री तीर्थ स्थान को जागृत करने हेतु माताजी ने महत्वपूर्ण साधनात्मक अभियान चलाया।

यहां पर सीमित संसाधनों की उपलब्धता के बाद भी सभी आगंतुकों की आवास एवं भोजन की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के कारण माताजी का अन्नपूर्णा स्वरूप प्रकट दिखाई देने लगा। परम पूज्य गुरुदेव के साथ पत्राचार और हिमालय प्रवास के दौरान अखंड ज्योति का संपादन अपने अपने हाथ में लिया। यहां ध्यान देने योग्य बात है कि परम वंदनीया माताजी की स्कूली शिक्षा के कोई प्रमाण नहीं मिलते हैं फिर भी इतनी विशिष्ट अखंड ज्योति पत्रिका का सफल संपादन तथा परिजनों के पत्रों का स्नेहपूर्वक उत्तर देना, उनकी समस्याओं का समाधान पत्र के उत्तरों में करना माता जी की विलक्षण क्षमता के उदाहरण हैं। परम पूज्य गुरुदेव द्वारा शांतिकुंज के परिजनों के साधनात्मक विकास के लिए कभी-कभी कठोर निर्णय लिए जाते थे जिससे बालरूप परिजन असहजता महसूस करते देखे गए ,तब वंदनीया माताजी ने उनमें परिवर्तन का निर्णय लेते हुए कहा कि कह देना माताजी ने कह दिया है अब ऐसा ही होगा । इस बात पर परिजनों की सहूलियत के लिए बड़े महत्वपूर्ण निर्णय किये दिए इससे उनके स्नेहसलिला स्वरूप का प्रकटीकारण होता रहा। माताजी में विलक्षण गायन वादन क्षमता थी। आपने अनेक गीत गए और रिकॉर्डिंग कराई। गीतों के बारे में वंदनीया माताजी का स्वयं कहना है कि परम पूज्य गुरुदेव की लेखनी और हमारे गए गीत आगामी दिनों में परिजनों का मार्गदर्शन करेंगे। परम पूज्य गुरुदेव की हिमालय यात्राओं एवं सूक्ष्मीकरण साधना के दौरान परम वंदनीया माताजी सभी आगंतुक विशिष्ट अभ्यगतों के साथ भेंट एवं परामर्श का क्रम स्वयं करती रहीं। आगंतुक, सभी सामान्य-विशेष लोग शांतिकुंज और गायत्री परिवार के प्रकल्पों की पूरी-पूरी प्रशंसा करके गए और सदा के लिए गायत्री परिवार के होकर रहे।

सन 1982 में माताजी ने एक भविष्यवाणी के तौर पर 21वीं सदी नारी सदी का उद्घोष किया। आपने बताया कि नारियों को सोने और चांदी दोनों तरह की बेड़ियो से मुक्त करने का समय आ गया है अर्थात चांदी की बेड़ी सामाजिक प्रतिबंध और सोने की बेड़ियां अर्थात स्वयं द्वारा अपनाये जा रहे प्रतिगामी रीति रिवाजों, दोनों तरह के बंधनों से मुक्त होकर नारियां पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ेंगी ऐसा निश्चित है। उसे समय यह हास्यास्पद लगता था लेकिन आज यह चरितार्थ हो रहा है गायत्री जयंती 2 जून 1990 को परम पूज्य गुरुदेव के महाप्रयाण के बाद एक शून्य की स्थिति बनने वाली-सी लग रही थी तब परम माताजी ने अपना शोक छोड़कर परिजनों में स्नेह ,दुलार और ममत्व का भाव फैलाया, स्वयं दुख की घड़ी में परिजनों में साहस बँधाया और मिशन की गतिविधियां के पूर्ण रूप से यथावत संचालन का क्रम बनाया। इस समय माता जी के ओजस्वी दुर्गा स्वरूप के दर्शन हुए। परम पूज्य गुरुदेव में स्वयं कहा था कि हमारे बाद मिशन का संचालन माताजी करेंगी और इसमें 100 गुनी प्रगति होगी।

गुरुदेव के महाप्रयाण के कुछ ही दिन बाद माताजी ने एक घोषणा की की परम पूज्य गुरुदेव की स्मृति में एक विश्व स्तरीय श्रद्धांजलि समारोह किया जाएगा इसके लिए शरद पूर्णिमा अक्टूबर 1990 की तारीख भी तय कर दी गई। समय बहुत कम था और पूरे बरसात के दिनों के ठीक बाद यह आयोजन होना था परिजन अपनी पूरी क्षमता के साथ इसकी तैयारी में लग गए और ठीक समय पर ऐतिहासिक विराट श्रद्धांजलि समारोह हरिद्वार में आयोजित हुआ जिसमें देश विदेश के लाखों परिजनों ने एक साथ भागीदारी की ? इस आयोजन के बाद अगले ही वर्ष 1991 में माताजी ने एक और आयोजन शपथ समारोह की घोषणा की और परिजनों को शपथ के लिए शांतिकुंज आने का निमंत्रण भेजा। लाखों परिजन इस समारोह के लिए हरिद्वार पहुंचे। हम बरसों से यज्ञ भगवान से प्रार्थना - 'अश्वमेधाधिक रचाएं - यज्ञ पर उपकार की' करते आ रहे थे, परिजनों की यह प्रार्थना यज्ञ भगवान ने स्वीकार की ।

**- देवेन्द्र श्रीवास्तव**

## महिला कल्याण विभाग

विकास भवन के महिला सशक्तीकरण प्रकोष्ठ के बाहर पीपल के पुराने चबूतरे पर बहत्तर साल की कौशल्या देवी हर बुधवार सुबह ठीक दस बजे आकर बैठ जाती थीं। उनकी कांपती गोद में लोहे की एक पुरानी सिलाई मशीन का जंग लगा गोल पहिया और बिना धागे की एक मुड़ी हुई सुई हमेशा रखी रहती थी। दफ़्तर का नया चपरासी जब भी उन्हें धूप में बैठा देखता तो चाय का कुल्हड़ मेज पर रखते हुए ठहाका लगाकर कहता कि अम्मा जब आज छब्बीस अगस्त को महिला समानता दिवस के मौके पर बड़े साहब खुद नई सिलाई मशीनें और चेक बांटने आ रहे हैं तो इस लोहे के कबाड़ वाले पहिये को रोज अपनी छाती से लगाकर यहाँ अफसरों के आगे क्या तमाशा खड़ा करती हो। कौशल्या देवी अपनी पुरानी धुंधली ऐनक को धोती के छोर से साफ करतीं और बहुत धीमी आवाज में मुस्कुराकर कहतीं कि बेटा यह लोहे का गोल पहिया केवल कबाड़ नहीं है बल्कि इस पूरे महिला कल्याण विभाग की वो टूटी हुई धुरी है जिसने मेरी बेटी के स्वाभिमान को कागजों की स्याही में हमेशा के लिए दफन कर दिया है। आसपास खड़े तमाम मुंशी और क्लर्क उनका उपहास उड़ाते हुए कहते कि लगता है इस बुढ़ापे में अम्मा की मति मारी गई है जो समानता दिवस के पावन उत्सव को अपनी हठ की भेंट चढ़ाने चली आई हैं। कौशल्या देवी किसी की बात का तनिक भी मलाल किए बिना उस लोहे के पहिये को अपनी कांपती उंगलियों से सहलातीं और चुपचाप गाड़ियों के काफिले का इंतजार करती रहती थीं। महिला कल्याण विभाग के तमाम बाबू और अधिकारी कौशल्या देवी की इस साप्ताहिक मूक उपस्थिति से पूरी तरह वाकिफ थे और उन्हें एक सनकी वृद्धा मानकर पूरी तरह अनदेखा कर देते थे। दफ़्तर का बड़ा बाबू जब भी फाइलों का पुलिंदा लेकर निदेशक के केबिन की तरफ बढ़ता तो कौशल्या देवी बहुत उम्मीद से अपनी लाठी के सहारे खड़ी हो जातीं और हाथ जोड़कर कहतीं कि बाबू जी क्या आज उस स्वरोजगार अनुदान और सुरक्षा वाले कागज पर साहब के दस्तखत हो गए।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 20 सितंबर 2026 रविवार
सूर्योदय - 06:17 सूर्यास्त 18:27
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि- नवमी 16:06उपरांत दशमी
नक्षत्र-पूवार्षाढा04:08 उपरांत उत्राषाढा
योग - सौभाग्य 16:16उपरांत शोभन
करण - तैतिल
चन्द्रमा - दिन पूर्ण धनु मे
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 08तारिख

**मेष-** दिनभर अष्टम भाव का प्रभाव रहने से काम में थोड़ी रुकावटें आ सकती हैं, लेकिन रात के बाद भाग्य का साथ मिलेगा।

**वृषभ-** व्यापार में दिन के समय जोखिम लेने से बचें। लव पार्टनर की सेहत का ध्यान रखें, संयम से बात करें।

**मिथुन-** खर्चों पर काबू रखें। दिन में थोड़ी थकान रह सकती है, बाद में राहत मिलेगी।

**कर्क-** नौकरी में स्थान परिवर्तन या नई जिम्मेदारी के संकेत हैं। कारोबारी हैं तो मंद पड़े कारोबार में गति आएगी।

**सिंह-** दिनभर विरोधियों पर आपकी बढ़त बनी रहेगी। रात के बाद व्यापार और दांपत्य जीवन में चमक आएगी।

**कन्या-** ऑफिस में रुके हुए काम पूरे होंगे। लव पार्टनर के साथ संवाद बेहतर रहेगा।

**तुला-** आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी, रुका धन मिल सकता है। दिनभर ऊर्जा बनी रहेगी।

**वृश्चिक-** दिनभर आपकी ही राशि में चंद्रमा रहने से प्रभाव बढ़ेगा। धन लाभ के योग बनेंगे।

**धनु-** बिजनेस में नए फैसले फायदेमंद साबित होंगे। लव लाइफ बहुत शानदार रहेगी। दिनभर भाग्य का साथ मिलेगा।

**मकर-** दिनभर जबरदस्त लाभ और नेटवर्किंग का माहौल रहेगा। रात के बाद खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ-** व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ होने के योग हैं। लव पार्टनर से कोई प्यारा सरप्राइज मिल सकता है।

**मीन-** धन आवक बहुत अच्छी रहेगी। दिनभर सेहत अच्छी रहेगी, रात में विश्राम करें। कार्यक्षेत्र में पद-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

समसामयिक

## साहित्य की सेवा को समर्पित एक सक्रिय व्यक्तित्व : डॉ. विकास दवे




संदीप सृजन
(दैनिक अवन्तिका)

साहित्य की दुनिया में कुछ लोग केवल लिखते नहीं हैं, बल्कि साहित्य के लिए वातावरण भी तैयार करते हैं। वे स्वयं रचना करते हुए दूसरे रचनाकारों के लिए रास्ते खोलते हैं, साहित्यिक संस्थाओं को सक्रिय करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी भाषा और संस्कृति से जोड़ने का काम करते हैं। डॉ. विकास दवे का साहित्यिक व्यक्तित्व इसी व्यापक भूमिका का परिचायक है। मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक के रूप में उनकी आगामी दो वर्षों के लिए पुनर्नियुक्ति उनके लंबे साहित्यिक और संस्थागत योगदान की निरंतरता है। पिछले लगभग छह वर्षों में उन्होंने अकादमी की गतिविधियों को गति देने के साथ साहित्य, लोकभाषा और नए रचनाकारों के बीच संवाद का विस्तार किया है। 10 दिसंबर 2020 को मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी का दायित्व संभालने के बाद डॉ. दवे के सामने सबसे पहली चुनौती उस समय की थी, जब कोरोना महामारी ने साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को लगभग रोक दिया था। साहित्यकारों का मिलना-जुलना बंद था, सभागारों में सन्नाटा था और साहित्यिक आयोजन स्थगित थे। ऐसे कठिन समय के बाद अकादमी की गतिविधियों को फिर से सक्रिय स्वरूप देना उनके कार्यकाल की शुरूआती चुनौतियों में रहा। परिस्थितियां सामान्य हुईं तो अकादमी में व्याख्यान, रचनापाठ, परिचर्चा, पुस्तक लोकार्पण और सम्मान समारोहों की गतिविधियां लगातार बढ़ीं।

डॉ. दवे की विशेषता यह रही कि उन्होंने साहित्य को केवल पुस्तकों की दुनिया तक सीमित नहीं माना। साहित्य उनके लिए समाज की संवेदना, संस्कृति की स्मृति और मनुष्य के जीवनानुभव से जुड़ा विषय है। यही सोच उनके कार्यों में दिखाई देती है। स्थापित साहित्यकारों के साथ नई पीढ़ी के रचनाकारों को मंच देना, अलग-अलग विधाओं को स्थान देना और प्रदेश के साहित्यिक क्षेत्रों से संवाद कायम रखना उनकी कार्यशैली का महत्वपूर्ण पक्ष रहा है। मध्यप्रदेश का साहित्यिक वैभव उसकी लोकभाषाओं के बिना अधूरा है। मालवी, निमाड़ी, बुंदेली, बघेली, भीली और गोंडी जैसी भाषिक परंपराएं प्रदेश की मिट्टी से निकली हुई आवाजें हैं। इनमें केवल शब्द नहीं हैं, बल्कि लोकजीवन का इतिहास, संस्कृति, संघर्ष और संवेदना सुरक्षित है। डॉ. विकास दवे ने इन लोकभाषाओं को साहित्यिक गतिविधियों में स्थान देने पर विशेष जोर दिया। 2021 में अकादमी द्वारा निमाड़ी, मालवी, बुंदेली, बघेली बोलियों पर व्याख्यान एवं रचनापाठ आयोजित किए गए। विभिन्न लोकभाषाओं के साहित्य के लिए पृथक पुरस्कारों की परंपरा को आगे बढ़ाना भी इसी दृष्टि का हिस्सा रहा।

लोकभाषा को सम्मान देना वास्तव में उस समाज को सम्मान देना है, जिसने उसे पीढ़ियों तक जीवित रखा। जब मालवी में लिखने वाला रचनाकार मालवी के नाम पर सम्मानित होता है, जब बुंदेली या बघेली की रचना साहित्यिक मंच पर चर्चा का विषय बनती है, तो यह केवल लेखक का सम्मान नहीं होता; उस पूरी भाषिक परंपरा का सम्मान होता है। डॉ. दवे के कार्यकाल में इस दृष्टि को संस्थागत रूप देने के प्रयास दिखाई दिए। उनके साहित्यिक सरोकारों का एक महत्वपूर्ण केंद्र नए रचनाकार भी रहे हैं। किसी भी साहित्यिक संस्था की सबसे बड़ी उपलब्धि यह नहीं कि उसने कितने वरिष्ठ साहित्यकारों को सम्मानित किया, बल्कि यह भी है कि उसने कितने नए लेखकों को अपनी पहली पहचान बनाने का अवसर दिया। पांडुलिपि प्रकाशन सहायता योजना इसी सोच की महत्वपूर्ण कड़ी है। प्रति वर्ष 40 पांडुलिपियों का चयन किया गया। प्रथम कृति के प्रकाशन में सहायता का यह प्रयास उन रचनाकारों के लिए विशेष महत्व रखता है, जिनके पास प्रतिभा और रचना तो है, लेकिन प्रकाशन के साधन सीमित हैं।

# फोन पर बात करने के लिए किस साइड वाले कान का इस्तेमाल करना सही?



स्मार्टफोन का इस्तेमाल हर किसी के लिए जरूरी हो गया है। यह दैनिक जीवन की जरूरत बन गया है। फोन के इस्तेमाल को लेकर पिछले कुछ सालों में कई तरह की स्टडीज सामने आई हैं। किसी ने कहा कि फोन के इस्तेमाल से कैंसर हो सकता है तो कोई बताती है कि इसके रेडिएशन से इंसानों समेत पशु-पक्षियों को बड़ा खतरा है। यह तो सभी जानते हैं कि फोन ज्यादा इस्तेमाल करने का आंखों पर बुरा असर पड़ता है।

लेकिन, फोन के इस्तेमाल में आंखों के साथ-साथ कानों का भी काफी यूज होता है। शायद इस ओर कभी आपका ध्यान न गया हो, लेकिन दुनिया के कुछ शोधकर्ता इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि फोन सुनने के लिए कौन-सा कान (लेफ्ट या राइट) इस्तेमाल करना चाहिए।

### ज्यादातर लोग करते हैं इस कान का इस्तेमाल

फोन पर बात करने के लिए ज्यादातर लोग दाएं कान का ही इस्तेमाल करते हैं। एक रिसर्च के अनुसार, दाएं कान से फोन सुनना सीधा दिमाग पर असर करता है, जिससे आप छोटी-छोटी बातों पर परेशान हो सकते हैं। रिसर्च के अनुसार, फोन पर बात करने के लिए जब हम कान का इस्तेमाल करते हैं, तो इससे निकलने वाली रेडिएशन ब्रेन पर ज्यादा असर डालती है। इसलिए फोन पर बात करते वक्त बाएं कान का भी इस्तेमाल करना चाहिए।

### ब्लड-ब्रेन बैरियर को पहुंचता है नुकसान


हालांकि, इस बात को साबित करने के लिए कि फोन कॉल के लिए बाएं कान का इस्तेमाल करना सुरक्षित है या दाएं कान का, कोई पर्याप्त सबूत नहीं है। फिनलैंड साइंटिस्ट एंड न्यूक्लियर सेफ्टी अथॉरिटी के एक अध्ययन में कहा गया था कि जब हमारी कोशिकाएं फोन के संपर्क में आती हैं तो इससे ब्लड-ब्रेन बैरियर को नुकसान पहुंचता है। इंसानी शरीर में ब्लड-ब्रेन बैरियर को सेफ्टी बैरियर के रूप में भी जाना जाता है। यह रक्त के खतरनाक पदार्थों को दिमाग में प्रवेश करने से रोकता है। हालांकि, यह अध्ययन इस बात की व्याख्या नहीं कर पाया कि फोन पर बात करते समय किस कान का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

### किस कान का करना चाहिए इस्तेमाल

अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में बताया गया है कि लगभग 80 प्रतिशत लोग फोन पर कॉल करते समय अपने दाहिने कान का ही इस्तेमाल करते हैं, क्योंकि हमारे दिमाग का बायां हिस्सा ज्यादा एक्टिव होता है। फोन पर बात करते वक्त आपके लिए जरूरी है कि फोन को एक कान से दूसरे की तरफ बदलते रहें। फोन पर बात करने के लिए हमेशा दोनों कानों का इस्तेमाल करना चाहिए।

धर्म-आस्था

# भगवान विश्वकर्मा का पुराणों में उल्लेखित है कला कौशल



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

भगवान श्री विश्वकर्मा पूजन श्रेष्ठ और फलदायी होता हैभगवान विश्वकर्मा पूजन श्रेष्ठ और फलदायी है यदि परमपिता ब्रह्मा के बाद कोई सर्वश्रेष्ठ रचयिता हैं तो वे विश्वकर्मा ही हैं। पुराणों में लगभग जितनी भी प्रसिद्ध रचनाएं हैं वो वसु पुत्र विश्वकर्मा ने ही बनाई है। चाहे वो लंका हो या द्वारका, पुष्पक विमान हो या महादेव का त्रिशूल। यहां तक कि स्वयं अपने पुत्र वृत्रासुर के वध हेतु वज्र भी इन्होंने ही बनाया।विश्वकर्मा के बारे में गरुड़ पुराण,विष्णु पुराण ,मत्स्य पुराण में उनके द्वारा निर्मित की गई कला-कौशल का वर्णन मिलता है। भवन-निर्माण व हजारों तरह के शिल्पी कला के भगवान है`पांडवों की माया सभा, और देवताओं के लिए कई शानदार हथियारों के निमार्ता थे सामान्य कारीगरी. शिल्पी ,यांत्रिकी कर्म कौशलता सिद्धि -प्रसिद्ध हमें ज्ञान प्रदान करती है। 17 सितंबर (कन्या संक्रांति) को पूजन दिवस के रूप में मनाए जाता हैं,क्योंकि इसी दिन भगवान विश्वकर्मा का प्राकट्य (जन्म) माना जाता है, इसलिए इसे विश्वकर्मा जयंती भी कहते हैं कन्या संक्रांति वह दिन है जब सूर्य सिंह राशि से निकलकर कन्या राशि में प्रवेश करते हैं, सूर्य का कन्या राशि में गोचर हर साल सितंबर-अक्टूबर के आसपास होता है, जो कि एक विश्लेषणात्मक और व्यावहारिक समय होता है। अक्सर देखा गया कि कई त्यौहार,पक्ष के कारण तिथि घट बढ़ जाती है। तो सब अचरज में पड़ जाते है कौन सी तिथि को त्यौहार या दिवस मनाए। जबकि कन्या संक्रांति को ही जिसे ज्योतिष और धर्म में महत्वपूर्ण माना जाता है; इस दिन पवित्र नदियों में स्नान, दान, पितृ तर्पण और भगवान विश्वकर्मा की पूजा की जाती है, जिससे जीवन में समृद्धि और सकारात्मकता आती है, खासकर यह दिन पूर्वजों की शांति और कार्यस्थल पर उपकरणों की पूजा के लिए शुभ होता है.विश्वकर्मा को हिन्दू धार्मिक मान्यताओं और ग्रंथों के अनुसार निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है। सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्मा की सातवीं संतान भगवान विश्वकर्मा को माना जाता है। कुछ धर्म ग्रंथों में भगवान विश्वकर्मा को महादेव का अवतार बताया गया है।पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन देवताओं के वास्तुकार भगवान विश्वकर्मा का जन्म हुआ थो यह दिन कारीगरों, इंजीनियरों और श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण है, जो इस दिन अपने औजारों, मशीनों और कार्यस्थलों की पूजा करते हैं, भगवान विश्वकर्मा से अपने कौशल और समृद्धि की प्रार्थना करते हैं. ऐसा माना जाता है कि सोने की लंका का निर्माण इन्होंने ही किया था। वे पौराणिक नगरी लंका के वास्तुकार थे और कहा जाता है कि उन्होंने पुरी (उड़ीसा) में जगन्नाथ की भव्य प्रतिमा भी बनाई थी।भारतीय संस्कृति और पुराणों में भगवान विश्वकर्मा को यंत्रों का अधिष्ठाता और देवता माना गया है। उन्हें हिन्दू संस्कृति में यंत्रों का देव माना जाता है। एक जानकारी के मुताबिक विश्वकर्मा जी के पाँच मुख हैं, जिनसे उन्होंने पाँच प्रजापति बनाए, और उनकी पुत्रियों रिद्धि-सिद्धि का विवाह भगवान गणेश से हुआ है।हिन्दू धर्म में विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है। हिंदू धर्म में इन्हें सृष्टि के दिव्य शिल्पकार, देवताओं के वास्तु विशेषज्ञ और पहले इंजीनियर के रूप में पूजा जाता है। वे केवल एक देवता नहीं, बल्कि रचनात्मकता, तकनीकी कौशल और नवाचार के प्रतीक हैं।उनके सम्मान में विश्वकर्मा पूजन दिवस मनाया जाता है, इसी दिन भाद्रपद मास के सूर्य कन्या संक्रांति पर आती है। इस दिन औजारों और मशीनों की पूजा करते हैं। रामायण और अन्य ग्रंथों में वर्णित पुष्पक विमान की रचना भी भगवान विश्वकर्मा ने की थी। भगवान विष्णु के लिए सुदर्शन चक्र, महादेव शिव लिए त्रिशूल, ब्रह्माजी के लिए ब्रह्मास्त्र, यमराज का कालदंड और पाश, इंद्र के लिए वज्र समेत आदि कई तरह के अस्त्र-शस्त्र का निर्माण भगवान विश्वकर्मा ने ही किया था। विश्वकर्मा जी वास्तुदेव और अंगिरसी के पुत्र हैं। उनका जन्म कन्या संक्रांति के दिन हुआ माना जाता है, जिसे हर साल 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती के रूप में मनाया जाता है। प्राचीन ग्रंथों के अनुसार, भगवान विश्वकर्मा के पाँच मुख हैं (सद्योजात, वामदेव, अघोर, तत्पुरुष और ईशान)। इन पांच मुखों से उन्होंने पाँच प्रजापति बनाए, जिनके नाम थे मनु, मय, द्विज, सिल्पी और विश्वज्ञ। इनकी रिद्धि-सिद्धि और संज्ञा नाम की तीन पुत्रियाँ है जिनमें से रिद्धि-सिद्धि का विवाह माता पार्वती के सबसे छोटे पुत्र भगवान गणेश से हुआ है तथा संज्ञा का विवाह महर्षि कश्यप और देवी अदिति के पुत्र भगवान सूर्यनारायण से हुआ है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6700 विशाल 6400 से 6525 डंकी चना 5800 से 6200 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 8200 से 8400 महाराष्ट्र लाल 8500 से 8800 कर्नाटक 8700 से 8900 निमाड़ी तुअर 6500 से 7900 मूंग बेस्ट गर्मी 7500 से 7700 मूंग बेस्ट बोल्ड 7800 से 7900 मोगर 5500 से 6700 उड़द बोल्ड 9200 से 9500 उड़द गर्मी 8800 से 9200 ग्रेविटी क्लीन 9500 से 9900 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6400 से 6600 बिटकी 6000 से 6200 सरसों निमाड़ी 8000 से 8200 रायडा 7000 से 7200 सोयाबीन 5700 टोली 5600 से 5800 गेहूं मिल क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से 3000 मालवराज 2850 से 2900 मक्का 2500 से 2525 चना दाल 7800 से 7900 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 8500 से 8800 तुअर दाल 7900 से 8000 मीडियम 7900 से 8000 बेस्ट 10300 से 10600 एक्स्ट्रा बेस्ट 11400 से 11600 ब्रांडेड 13000 मूंग दाल 9100 से 9200 बेस्ट 9300 से 9400 मूंग मोगर 11100 से 11200 बेस्ट 11300 से 11400 उड़द दाल 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 11400 से 11800 बेस्ट 12000 से 12200 मसूर दाल 7750 से 7850 बेस्ट 7950 से 8050 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी- 5901 काबली- 3350-7951, बटला- 3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,50,500 रवा- 1,50,200 चांदी- टंच- 2,35,500 पाट- 2,35,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com




## महाविद्यालय में हिन्दी पखवाड़ा का हुआ समापन

**शाजापुर।** बी.के.एस.एन. शासकीय महाविद्यालय शाजापुर में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के माध्यम से हिन्दी दिवस पर आयोजित हिन्दी पखवाडे का शुक्रवार को समापन हुआ। इस दौरान सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम में प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ.बी.एल.मालवीय ने अतिथि परिचय देते हुए कहा कि वर्तमान समय में हिंदी का महत्व और भी बढ़ गया हैं शिक्षा, प्रशासन, पत्रकारिता, साहित्य, सिनेमा, संचार और डिजिटल माध्यमों में हिंदी का व्यापक उपयोग हो रहा है। इंटरनेट और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के कारण हिंदी दुनिया के विभिन्न हिस्सों तक पहुंच रही है। हिंदी के माध्यम से ज्ञान-विज्ञान, तकनीक और आधुनिक विचारों को आम लोगों तक सरलता से पहुंचाया जा सकता है। इस दौरान डॉ.दिलीप माहेश्वरी ने स्वागत भाषण में कहा कि हिन्दी सबसे मीठी भाषा है, इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें व उपयोग करें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## आंगन में सो रहे व्यक्ति पर सियार का रात 2 बजे हमला

**देवास।** देवास कांटाफोड़ इलाके में शुक्रवार देर रात आंगन में सो रहे 50 वर्षीय व्यक्ति पर सियार ने हमला कर दिया। हमले में व्यक्ति के गले और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। घायल की पहचान पन्नालाल के रूप में हुई है। फिलहाल उनका इलाज देवास जिला अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार, पन्नालाल शुक्रवार रात करीब 2 बजे घर के आंगन में सो रहे थे। इसी दौरान सियार ने उन पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में पन्नालाल के गले पर गहरा घाव हो गया। पैरों में भी जख्म आए हैं। घटना के बाद परिजन उन्हें संभालने में जुट गए और रातभर उनकी देखभाल की। सुबह पन्नालाल को प्राथमिक उपचार के बाद देवास जिला अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टरों ने जांच और इलाज के बाद उन्हें भर्ती कर लिया। फिलहाल उनका उपचार जारी है।

## व्यापारी को 40 हजार भेजने का झांसा देकर उड़ाए 68,989

**अकोदिया।** फोन करने वाले ने पहले मेरे एक परिचित का नाम लिया। उसने बातचीत के दौरान मेरे बारे में ऐसी व्यक्तिगत जानकारियां भी बताईं, जिससे मुझे लगा कि वह वास्तव में मेरे परिचित को जानता है। इसी वजह से मुझे उस पर भरोसा हो गया। ये कहना है साइबर ठगी का शिकार हुए कपड़ा व्यापारी लवेश का। लवेश के अनुसार, बातचीत के दौरान आरोपी ने कहा कि वह मेरे खाते में 40 हजार रुपए भेज रहा है। उसकी बात पर भरोसा कर मैंने अपने सेंट्रल बैंक खाते से जुड़े यूपीआई के जरिए रकम ट्रांसफर करना शुरू कर दिया। मैंने पहली बार 20,000 रुपए, दूसरी बार 19,999 रुपए और तीसरी बार 28,989 रुपए ट्रांसफर किए। इस तरह मेरे खाते से कुल 68,989 रुपए चले गए।रकम ट्रांसफर करने के बाद मुझे लगा कि खाते में 40 हजार रुपए जमा हो गए होंगे। मैंने सेंट्रल बैंक का मोबाइल एप खोला और खाते का स्टेटमेंट चेक किया।

### एक ओर स्वच्छता का संकल्प, दूसरी ओर कचरे के ढेर

# मंत्री ने चलाया सफाई अभियान, शहर में कई जगह नियमित उठाव नहीं होने से पसरी गंदगी, शहर में मुख्य मार्ग पर कचरे का ढेर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर





एक ओर गुरुवार को उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने विद्यार्थियों के साथ स्वच्छता अभियान में सहभागिता कर स्वच्छ शहर का संदेश दिया, वहीं दूसरी ओर शहर के कई हिस्सों में कचरे के ढेर और गंदगी स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान के शुभारंभ के मौके पर शहर की मौजूदा सफ ई व्यवस्था का यह विरोधाभास भी सामने आया।

शहर में ऐसे कई स्थान हैं जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है, लेकिन वहां कचरा जमा होने से बदबू और गंदगी की स्थिति बनी रहती है। सिटी व मंडी के कई मार्ग पर कचरे का ढेर दिखाई देता है। इसी तरह शहर के अन्य हिस्सों में भी सफ ई के बाद कचरा एक स्थान पर एकत्र कर दिए जाने और उसका नियमित उठाव नहीं होने की शिकायतें सामने आती रही हैं।

**मॉनिटरिंग पर उठ रहे सवाल**

शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर जनप्रतिनिधियों की ओर से प्रयास किए जाने के बावजूद जमीनी स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग की जरूरत महसूस हो रही है। कचरा संग्रहण के लिए वाहन पहुंचने के बावजूद यदि सार्वजनिक स्थानों पर कचरा जमा हो रहा है तो सफ ई कर्मचारियों की व्यवस्था, कचरा उठाव की समय सारणी और अधिकारियों की नियमित निगरानी पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आगामी एक माह में एनएसएस की ओर से स्वच्छता, जनजागरूकता, रक्तदान, प्लास्टिक पॉलीथिन रोकथाम सहित 25 गतिविधियां की जानी हैं। ऐसे में अभियान के संदेश को शहर की रोजमर्रा की सफाई व्यवस्था से जोडा भी जरूरी है, ताकि स्वच्छता केवल आयोजन और शपथ तक सीमित न रहकर शहर की सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर भी दिखाई दे।

**पांच-छह दिन तक पड़ा रहता है कचरा**

शहर में घर-घर कचरा संग्रहण के लिए प्रतिदिन कचरा वाहन पहुंचने की व्यवस्था है। इसके बावजूद कई स्थानों पर सड़कों और सार्वजनिक जगहों पर कचरा दिखाई देता है। स्थानीय स्तर पर सफ ई कर्मचारी कई बार कचरे को एक स्थान पर एकत्र कर देते हैं, लेकिन इन स्थानों से कचरा उठाने में पांच-छह दिन तक का अंतराल हो जाता है। इससे कचरे के अस्थायी ढेर स्थायी कचरा स्थल का रूप लेने लगते हैं। शहर में अलग-अलग स्थानों पर इस तरह के कचरा स्थल बनने से राहगीरों और आसपास रहने वाले लोगों को दुर्गंध तथा गंदगी का सामना करना पड़ता है। धार्मिक स्थलों और मुख्य मार्गों के आसपास ऐसी स्थिति शहर की स्वच्छता व्यवस्था की तस्वीर भी सामने रखती है।

# जंगल में जुआ खेलते 12 जुआरी घेराबंदी कर पकड़े

### 5.55 लाख नकद, 15 मोबाइल, कार और 5 बाइक जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खातेगांव



बैरागढ़ फॉरेस्ट चौकी के पास जंगल में जुआ खेल रहे 12 जुआरियों को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा है। बागली एसडीओपी संजय सिंह बैस के नेतृत्व में चार थानों की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की।

मौके से 5 लाख 55 हजार 100 रुपए नकद, 15 मोबाइल फोन, एक कार और पांच मोटरसाइकिल जब्त की गईं। जब्त सामान की कुल कीमत 12 लाख 86 हजार 200 रुपए बताई गई है। पुलिस ने बताया कि 18 सितंबर की रात करीब 7.30 बजे मुखबिर से सूचना मिली थी। इसमें बताया गया कि बैरागढ़ फॉरेस्ट चौकी के पास जंगल में 25 से 30 लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलने पर एसपी पुनीत गेहलोद और एएसपी सौम्या जैन को जानकारी दी गई। उनके मार्गदर्शन में तीन पुलिस टीमें बनाई गईं। इसके बाद टीमों ने जंगल को चारों तरफ से घेर लिया। पुलिस की घेराबंदी होते ही जुआ खेल रहे लोगों में भगदड़ मच गई। कुछ लोग अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर भाग गए। हालांकि, पुलिस टीम ने पीछा कर 12 लोगों को पकड़ लिया। मौके से ताश की गड्डियां, नकद रुपए, मोबाइल और वाहन जब्त किए गए।

इस कार्रवाई में बागली, उदयनगर, कांटाफोड़ थाने और चापड़ा चौकी की पुलिस टीम शामिल थी। एसडीओपी संजय सिंह बैस के नेतृत्व में थाना प्रभारी बागली जीवन भिंडोरिया, थाना प्रभारी उदयनगर विजेंद्र सिंह सोलंकी, चौकी प्रभारी चापड़ा राकेश सिंह चौहान और थाना प्रभारी कांटाफोड़ कैलाश चंद्र चौहान की टीम ने यह कार्रवाई की।

इस मामले में कांटाफोड़ थाने में सार्वजनिक जुआ अधिनियम, 1867 की धारा 13 के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस फरार हुए लोगों की तलाश कर रही है। साथ ही, पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर जुए से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

## विशेष अभियान के तहत पुलिस ने दस्तयाब किए 49 पुरुष एवं 78 महिलाएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

गुम हुए इंसानों की तलाश के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने 127 महिला और पुरूषों को दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला के निर्देशन में गुम इंसानों की तलाश एवं दस्तयाबी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान का उद्देश्य गुम हुए व्यक्तियों की शीघ्र तलाश कर उन्हें सकुशल उनके परिजनों तक पहुंचाना है। अभियान के प्रथम चरण में 01 सितम्बर से 08 सितम्बर 2026 तक पुलिस टीमों द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए 34 पुरुष एवं 35 महिलाओं को दस्तयाब किया गया। वहीं अभियान के द्वितीय चरण में 09 सितम्बर से 18 सितम्बर 2026 तक पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए 15 पुरुष एवं 43 महिलाओं को दस्तयाब किया गया। इस प्रकार दोनों चरणों में पुलिस द्वारा कुल 49 पुरुष एवं 78 महिलाएं। कुल 127 गुम इंसानों को दस्तयाब किया गया।

## दो दिवसीय संस्कृति महोत्सव प्रतियोगिता शुरू

**शाजापुर।** दुपाड़ा मार्ग स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में दो दिवसीय संस्कृति महोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार से प्रारंभ हुआ। संस्था के मीडिया प्रभारी मोहित भावसार ने बताया कि आयोजित इस प्रतियोगिता में शाजापुर और आगर मालवा जिले के सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता का उद्घाटन सत्र मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समिति के अध्यक्ष भंवर सिंह राठौड़ और शाजापुर, आगर मालवा के विभाग समन्वयक सुरेंद्र जोशी, प्रतियोगिता प्रभारी बृजेश शर्मा, जितेन्द्र तिवारी मौजूद रहे। इस मौके पर विभाग समन्वयक सुरेंद्र जोशी ने संबोधित करते हुए कहा कि इर्ष्या छोड़कर एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हो ताकि आप बेहतर परिणाम दें।

### देवनारायण के जन्म पर निकला चल समारोह

## युवाओं ने दिखाए हैरतंगेज करतब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



भगवान देवनारायण के जन्म महोत्सव पर गुर्जर समाज द्वारा शहर में विशाल चल समारोह निकाला गया। शुक्रवार सुबह गायत्री मंदिर से शुरू हुए चल समारोह में नगर सहित आसपास के गुर्जर समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए। चल समारोह में समाज के युवाओं ने आकर्षक कलाबाजी का प्रदर्शन किया। शहर के महूपुरा, धानमंडी चौराहा, किला रोड, हुसैनी चौक, आजाद चौक, नई सडक, बस स्टैंड होता हुआ चल समारोह एबी रोड स्थित गुर्जर छात्रावास पर पहुंचकर सभा के रूप में परिवर्तित हुआ। उल्लेखनीय है कि गुर्जर समाज द्वारा अपने आराध्य भगवान देवनारायण की जयंती धूमधाम से मनाई जाती है। इसीके चलते इस वर्ष भी समाज के लोगों ने जयंती पर नगर में चल समारोह निकाला और समाज के नौजवानों ने अपनी कला का भी जमकर प्रदर्शन किया। चल समारोह में सम्मिलित दर्जनों अखाड़े के सदस्य अपनी-अपनी कला कौशल में माहिर थे। यही कारण रहा कि किसी ने 15 फीट की ऊंचाई से छलांग लगाकर अपना जौहर दिखाया तो किसी ने लाठी की कला में दमखम दिखाकर लोगों का मनोरंजन किया। वहीं गुर्जर समाज द्वारा शहर में निकाले गए चल समारोह का विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों के द्वारा जगह-जगह मंच लगाकर पुष्पवर्षा कर स्वागत-सत्कार किया।

### नि:शुल्क नेत्र शिविर में 151 मरीजों की आंखों की जांच

## 45 मरीजों को ऑपरेशन के लिए भेजा आनंदपुर

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा



आगर-मालवा के नलखेड़ा क्षेत्र के गुदरावन गांव में पाटीदार धर्मशाला में निःशुल्क मोतियाबिंद और आंख जांच शिविर लगाया गया। यह शिविर सरदार पटेल युवा संगठन और सदगुरु सेवा संघ आनंदपुर ने मिलकर आयोजित किया। हर महीने लगने वाले इस शिविर में आनंदपुर से आए डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की आंखों की जांच की। साथ ही मरीजों की शुगर जांच भी की गई।

शिविर में इलाके के 151 मरीजों की आंखों की जांच की गई। जांच के दौरान 45 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चुना गया। इन मरीजों को ऑपरेशन के लिए बस से सदगुरु सेवा संघ आनंदपुर ले जाया गया। वहां मरीजों को रहने, खाने, दवाइयों, लेंस, चश्मे और जरूरी जांच की सुविधा मुफ्त मिलेगी। इसके बाद चुने गए मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन किए जाएंगे। ऑपरेशन और इलाज पूरा होने के बाद मरीजों को रविवार दोपहर 1 बजे बस से वापस पाटीदार धर्मशाला, गुदरावन गांव लाया जाएगा। शिविर में ग्रामीणों ने भी मदद की, जिससे मरीजों को जांच और इलाज की जरूरी सुविधाएं मिल पाईं।

जय नारायण चौधरी ने बताया कि सभी गांववालों के सहयोग से यह शिविर पूरा हुआ। संगठन की ओर से हर महीने ऐसे शिविर लगाए जाते हैं, ताकि इलाके के जरूरतमंद मरीजों को आंखों की जांच और मोतियाबिंद का इलाज मिल सके। उन्होंने बताया कि अगला आंख जांच शिविर रविवार को लगेगा। इसकी तारीख त्योहारों को देखते हुए तीसरे या चौथे रविवार को तय की जाएगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाजापुर।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार गुरूवार रात करीब 12 बजे शाजापुर बायपास पर काशी नगर निवासी बाइक सवार संतोष उम्र लगभग 40 वर्ष अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। सूचना मिलने पर डायल 112 थाना लाल घाटी स्टाफ आरक्षक 304 दिनेश कुमार, पायलेट कमलेश बड़कनिया मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल पहुंचाया।



## आयुर्वेद दिवस पर विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण, योगाभ्यास कराया

**शुजालपुर।** 11वें आयुर्वेद दिवस के तहत गुरुवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष शुजालपुर मंडी की ओर से शारदा शासकीय एकीकृत विद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष आयुर्वेद दिवस की थीम स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद रखी गई है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण कर रोगानुसार आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण किया गया। योग प्रशिक्षक ने विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराया और नियमित योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनाए रखने की जानकारी दी। इस दौरान हर्बल एवं औषधीय पौधों तथा आयुर्वेदिक औषधियों के महत्व, उपयोग और स्वास्थ्य संबंधी लाभों के बारे में भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और स्टाफ में आयुर्वेद, योग एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. जान्हवी मिश्रा, डॉ. कृति डांगरा, सतीश कुमार कुल्मी, योग प्रशिक्षक देवेन्द्र सिंह परमार एवं योग सहायक अजय राठौर का विशेष सहयोग रहा।

## भगवा ध्वजों के बीच गूंजे विश्वकर्मा भगवान के जयकारे जयंती पर शहर में निकली वाहन शोभायात्रा



**शुजालपुर।** भगवा ध्वज, भगवान विश्वकर्मा की आकर्षक झांकी और गूंजते जयकारों के बीच गुरुवार को शहर में विश्वकर्मा जयंती की शोभा देखते ही बनी। विश्वकर्मा समाज की ओर से जयंती के अवसर पर वाहन शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालु भगवान विश्वकर्मा के जयकारे लगाते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। जगह-जगह लोगों ने झांकी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा का शुभारंभ आष्टा रोड स्थित श्री विश्वकर्मा मांगलिक भवन से हुआ। भगवान विश्वकर्मा की झांकी के साथ निकली शोभायात्रा सिटी एवं मंडी क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस मांगलिक भवन पहुंची। आयोजन में समाज अध्यक्ष श्याम विश्वकर्मा, नंदलाल विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। मांगलिक भवन में भगवान विश्वकर्मा की विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। इसके बाद कथा का आयोजन हुआ, जिसमें समाजजनों ने भगवान विश्वकर्मा की महिमा का श्रवण किया। जयंती की पूर्व संध्या पर महिलाओं के लिए रंगोली और चेयर रेस तथा बालिकाओं के लिए नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। मुख्य कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिताओं में विजेता महिलाओं और बालिकाओं को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।


**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया है कि, भूमि सर्वे क्रमांक-298 रकबा 0.5500 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक-299/1/1 रकबा 0.1800 हेक्टेयर एवं सर्वे कमांक-299/3 रकबा 0.6000 हेक्टेयर कुल किता-3 कुल रकबा 1.3300 हेक्टेयर भूमि जो कि ग्राम हरनियाखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन में स्थित होकर राजस्व अभिलेख में कमलाबाई पति कन्हैयालाल के नाम से दर्ज है। उक्त भूमि के संबंध में मेरे पक्षकार विमलाबाई पति चन्द्रप्रकाश एवं प्रवीण पिता चंद्रप्रकाश निवासी वृन्दावन कॉलोनी, अकलेरा जिला झालावाड राजस्थान के द्वारा एक व्यवहार वाद स्वत्व घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु प्रस्तुत किया है जो माननीय न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश महोदय, कनिष्ठखण्ड उज्जैन के न्यायालय में प्रकरण क्रमांक - RCSA/418/2026 पर दर्ज होकर विचाराधीन है। उपरोक्त भूमियों के संबंध में कोई भी वित्तीय संस्था / बैंक शासकीय अर्द्ध शासकीय संस्थान, व्यक्ति या निकाय किसी प्रकार का कोई विक्रय अंतरण विक्रय अंनुबंध या अन्य संव्यवहार ना करे। ऐसे संव्यहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होकर प्रभाव शुन्य रहेगे तथा जिसके समस्त हर्जे खर्चे एवं परिणामों की जिम्मेदारी संव्यवहारकर्ता की स्वयं की होगी। सो सूचित हो। इतिदिनांक :-19.09.2026

**जयवर्धनसिंह डोडिया (हाईकोर्ट एडवोकेट)**
**कार्यालय-48/12, हरदेनिया काम्पलेक्स मक्सीरोड, गणेशपुरा, उज्जैन (म.प्र.) मोबाईल-8839106938**

In The Court Of IX Civil Judge Class - I, District Court, Ujjain Presiding Officer:
**श्रीमती प्रियंका मालपानी राठी**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक** (MIC SUC/0000039/2026)
**इंदरलाल चौहान...... आवेदक**
**Vs**
**सर्वसाधारण.........अनावेदक**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 23/10/2026**

**प्रेषिती**

(1) सर्वसाधारण

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक इंदरलाल चौहान पिता आत्माराम चौहान, आयु-50 वर्ष, व्यवसाय-कृषि, निवासी-शंकरपुर मक्सी रोड उज्जैन आदि-06 की ओर से एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अधीन आवेदकगण क्रं. 1 लगायत 5 के पिता व क्रं. 6 व 7 के ससुर श्री आत्माराम चौहान पिता काशीराम चौहान का स्वर्गवास दिनांक 04/04/2022 को निवास स्थान एम पी ई बी कालोनी शंकरपुर मक्सी रोड उज्जैन म प्र में हो चुका है, उनके नाम से एक बैंक खाता बैंक ऑफ बडोदा शाखा फ्रीगंज उज्जैन में है जिसमें वर्तमान में बकाया शेष राशि रुपये 282639/- है जिसे आवेदकगण उनके विधिक एवं वैध जीवित उत्तराधिकारी होने से प्राप्त करने के अधिकारी है। उक्त बैंक खाते में आत्माराम चौहान द्वारा अपने जीवन काल में किसी का भी नॉमिनेशन नहीं किया गया था, मृतक आत्माराम की धर्मपत्नि श्रीमती रेशमबाई चौहान का स्वर्गवास दिनांक 26/12/2022 को एवं उनकी संतानों मे से दो पुत्र भंवरलाल चौहान की मृत्यु दिनांक 24/07/2015 को एवं मेहरबान सिंह की मृत्यु दिनांक 05/07/2013 को हो चुकी है। आवेदकगण पता ने मृतक श्री आत्माराम चौहान, निवासी-शंकरपुर मक्सी रोड उज्जैन की उक्त बैंक में जमा उपरोक्त राशि/संपत्ति प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 23 अक्टूबर 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 23 अक्टूबर 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 17 सितम्बर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(प्रियंका मालपानी राठी)**
**नवम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**दी उज्जैन बैंक कर्मचारी क्रेडिट को-आप. सोसायटी लिमिटेड, उज्जैन**
**संतोष काम्प्लेक्स, दूसरी मंजिल, धनवंतरी मार्ग, प्रियदर्शनी चौराहा, फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.)**
**पंजी. क्र. ए.आर./यु.जे.एन./591/82**

**विज्ञप्ति**

संस्था के सभी अंशधारी सदस्यों सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-26 की संस्था की 44वीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 20 सितम्बर 2026, वार रविवार को प्रातः 11.00 बजे स्थान शुर्मा परिसर, देवास रोड़, आश्रय होटल के सामने, उज्जैन (म.प्र.) पर आयोजित की गई है। नियमानुसार वार्षिक साधारण सभा की सूचना सभी सदस्यों को डाक द्वारा दि. 05-09-2026 को भेजी गई है। यदि किसी भी सदस्य को किन्ही अपरिहार्य कारणों से डाक द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्त नही हुई हो तो कृपया इस सूचना के आधार पर वार्षिक साधारण सभा में उपस्थित होने का कष्ट करें। गणपूर्ति के अभाव में वार्षिक साधारण संभा उसी दिनांक एवं स्थान पर आधा घण्टा पश्चात प्रारंभ होगी, जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी।

विशेष सूचना बैठक समाप्ति के पश्चात सदस्यों हेतु भोजन व्यवस्था रखी गई है।

**दिनांक :** 20 सितम्बर 2026, वार रविवार
**समय :** प्रातः 11.00 बजे
**स्थान :** शर्मा परिसर, देवास रोड़, आश्रय होटल के सामने, उज्जैन

**आज्ञा से**
**यू. एस. छाबड़ा**
**अध्यक्ष**
**दि उज्जैन बैंक कर्मचारी क्रेडिट को-आपरेटिव सोसायटी मर्यादित, उज्जैन**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र.)**
**प्रकरण क्रमांकः- 76/ अपील / 2024-25 अपील सूचना समंस आदेश 05 नियम 1 सी.पी.सी.**
**मानकुंवरबाई पति दुलेसिंह जाति सौंधिया राजपूत निवासी बोलखेडानाउ तहसील झारडा ग्राम ------------अपीलान्ट**

**विरूद्ध**

1:- मदनलाल पिता कालूजी जाति अजा उम्र 46 वर्ष व्यवसाय कृषि निवासी ग्राम बोलखेडानाउ तहसील झारडा अनुभाग महिदपुर जिला उज्जैन

2:- पूर्णाशंकर पिता गोविन्द मृत द्वारा वारिसान :-

अः- शेलेन्द्र पिता पूर्णाशंकर जाति माली, उम्र वयस्क, व्यवसाय कृषि निवासी रामी नगर, उज्जैन मध्यप्रदेश

3:- कैलाश पिता पूर्णाशंकर मृत द्वारा वारिसान :- अनिता बैवा 'कैलाश, उदय, भरत, सांतवना पिता कैलाश सभी की जाति - माली, निवासी रामी नगर, उज्जैन मध्यप्रदेश-------- प्रत्यर्थीगण

आप प्रत्यर्थीगण के विरूद्ध अपीलार्थी के द्वारा न्यायालय अपर तहसीलदार, टप्पा झारडा तहसील महिदपुर द्वारा प्रकरण क्रमांक 325 अ-6/2016-17 में पारित आदेश दिनांक 03-04-2017 से व्यथित होकर इस न्यायालय के समक्ष यह प्रथम राजस्व अपील प्रस्तुत की है।

उक्त अपील प्रकरण की सुनवाई हेतु दिनांक 06-10-2026 नियत की गई है। इसलिए आप प्रत्यर्थीगण उक्त अपील के सम्बंध में सभी प्रश्नों का उत्तर देने के लिए जिस पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित हो, मय दस्तावेजों के उक्त नियत दिनांक को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। प्रत्यर्थीगण की अनुपस्थिति में अपील की सुनवाई का निपटारा नियमानुसार किया जावेगा।

(अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व महिदपुर द्वारा आदेशित)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी**
**राजस्व महिदपुर, जिला उज्जैन (म.प्र.)**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने श्रीमती सरिता सोनी पति श्री विष्णु कुमार सोनी निवासी-80/2, नानाखेड़ा रोड़, राजेंद्र नगर, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य का भवन क्रमांक 87 का दक्षिण दिशा वाला भाग स्थित ₹ग्रेटर रतन एवेन्यू एक्सटेंशन₹ एम.आर.-5 रोड़, आगर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) में हैं, जिसका कुल क्षेत्रफल 45.00 वर्गमीटर हैं, जिसके पूर्व में : सड़क कॉलोनी की, पश्चिम में : भवन/भूखण्ड क्रमांक-98, उत्तर में : शेष भाग भवन/भूखण्ड क्रमांक 87, दक्षिण में भवन / भूखण्ड क्रमांक-88, मिला हैं, उक्त सम्पत्ति को यथा स्थिति में तल भूमि से लगाकर हवाई हक सहित को क्रय करने का अनुबन्ध किया गया होकर टोकन बयाना राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि :7: दिनो में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरे पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो । इति दिनांक-19.09.2026,

**कु. मनोहरसिंह राणावत**
**दस्तावेज लेखक -सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मोबा. 98268.87494**

## न्यूज-कॉलम

### कु. शक्तावत गणेशोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित हुए



**पिपलिया मंडी।** 18 सितंबर को जन-जन के सुखदुख में साथी,युवाओं के नेता असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह जी शक्तावत ने मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव लुनाहेड़ा में बाल गणेश मित्र मंडल के द्वारा स्थापित श्री गणेशोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित होकर आरती एवं पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख समृद्धि और शांति की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### टीईटी के विरोध में आज शिक्षक करेंगे सामूहिक उपवास

**मंदसौर।** संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक श्याम मीणा ने बताया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की बाध्यता और प्रस्तावित व्यवस्था के विरोध में मंदसौर जिले के शिक्षक-शिक्षिकाएं आज 20 सितंबर को जिला स्तरीय सामूहिक उपवास रखेंगे। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर जिलेभर के शिक्षक प्रातः 11 बजे अभिव्यक्ति स्थल, महाराणा प्रताप बस स्टैंड पर एकत्र होंगे और शासन की नीतियों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

### नपा सफाई कर्मचारियों ने गांधी चौराहे पर दिया धरना

**मन्दसौर।** नगरपालिका कर्मचारी संयुक्त मोर्चा, मंदसौर के तत्वावधान में नगर पालिका परिषद मंदसौर में कार्यरत सफाई कर्मचारियों ने 15 सूत्रीय समस्याओं को लेकर शनिवार को गांधी चौराहा पर धरना दिया। संगठन की हेमा कंडारे ने बताया कि नगर पालिका परिषद मंदसौर में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन अनेक बार नपाध्यक्ष एवं सीएम को दिया गया लेकिन मांगों का निराकरण नहीं होने से कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन को भी ज्ञापन के माध्यम से मांगे प्रेषित की गई लेकिन अभी तक मांगों का निराकरण नहीं किये जाने से नपा कर्मचारियों में रोष व्याप्त है तथा यह धरना दिया गया है। आगे भी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो नपा कर्मचारी आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### काचरिया-बाबूखेड़ा मार्ग का नामकरण शहीद कृष्णपाल सिंह मार्ग रखा

**पिपलिया मंडी।** बाबूखेड़ा निवासी शहीद अग्निवीर जवान स्वर्गीय कृष्णपालसिंह चौहान की स्मृति एवं जन्मदिवस के अवसर पर नगर परिषद पिपलिया मंडी ने श्रद्धांजलि स्वरूप काचरिया-बाबूखेड़ा मार्ग एवं चौराहे का नामकरण च्शहीद कृष्णपाल सिंह मार्गज्ञ किया । इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शहीद जवान को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके त्याग, वीरता एवं राष्ट्रसेवा को याद किया गया। नामकरण कार्यक्रम में नगर परिषद पिपलिया मंडी की अध्यक्ष श्रीमती इंद्रा सुनील देवरिया सहित नगर परिषद की पूरी टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम में राजपूत समाज संगठन तहसील मल्हारगढ़ के पदाधिकारी एवं सदस्य, राजपूत समाज संगठन नगर इकाई पिपलिया मंडी के पदाधिकारी-सदस्य तथा आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे समाजजन एवं वरिष्ठ नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए व नगर परिषद अध्यक्ष का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### शादी का वीडियो डेटा मांगने को लेकर विवाद

**रतलाम।** पिपलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम मचुन में शादी की वीडियो रिकॉर्डिंग का डेटा मांगने की बात को लेकर हुए विवाद में एक दंपति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम मचुन निवासी फरियादी (जो फोटोग्राफी का कार्य करता है) ने करीब दो साल पहले ग्राम भैंसाडाबर निवासी रवि (पिता शंभूलाल) की शादी में फोटोग्राफी की थी और फोटो एल्बम दे दिया था।

# अनंत चतुर्दशी पर मंदसौर में निकलेगी भव्य झांकियां, 7 अखाड़े और 10 स्थानों पर होंगे गणेश जी के विशेष दर्शन

## नरेंद्र अग्रवाल पुनः सर्वसम्मति से केंद्रीय गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष मनोनीत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

केंद्रीय गणेश उत्सव समिति मंदसौर की आयोजित बैठक में आगामी वर्ष के लिए नरेंद्र अग्रवाल को सर्वसम्मति से पुनः समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में संरक्षक पं. दिलीप शर्मा ने बताया कि समिति के माध्यम से मंदसौर शहर में 61 वर्षों से लगातार आकर्षक एवं नयनाभिराम झांकियां निकलने की परंपरा चली आ रही है। परामर्शदाता पं. राधेश्याम शर्मा ने कहा कि इंदौर की तर्ज पर मंदसौर में भी झांकियां निकालने की शुरूआत उन्होंने 62 वर्ष पूर्व पं.रामनारायण शर्मा के साथ की थी और यह परंपरा आज भी निरंतर जारी है।

अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से समिति द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बल पर इस वर्ष अनंत चतुर्दशी पर नगर में 15 भव्य झांकियां और ७ अखाड़े शामिल होंगे। इस बार एक नया नवाचार भी किया जा रहा है, जिसके तहत शहर के 10 स्थानों पर विराजित भगवान गणेश जी की विशालकाय प्रतिमाओं को सुसज्जित ट्रैक्टरों पर झांकी के रूप में चल समारोह मार्ग में सम्मिलित किया जाएगा।

बैठक में नपा सभापति रमेश ग्वाला, पार्षद गोवर्धन कुमावत ने भी सुझाव रखे। इस अवसर पर कैलाश पुरोहित ने व्यवस्था हेतु 5100 रुपये की सहयोग राशि प्रदान की। वहीं मंदसौर विधायक




विपिन जैन ने दूरभाष पर शहर की सभी झांकी समितियों को विधायक स्वेच्छानुदान निधि से 5-5 हजार रु. की प्रोत्साहन राशि देने की स्वीकृति दी। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता कपिल मावर ने किया एवं आभार कोषाध्यक्ष राजकुमार सिंहल ने माना।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर रतलाम में लक्ष्य से अधिक हुआ रक्तदान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित च्सेवा संकल्प अभियानज के अंतर्गत रतलाम में रक्तदान को लेकर नागरिकों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

अभियान के तहत रतलाम में निर्धारित 200 यूनिट के लक्ष्य के मुकाबले 215 यूनिट रक्तदान किया गया। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार रतलाम उन जिलों में शामिल रहा, जहां निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचकर उससे अधिक रक्तदान हुआ।

इसी क्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला रतलाम द्वारा भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर लक्ष्मीनारायण पांडेय शासकीय मेडिकल कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजित कर 101 यूनिट रक्तदान किया गया।

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अनुकूल सोनी ने रक्तदान करने वाले सभी नागरिकों, युवाओं, कार्यकताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है और रतलाम के लोगों ने सेवा भावना के साथ आगे आकर जरूरतमंद मरीजों के लिए अपना योगदान दिया है। भाजपा नेताओं ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रतलाम में आयोजित विभिन्न शिविरों में भी बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की।

प्रदीप उपाध्याय एवं अनुकूल सोनी ने सभी रक्तदाताओं के प्रति पुनः आभार व्यक्त करते हुए उनके सेवा भाव की सराहना की।

## डॉ.दवे पुनः साहित्य अकादमी निदेशक नियुक्त

**नीमच।** मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी भोपाल के निदेशक के पद पर डॉ विकास दवे की नियुक्ति पर साहित्य, सांस्कृतिक प्रकल्प से जुड़े लोगों में प्रसन्नता हुई है। बाल साहित्यकार डा. विकास दवे को एक बार पुनः मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी का निदेशक मनोनीत किया गया । राज्य शासन के संस्कृति विभाग ने इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिए हैं। डा. दवे निदेशक के रूप में तीन वर्ष के अपने दो सफल कार्यकाल पहले ही पूरे कर चुके हैं। पहली बार 21 अगस्त 2020 को संस्कृति विभाग ने डा. दवे को तीन वर्षों के लिए साहित्य अकादमी का निदेशक मनोनीत किया था। पहला कार्यकाल पूरा होने के बाद 29 अगस्त 2023 को उन्हें पुनः तीन वर्षों के लिए यह जिम्मेदारी दी गई । जो उनका दूसरा कार्यकाल 28 अगस्त 26 को समाप्त हुआ द्य अब सरकार संगठन ने सर्वसम्मति से उनके नाम पर ही मुहर लगाई और कार्यकाल समाप्त होने के महज 20 दिनों के भीतर उन्हें आगामी तीन वर्षों के लिए तीसरी बार निदेशक नियुक्त कर दिया । डा. विकास दवे ने बिना पद के बाल साहित्य पत्रिका संपादक रहते हुए भी प्रदेश भर में भ्रमण कर कार्यक्रम किए। जिनकी नियुक्ति के बाद उन्होंने कहा भी है कि मुझे काम करने की इच्छा रहती है पद की लालसा नहीं। मेरी कोशिश होगी कि अनुभव से जो कुछ सीखा है, उसे साहित्य और समाज को दे सकूं। प्रदेशभर के साहित्य क्षेत्र से जुड़े लोगों सहित साहित्यिक संस्थाओं ने भी माना है की डॉ. विकास दवे के नेतृत्व में साहित्य अकादमी ने बेहतर उन्नति की है।





## आशीर्वाद का दिया जलाकर महाविद्यालय ने लिया सेवा का संकल्प

**पिपलियामंडी।** पं. अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, पिपलियामंडी में सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत विभिन्न सेवा एवं जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के प्रारम्भ मे महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आशीर्वाद का दियाज कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में दीप प्रज्वलन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्रोफेसर डीसी बोरीवाल, राधेश्याम कटारा, डॉ चंद्रकला चौहान, दीपशिखा कालड़ा, प्रीति गिरवाल, रितु शर्मा भी उपस्थित थे। महाविद्यालय के सेवा संकल्प अभियान के प्रभारी डॉ. कुमावत ने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में विभिन्न रचनात्मक एवं सेवा आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इनमें मेरे सपनों का भारत, च्सेवा चित्र अनकही कहानी, आंगन मिलन सेवा की कहानी, च्सेवा मेरा योगदान, च्सेवा सेतु अभियान सेवा के रंग राष्ट्र के संग तथा च्सुशासन सेवा अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रम शामिल हैं। इन गतिविधियों में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ पूर्व विद्यार्थियों की भी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

## पुलिस की तस्करों के विरूद्ध 4 थानों की कार्रवाई में 128 किग्रा डोडाचूरा बरामद, 7 आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

एसपी विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में जिले के चार अलग-अलग थाना क्षेत्रों-दलौदा, सुवासरा, मल्हारगढ़ और नारायणगढ़ की पुलिस टीमों ने कार्रवाइयां करते हुए बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ जब्त किए हैं और तस्करी में लिप्त कुल सात आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया है। चारों मामलों में संबंधित थानों पर एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं।

जानकारी अनुसार दलौदा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर महू-नीमच हाईवे पर ग्राम लखमाखेड़ी के पास नाकाबंदी कर एक नीले रंग के अशोक लीलैंड कंटेनर को रोककर तलाशी लेने पर परचून के सामान के बीच छिपाकर ले जाया जा रहा 71 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से वाहन चालक सुखराम जाट निवासी अजमेर (राजस्थान) को गिरफ्तार किया।



पूछताछ में डोडाचूरा के मुख्य सप्लायर का नाम सामने आने पर नीमच के आरोपी हैप्पी हरियाणा ढाबा संचालक गुरमीत सिंह उर्फ हैप्पी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। इसी प्रकार सुवासरा थाना पुलिस ने बसई कुरावन रोड पर घेराबंदी कर ग्राम आंसपुरा निवासी मदनसिंह सौंधिया राजपूत को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 30 ग्राम अवैध स्मैक, 7 किलो ग्राम डोडाचूरा और एक एंड्रॉइड मोबाइल जब्त किया गया। आरोपी ने यह माल राजस्थान के घाटाखेड़ी निवासी फारुक पठान से लाना स्वीकार किया है। पुलिस ने जिसे भी आरोपी बनाया।

तीसरी कार्रवाई में मल्हारगढ़ पुलिस ने कृषि मंडी के सामने महू-नीमच हाईवे से एक मोटरसाइकिल पर सवार लक्की हाडा और राधेश्याम उर्फ कमलेश दोनों निवासी कालाखेड़ा, गरोठ को पकड़कर इनके कब्जे से 526 ग्राम एमडी ड्रग्स और 5.640 किग्रा डोडाचूरा जब्त किया गया। इस नेटवर्क की पड़ताल करते हुए पुलिस ने माल खरीदने आए महाराष्ट्र के पुणे निवासी शेराराम देवासी को भी गिरफ्तार कर लिया, जबकि मुख्य सप्लायर अकरम निवासी भैंसोदामंडी की तलाश जारी है। चौथी सफलता नारायणगढ़ पुलिस को मिली, जहां नारायणगढ़-मल्हारगढ़ रोड पर बालाजी मंदिर के पास से पंजाब के बठिंडा निवासी शुभम को तीन बैगों में छिपाकर ले जाया जा रहा 45.4 किलोग्राम डोडाचूरा और दो मोबाइल फोन के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

## मेरे सपनों का भारत कार्यक्रम में भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत कार्यक्रम के तहत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नीमच में भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक दिलीप सिंह परिहार ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भाषण एवं चित्रों के माध्यम से अपने सपनों के भारत की कल्पना को अभिव्यक्त किया। इस दौरान विद्यार्थियों की प्रतिभा और रचनात्मकता देखने को मिली। विधायक परिहार ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी की प्रतिभा, रचनात्मक सोच और राष्ट्र निर्माण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष दारा सिंह यादव, महामंत्री दुर्गेश शर्मा,कार्यक्रम सह संयोजक लोकेश चांगल, सहायक संचालक मनोज जैन, प्राचार्य अरविंद कुमार शर्मा, सतीश हास, ओम सिंह हाड़ा, ब्रजराज सिंह चौहान सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## अफीम का पट्टा खरीदने-बेचने वाले दो तस्करों को 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास

**नीमच।** विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट) जिला-नीमच द्वारा अफीम का पट्टा खरीदने-बेचने एवं अवैध अफीम की तस्करी करने वाले दो आरोपीगण दिलीपसिंह पिता मदनसिंह, निवासी बरखेड़ा सौंधिया, जिला नीमच और मुकेश पिता रमेशचंद्र, निवासी ग्राम-चल्दू, जिला नीमच को एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1-1 लाख रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि 4 मार्च 2021 को कार्यालय उप नारकोटिक्स आयुक्त नीमच में मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम चल्दू की कलावतीबाई के नाम जारी अफीम पट्टे का लाइसेंस उनके पुत्र मुकेष ने उनकी जानकारी से छिपाकर ग्राम बरखेड़ा सौंधिया के अफीम कृषक दिलीपसिंह को सौंप दिया हैं एवं पैसो के लालच में पट्टे का अवैद सौदा कर उससे निकलने वाली अफीम को दैनिक तौल रजिस्टर में दर्ज नहीं कराया जा रहा है। मुखबीर सूचना पर से अगले दिवस 5 मार्च 2021को निवारक दल का गठन किया जाकर कार्यवाही की गई।

## श्रीमती हर्षिता पौराणिक गुर्जर गौड ब्राह्मण जिला महिला सभा की अध्यक्ष मनोनीत



**नीमच।** अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के अंतर्गत अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महिला सभा की प्रांतीय इकाई मध्यप्रदेश द्वारा श्रीमती हर्षिता पौराणिक, नीमच को जिला महिला सभा, नीमच के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। प्रांतीय महिला सभा की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति पुरोहित द्वारा जारी मनोनयन-पत्र के अनुसार श्रीमती हर्षिता पौराणिक को महासभा की राष्ट्रीय महिला सभा की अध्यक्ष श्रीमती माया राजेश त्रिवेदी की सहमति से जिला महिला सभा के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मनोनयन-पत्र में विश्वास व्यक्त किया गया है कि वे महासभा के संविधान एवं उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते हुए समाज को नई दिशा प्रदान करेंगी। श्रीमती हर्षिता पौराणिक के मनोनयन पर समाजजनों एवं महिला सभा की पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दीं। समाजजनों ने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में महिला सभा सामाजिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को और गति प्रदान करेगी तथा समाज की महिलाओं को एकजुट कर उनके प्रतिभा विकास एवं सामाजिक सह भागिता के लिए नए अवसर उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर श्रीमती हर्षिता पौराणिक ने समाज के वरिष्ठजनों एवं महिला सभा के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त कर संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## न्यूज कालम




### शासकीय कन्या उ.मा.वि. में सेवा संकल्प अभियान मनाया

**पिपलियामंडी।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्टेशन के प्राचार्य श्री यू.एस पांडेय के मार्गदर्शन में सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। इसमें नोडल श्री दशरथ सिंह चंद्रावत एवं भाषण एवं चित्रकला प्रभारी श्री बालमुकुंद वर्मा एवं श्रीमती निशा पाटीदार रहे ।जिसमें छात्राओं द्वारा भाषण एवं चित्रलेखन प्रतियोगिता में भाग लिया गया। इसमें मुख्य अतिथि श्री भगवती प्रसाद गहलोत सेवानिवृत्ति व्याख्याता डाइट मंदसौरएवं श्री घनश्याम पाटीदार सेवानिवृत्ति व्याख्याता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलियास्टेशन के सानिध्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। चित्रकला लेखन में कक्षा १२वीं की योगेश्वरी पिता अरविंद, ने प्रथम स्नेहा पिता जगदीश, ने द्वितीय उमा पिता मोकम सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम राधा पिता शांतिलाल, द्वितीय प्रतिज्ञा पिता संजय, गुनगुन पिता जीवनलाल ,ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी को सांत्वना पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर स्टाफ के सभी शिक्षक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री बीएम वर्मा ने किया एवं आभार श्री मोहन परमार ने माना।

### समाजसेवी श्री बंसल दिवंगतों के अस्थि कलश लेकर हरिद्वार जाएंगे

**मंदसौर।** समाजसेवी एवं पार्षद सुनील बंसल पितृपक्ष के पावन अवसर पर अपनी 33 वर्षों की अनवरत सेवा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 34वें वर्ष भी दिवंगतों के अस्थि कलश लेकर हरिद्वार जाएंगे। आगामी 3 अक्टूबर शनिवार को वे जरूरतमंद, निराश्रित एवं लावारिसों की आत्मा की शांति के लिए 18 पुरुषों, 6 महिलाओं तथा 11 बंदरों के अस्थि कलश लेकर गंगाजी में विसर्जन हेतु प्रस्थान करेंगे। उल्लेखनीय है कि सुनील बंसल पिछले 33 वर्षों से यह सेवा कार्य कर रहे हैं और अब तक हजारों लावारिस व असहाय दिवंगतों का अंतिम संस्कार करवा चुके हैं तथा निर्धन परिवारों को अंतिम क्रिया-कर्म की सामग्री निः शुल्क उपलब्ध कराई। जो परिवार आर्थिक या अन्य कारणों से हरिद्वार जाने में असमर्थ हैं, वे अपने परिजनों के मोक्ष हेतु अस्थि कलश 3 अक्टूबर की सुबह 11 बजे तक सुनील बंसल के गणपति चौक, जनकुपुरा स्थित निवास पर सौंप सकते हैं। वहां विधिवत पूजन-अर्चन के पश्चात अस्थि कलशों को हरिद्वार ले जाया जाएगा। जहां हिंदू रीति-रिवाज से पिंडदान एवं गंगाजी में अस्थि विसर्जन का कार्य संपन्न करवाएंगे।



### उत्कृष्ट विद्यालय में मेरे सपनों का विकसित भारत 2047 पर प्रतियोगिताएं आयोजित



**मंदसौर।** स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मेरे सपनों का विकसित भारत 2047 विषय पर भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया उपस्थित रहे। साथ ही युवा मोर्चा के पीयूष जैन, महेंद्रसिंह परिहार, सुयश राठौर, आकाश निगम, गणेश नायक तथा एसएमसी अध्यक्ष राजेश शर्मा व उपाध्यक्ष श्रीमती मनीषा गहलोत भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उत्कृष्ट स्कूल के प्राचार्य के.सी. सोलंकी ने कहा कि छात्र स्वास्थ्य और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग कर देश के निर्माण में योगदान दें।भाषण प्रतियोगिता में सबा खान ने प्रथम, नैतिक काठा ने द्वितीय तथा गीत अखंड व अर्पिता बारेट ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में जीनी प्रथम, चंद्रपाल सिंह द्वितीय तथा देवकन्या व आशीष पाटीदार संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन आशीष बंसल एवं ज्योति गोस्वामी ने किया तथा आभार खुशबू शर्मा ने माना।

**100 प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थियों को डिनर का वादा**

**रतलाम / ढोढर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढोढर में आज भोपाल से आए स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव अरविंद चोरगड़े द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों की विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया।

## जनपद पंचायत में वर्षों से रिक्त पड़े पदों की जनहित में तत्काल करें पदपूर्ति- पंवार

**खाचरोद।** जनपद पंचायत में वर्षों से अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कई पद रिक्त होने से 130 पंचायतों का जनकल्याणकारी कार्य प्रभावित हो रहा है। जनपद पंचायत अध्यक्ष कुंवर पृथ्वीराजसिंह पंवार ने मुख्यमंत्री, पंचायतमंत्री एवं सीईओ जिला पंचायत को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि विकासखंड अधिकारी 1, खंड पंचायत अधिकारी 1, सहायक विकास विस्तार अधिकारी के 7 पद, पंचायत समन्वयक के 6 पद, सहायक ग्रेड्स2 विकासखंड का 1 पद, सहायक ग्रेड्स3 जनपद के 4 पद, भृत्य के 2 पद कुल 22 पद जनपद में वर्षों से रिक्त पड़े हैं। पंवार ने पत्र में इस और भी ध्यान आकर्षित कराया है कि कई बार पूर्व में भी इस संबंध में अवगत कराया गया लेकिन आज भी स्थिति ज्यों कि त्यों ही बनी हुई है।

## श्रीमद् भागवत कथा पौथी की निकाली शोभायात्रा



**महिदपुर रोड।** नगर पोरवाल समाज जनों द्वारा प्रतिवर्षण अनुसार इस वर्ष भी शुक्रवार से श्रीमद् भागवत कथा का वाचन प्रसिद्ध भागवत कथा प्रवक्ता पंडित सुनील कृष्ण व्यास के मुखारविंद से प्रारंभ करवाया गया। प्रथम दिन भागवत कथा प्रवक्ता पंडित व्यास तथा श्रीमद् भागवत कथा पौथी की शोभा यात्रा निकाली गई जिसे सभी ने बड़ी-बड़ी से अपने सिर पर धारण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। भागवत कथा पोथी तथा पंडित व्यास का विभिन्न समाज जनों ने पुष्प माला पहनाकर पुष्प वर्षा का स्वागत किया प्रथम दिन की भागवत कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में समाज की महिला पुरुष तथा बच्चे समाज की धर्म शाला पहुंचे प्रथम दिवस की कथा के यजमान समाज अध्यक्ष बाल कृष्ण पोरवाल तथा उनके परिजन रहे।

## भोपाल में अध्यक्ष चौहान का रामजी महाजन पिछड़ा वर्ग से सम्मानित

**बडौद।** विगत दिवस भोपाल में राम जी महाजन पिछड़ा वर्ग सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें समाजसेवियों जिनका सम्मान किया गया जिसमें चिकित्सा समिति अध्यक्ष दिलीप चौहान का सम्मान किया गया ! इस अवसर पर रामी माली समाज के अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष प्रेमनारायण परमार, नरसिंह घाट धर्मशाला अध्यक्ष आनंदीलाल पटेल, ओंकारेश्वर धर्मशाला अध्यक्ष सत्यनारायण सोलंकी, छात्रावास अध्यक्ष कैलाश हरोड़, बिजलपुर समाज अध्यक्ष शंकर लाल पटेल, देवास समाज अध्यक्ष मुकेश गोयल, ताराचंद मालवी साहित्य लेखक नंदकिशोर चौहान, उज्जैन से शिवनारायण जागीरदार, इकलेरा से गौरी शंकर परमार वह पुरुषोत्तम परमार एवं अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 6 दिवसीय विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 20 से

**तराना।** लॉयन्स क्लब तराना के तत्वाधान में एक्युप्रेशर, सुजोक वाइब्रेशन प्राकृतिक चिकित्सा का 6 दिवसीय विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। वाईब्रेशन, सुजोक, कैनेटिक थैरेपी का छः दिवसीय एक्यूप्रेशर शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें एक्यूप्रेशर थैरपी ट्रेनिंग एवं ट्रीटमेन्ट रजि. संस्था जोधपुर के थेरेपिस्ट डॉ. नरेन्द्र चौधरी थैरेपिस्ट मगराज सोलंकी एवं थेरेपिस्ट रमेश सुधार सेवाएँ देने के लिए पधार रहें है। अतः अधिक से अधिक संख्या में पधारकर शिविर में स्वास्थ्य लाभ उठाएं।

## 54 तपस्वियों को प्रथम पारणा कराकर बरडिया परिवार ने लिया धर्म लाभ

**महिदपुर रोड।** गुरुवार को नगर में54 तपस्वियों के 45 दिनों की कठिन तपस्या सिद्धि तप व मासक्षमण तपस्वियों की तपस्या के निमित्त आयोजित कार्यक्रम में सभी तपस्वियों को राजेंद्र जयंत पारणा पांडाल में प्रथम पारणा करने का लाभ लाभार्थी सोनू बरडिया के सिद्धि तप तपस्या के अनुमोदनार्थ बरडिया परिवार का लाभ लिया गया विधायक दिनेश जैन बोस, सकल जैन श्री अध्यक्ष अजय चौरडिया, चातुर्मास समिति अध्यक्ष परेश चत्तर, आदि के साथ 50 से अधिक श्री संघों द्वारा अनुमोदना की गई।

### सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष उपचुनावः नाम वापसी के बाद सुसनेर अध्यक्ष उपचुनाव की तस्वीर साफ

# 2022 के बाद फिर आमने-सामने प्रदीप-विष्णु, इस बार अध्यक्ष पद के लिए मुकाबला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



नगर परिषद के अध्यक्ष पद के उपचुनाव में शुक्रवार को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही चुनावी तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई है। अब अध्यक्ष पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी प्रदीप सोनी और कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी विष्णु पाटीदार के बीच सीधा मुकाबला होगा। दोनों प्रमुख दलों ने अपने-अपने प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी गतिविधियां तेज कर दी हैं। प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं से संपर्क करने के साथ ही पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी प्रचार में जुट गए हैं।

नगर परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के दौरान भाजपा और कांग्रेस से कई दावेदारों ने नामांकन दाखिल किए थे। शुक्रवार को नाम वापसी की अंतिम तिथि पर दोनों दलों के नेताओं ने अपने अधिकृत प्रत्याशियों के अलावा अन्य दावेदारों से चर्चा कर उनके नामांकन वापस करवाए। इसके बाद चुनाव मैदान में अब केवल भाजपा के प्रदीप सोनी और कांग्रेस के विष्णु पाटीदार ही प्रमुख प्रत्याशी के रूप में रह गए हैं।

इस उपचुनाव की खास बात यह है कि भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सोनी और कांग्रेस प्रत्याशी विष्णु पाटीदार वर्ष 2022 के नगर परिषद पार्षद चुनाव में भी आमने-सामने चुनाव लड़ चुके हैं। उस चुनाव के बाद अब दोनों एक बार फिर चुनाव मैदान में आमने-सामने हैं, लेकिन इस बार मुकाबला नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए है।

प्रदीप सोनी नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 4 से पार्षद हैं और अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी बनाए गए हैं। वहीं विष्णु पाटीदार कांग्रेस की ओर से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी हैं। दोनों प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होने के कारण नगर परिषद उपचुनाव को लेकर शहर में राजनीतिक गतिविधियां बढ़ गई हैं।

**नौ माह से भी कम कार्यकाल के लिए चुनाव**

नगर परिषद अध्यक्ष पद का यह उपचुनाव परिषद के बचे हुए नौ माह से भी कम कार्यकाल के लिए हो रहा है। ऐसे में चुनाव परिणाम के बाद निर्वाचित होने वाले अध्यक्ष के सामने कम समय में नगर के लंबित विकास कार्यों, नागरिक सुविधाओं और परिषद से जुड़े विषयों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी होगी। चुनाव को लेकर शहर के 15 वार्डों में राजनीतिक चचाएँ भी तेज हो गई हैं।

## घरेलू गैस सिलेंडरों से अवैध रूप से वाहन में गैस रिफिलिंग करते 2 गिरफ्तार

### 3 गैस सिलेंडर, कार सहित 5.10 लाख रु का माल जप्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।



राजगढ़ जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना छापीहेड़ा पुलिस ने अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडरों से वाहनों में गैस रिफिलिंग करने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की। थाना प्रभारी निरीक्षक उमाशंकर मुकाती को सूचना मिली कि खजुरी रोड, छापीहेड़ा स्थित एक मकान के सामने घरेलू गैस सिलेंडरों से वाहनों में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ने वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन से तत्काल पुलिस टीम का गठन किया एवं टीम को मौके पर रवाना किया। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर दो व्यक्ति एक कार में घरेलू गैस सिलेंडरों से मोटर के माध्यम से गैस रिफिलिंग करते पाए गए।

पूछताछ करने पर आरोपी अनुराग जायसवाल पिता महेश जायसवाल निवासी खजुरी रोड छापीहेड़ा एवं सोनू साहू पिता जुगल किशोर साहू निवासी भाटखेड़ा, थाना छापीहेड़ा। दोनों आरोपियों से गैस रिफिलिंग के संबंध में वैध दस्तावेज एवं अनुमति मांगी, जो उनके द्वारा प्रस्तुत नहीं की। आरोपियों का कृत्य धारा 287 बीएनएस एवं धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस ने मौके से इंडियन कंपनी के कुल 03 घरेलू गैस सिलेंडर, 01 आधा भरा हुआ गैस सिलेंडर, 02 खाली गैस सिलेंडर, गैस रिफिलिंग करने की 01 मोटर, इको कार क्रमांक एमपी 09 एटी 5448 कुल 5,10,000/-रु का माल जप्त किया।

## विश्वकर्मा पूजा पर शिल्पकार संगठन ने निकाली झांकी

अवन्तिका ▸▸ खरसौदकलां

भगवान विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर शिल्पकार कारीगर संगठन की ओर से गुरुवार को पूजा उत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान विश्वकर्मा की आकर्षक झांकी सजाकर नगर के प्रमुख मार्गों से चल समारोह निकाला गया। आयोजन में बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी, कारीगर और समाजजन शामिल हुए।

चल समारोह शाम को बस स्टैंड स्थित छतरी मंदिर परिसर से प्रारंभ हुआ। भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना के बाद झांकी के साथ चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकला। रास्तेभर भगवान विश्वकर्मा के भजनों की धुन पर संगठन के पदाधिकारी और कारीगर उत्साह के साथ थिरकते हुए आगे बढ़े। श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा के जयकारे भी लगाए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

कार्यक्रम के दौरान भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की गई। कारीगरों ने अपने औजारों एवं कार्यस्थल की भी पूजा की। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को निर्माण और शिल्पकला का प्रतीक माना जाता है। उनके आशीर्वाद से कारीगरों को अपने कार्य में कुशलता और सफलता प्राप्त होती है।

चल समारोह के दौरान नगरवासियों ने भी झांकी के दर्शन किए। आयोजन के समापन पर भगवान विश्वकर्मा की आरती की गई और उपस्थित श्रद्धालुओं एवं समाजजनों को प्रसादी का वितरण किया गया।




## नवीन हाई स्कूल में सेवा संकल्प कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ मनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर नवीन हाई स्कूल, तराना में गरिमामय सेवा संकल्प 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।इस अवसर पर शाला के प्राचार्य बृजेश शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में किए गए विभिन्न जनहितकारी कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों को दी। उन्होंने विद्यार्थियों को देश के विकास, जनसेवा एवं राष्ट्रहित के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।इस अभियान के अंतर्गत आशीर्वाद के दिये जलाये गये जामुन के पौधे का रोपण कर ट्री गॉर्ड और ग्रीन मेटी से सुरक्षा की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक श्री विनोद जी जोशी रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को समझने तथा समाज एवं देश के विकास में सकारात्मक योगदान देने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम का सफल संचालन विनिता कानड़ी ने किया। अंत में वरिष्ठ शिक्षक साथी शीतल पांडे ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत द्वितीय दिवस भाषण प्रतियोगिता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत द्वितीय दिवस भी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

भाषण प्रतियोगिता का विषय विकसित भारत 2047 निर्धारित रहा ।प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा विषय से संबंधित अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने विकसित भारत की संकल्पना, भारत के उज्ज्वल भविष्य, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका, शिक्षा, तकनीकी विकास, आत्मनिर्भरता तथा सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति जैसे विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए।

प्रतियोगिता में नेहा यादव, संजना शर्मा, माधुरी पवार, माधव राज सिंह राठौड़, रवीना, आरती मुनिया, उमा बैरागी, मेघा मंडलोई, मुस्कान बरोड़, दर्शन सिंह यादव सहित अन्य विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने भाषणों के माध्यम से वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में देखने की अपनी संकल्पनाएँ प्रस्तुत कीं तथा राष्ट्र के विकास में युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

संचालन प्रो.अनिल राठौड़ द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. सुनीता कुमावत, डॉ. अर्चना शर्मा एवं प्रोफेसर संजय जोहराम उपस्थित रहे। निर्णायकों द्वारा प्रतिभागियों के भाषणों का विषयवस्तु, प्रस्तुतीकरण, भाषा-शैली, आत्मविश्वास एवं प्रभावशीलता आदि विभिन्न मानदंडों के आधार पर मूल्यांकन किया गया।

### एल्डरमैन महेश सेन ने नपा अध्यक्ष से की मांग

## आजाद चौक में जलभराव और दूषित पेयजल की समस्याओं को हल की जाए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



नगर के आजाद चौक क्षेत्र में गंदे पानी की निकासी और पेयजल लीकेज की गंभीर समस्या को लेकर एल्डरमैन (वरिष्ठ पार्षद) महेश सेन ने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष को एक मांग पत्र सौंपा है।

एल्डरमैन सेन में बताया कि आजाद चौक क्षेत्र में लंबे समय से नाली की समस्या गंभीर बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बारिश में क्षेत्र में पानी भर जाता है क्योंकि नाली एवं जल निकासी की व्यवस्था ठीक से नहीं है। इससे सड़क जलमग्न हो जाती है और आवागमन में भारी परेशानी होती है। क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइन में जगह-जगह लीकेज है, जिसके कारण गंदा पानी पाइप लाइन में मिलकर घरों तक पहुंच रहा है। इससे नागरिकों को दूषित पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

जन सुविधा, स्वच्छता एवं जन स्वास्थ्य की दृष्टि से इस विषय में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। मांग पत्र की प्रतिलिपि विधायक जितेन्द्र सिंह पंड्या एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अभय टोंग्या को भी भेजी गई है।

## अशीर्वाद का दिया कार्यक्रम सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं 25 वर्षों की सेवा के उपलक्ष्य में गुरुवार को महिदपुर में आशीर्वाद का दिया दीपोत्सव आयोजित किया गया। नगर के प्रमुख स्थानों, शिप्रा नदी के घाटों पर दीप प्रज्वलित किया गया।

गऊघाट सहित छह स्थानों पर आयोजन हुआ। नगर में करीब 10 हजार दीप प्रज्वलित किए गए। शासकीय भवनों को विद्युत रोशनी से सजाया गया। इसी अभियान के तहत शासकीय चिकित्सालय में निःशुल्क रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों एवं संगठनों के लोगों ने सहभागिता की।

अखिल औदीच्य ब्राह्मण महासभा संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पटेल की अनुशंसा पर सामाजिक, सांस्कृतिक, संगठनात्मक योगदान एवं समाज सेवा के प्रति समर्पण को दृष्टिगत रखते हुए डॉ.भगवतीप्रसाद जोशी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। इंदौर बीएम कॉलेज में आयोजित सामाजिक समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष ओर समाज के अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा श्री जोशी का अभिनंदन कर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। तथा जगदीश उपाध्याय बैजनाथ को प्रदेश उपाध्यक्ष, अमृत रावल कढ़ाई को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया तथा अन्य पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र प्रदान किए । इस अवसर पर मनीष पटेल, योगेश पटेल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश पटेल, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भगवान शर्मा लिंबोदा, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अभिलेश ठक्कर, चंदरसिंह पंड्या, नागेश्वर उपाध्याय, नारायण सिंह पाठक, सुभाष शर्मा, अंतरसिंह पंड्या, राम शर्मा, बलराम मेहता, मुकेश उपाध्याय मौजूद रहे।



## सुसनेर में अनुमति लेकर ही बजाना होगा डीजे, कम ध्वनि में संचालन के निर्देश

**सुसनेर।** नगर परिषद अध्यक्ष उपचुनाव को लेकर लागू आचार संहिता के मद्देनजर गुरुवार को पुलिस थाना परिसर में डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक थाना प्रभारी अनिल मालवीय की मौजूदगी में हुई। इसमें डीजे संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी ने बताया कि आगामी दिनों में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों की तैयारियां चल रही हैं। ऐसे में डीजे का संचालन निर्धारित नियमों के तहत ही किया जाए। डीजे बजाने के लिए संबंधित आयोजक को अनुमति लेना अनिवार्य होगा तथा अनुमति की एक प्रति पुलिस थाने में उपलब्ध करानी होगी। बैठक में डीजे संचालकों को निर्देशित किया गया कि अनुमति प्राप्त होने के बाद ही डीजे बजाएं तथा ध्वनि निर्धारित सीमा में रखें। साथ ही आचार संहिता के दौरान किसी भी प्रकार के विवाद अथवा नियमों के उल्लंघन से बचने के लिए प्रशासन एवं पुलिस द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की बात कही गई।

## संकुल स्तरीय बैठक आयोजित



**बडौद।** सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सूदवास पर संकुल स्तरीय बैठक आयोजित की गई' बैठक में सभी संस्था प्रभारी शासकीय ओर अशासकीय संस्था प्रभारी शामिल हुए। बैठक में बिंदुवार चर्चा की गई 'बैठक को प्राचार्य सत्यनारायण नाथ द्वारा संकुल स्तरीय शिक्षकों को सेवा संकल्प अभियान के बारे में विस्तार से समझाया गया ' एवं शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के कार्यों की समीक्षा भी की गई 'प्राचार्य जामली शरद परमार,रोजानी प्राचार्य मांगीलाल जांगड़े एवं जनशिक्षक देवेश दुबे, प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे।बैठक का संचालन जनशिक्षक सूदवास अशोक शर्मा ने किया ' बैठक में निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई संकल्प सेवा अभियान के तहत चित्रकला प्रतियोगिता ,भाषण प्रतियोगिता, विकसित भारत की थीम पर आयोजित करने हेतु चर्चा की गई ' यह जानकारी संस्था के शिक्षक उमाशंकर शर्मा द्वारा दी गई' 'कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन संस्था के शिक्षक गोकुल मालवीय द्वारा किया गया।

## कृषि उपज मंडी में शुभ मुहूर्त की सोयाबीन 5761 रुपए में बिकी



**महिदपुर रोड।** कृषि उपज उप मंडी में शुक्रवार को शुभ मुहूर्त में नई सोयाबीन का नीलामी का कार्य शुक्रवार को शुरू हुआ, मंडी नीलामी के कार्य में ग्राम ईसनखेड़ी के कृषक करणसिंह मानसिंह की सोयाबीन नीलामी के उपरांत सर्वाधिक बोली लगा कर राजकुमार रतनलाल चौधरी ने 5761 प्रतीक मंडल के भाव से नीलामी में खरीदी इस अवसर पर मंडी व्यापारी तिलक अरोरा निर्मल अरोरा, महेंद्र अरोरा, मनोहर पोरवाल, अविनाश जैन ,संस्कार शर्मा ,तुलावटी लेखराज अरोड़ा ,जगदीश जाट, शाहरुख खान इत्यादि उपस्थित थे, मंडी प्रभारी चंदर लाल परमार द्वारा व्यापारी प्रवीण चौधरी ओर किसान का स्वागत किया गया, कर्मचारी धर्मेंद्र पंवार सचिन सोनी धीरप सौलंकी निखिल शर्मा अजय धाकड़ आदि उपस्थित थे।

## चोपड़ा-झीन में पर्युषण पर्व की धूम,श्री दिगंबर जैन मंदिर में भक्तिभाव से हो रहे धार्मिक आयोजन



**तराना।** चोपड़ा-झीन स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में पर्वाधिराज पर्युषण पर्व बड़े ही भक्ति भाव एवं धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रतिदिन प्रातःकाल समाजजनों द्वारा बड़े ही श्रद्धा भाव से भगवान का अभिषेक, शांतिधारा एवं मंडल विधान पूजन किया जा रहा है। पर्युषण पर्व के दौरान मंदिर में धर्ममय वातावरण बना हुआ है। रात्रि में शास्त्र वाचन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालु जिनवाणी का श्रवण कर धर्म लाभ ले रहे हैं। रात्रि में ही 48 दीपकों से श्री भक्तांबर महाआरती की जा रही है, जिसमें समाजजन शामिल होकर भक्ति में लीन हो रहे हैं।यह जानकारी यशवंत पाटोदी द्वारा दी गई।

## आलोट जागीर एवं करनावद में विश्वकर्मा पूजन महोत्सव मनाया

**उन्हेल।** बड़े हर्ष,आनंद और उत्साह के साथ विश्वकर्मा पांचाल समाज आलोट जागीर एवं करनावद द्वारा 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजन के पावन अवसर पर भगवान विश्वकर्मा पूजन महोत्सव मनाया कार्यक्रम का आरंभ भगवान विश्वकर्मा का हवन, पूजन एवं आरती करने के पश्चात भोजन महाप्रसादी की गई , सभी समाजजन सह परिवार पधारे, सभी के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन सफल रहा, सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद।

### सेवाज्ञ संस्थानम की छठवी युवा धर्म संसद में शामिल हुए देश के 25 राज्यों से आए 1600 से अधिक युवा


# हमारे संस्कारों में धर्म इतना गहरा कि कर्त्तव्य हमें धर्म की और ले जाता है-भागवत

### संघ सुप्रीमों ने युवाओं से संवाद की भाषा में शास्त्रोक्त उद्दत श्लोकों, कथानकों एवं महाभारत सहित अन्य दृष्टांत से समझाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जीवन में धर्म होगा तो सार्थकता और समाधान रहेगा। करोड़ों रुपये कमाकर भी व्यक्ति असंतुष्ट रह सकता है, लेकिन धर्मपूर्ण जीवन जीने वाला व्यक्ति समाज के लिए प्रेरणा बन सकता है। भारत के युवाओं का जीवन ऐसा हो कि जिससे पूरा विश्व प्रेरणा ले। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। युवा धर्म संसद को संबोधित करते हुए आचार्य मिथिलेशानंद शरण महाराज ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि भारत की ज्ञान परंपरा और धर्म के सिद्धांतों को आधुनिक संदर्भ में समझना आवश्यक है। युवा धर्म संसद का उद्देश्य युवाओं को अपनी परंपरा, ज्ञान और जीवन-मूल्यों से जोड़ना है। इस पवित्र भूमि में सेवाग्य संस्थानम के संकल्प का स्वरूप युवा धर्म संसद के छठवें संस्करण के रूप में उपस्थित है।

प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने अपने संबोधन में कहा कि रामायण में 'धर्ममूर्ति' जैसे शब्द का किसी अन्य भाषा में पूर्ण अनुवाद संभव नहीं है। इसका अनुभव किया जा सकता है। इसी प्रकार 'आत्मवान' का भी केवल अनुवाद नहीं किया जा सकता, उसका अनुभव किया जा सकता है। युवा धर्म संसद में 'इंडिया से भारत' की ओर जाने और युवाओं को भारत की ज्ञान परंपरा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। यदि भारत के युवा आत्मवान बनेंगे तो यही हमारे लिए बहुत बड़ा लाभ होगा। यही वास्तविक भारतीय युवा होंगे।



### स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण को केंद्र में रखकर आयोजन

अंत में संस्था के आशीष कुमार आशु ने आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक शिकागो भाषण को केंद्र में रखकर यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 से शुरू हुआ यह राष्ट्रीय उपक्रम युवाओं में कर्तव्यपरायणता की दिशा में एक वैचारिक यात्रा के रूप में आगे बढ़ रहा है। सेवाग्य संस्थानम की देश के 13 राज्यों में इकाइयां हैं तथा देशभर से युवाओं को आमंत्रित किया जाता है। इस आयोजन में लगभग 25 राज्यों से युवा प्रतिभागियों के शामिल हुए हैं। तीन दिनों तक चलने वाली युवा धर्म संसद में व्याख्यान, संवाद, जिज्ञासा-समाधान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के विभिन्न सत्र आयोजित होंगे। प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों पर बातचीत और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

## धर्म संसद में डा.भागवत का शब्दः संबोधन

जब मैंने सुना कि 'युवा धर्म संसद' है तो आनंद हुआ, क्योंकि धर्म का विचार युवा करते हैं–यह बात आजकल सुनाई ही नहीं देती। धर्म की बात करें तो लोग कहते हैं कि यह बुढ़ापे की बात है। धर्म अस्तित्व के प्रारंभ से अस्तित्व के अंत तक रहता है और उसी के अनुसार सारी बातें चलती हैं। आप उसको मानो या मत मानो। दुनिया में ऐसी बातें हैं जिन्हें हम मानें या न मानें, वे अपने नियम से चलती हैं। सूर्य है, उसका उदय और अस्त निश्चित है।

उद्घाटन का भाषण करना था तो मेरे मन में एक विचार आया। मैंने एक किस्सा सुना था। कठिनाई में फंसे एक व्यक्ति से पूछा गया कि धर्म के बारे में बोलोगे? उसने कहा–मैं धर्म का जानकार नहीं हूं, अधिकारी तो स्वामी जी हैं। धर्म को समझने के लिए पहले से बनी धारणाओं को कुछ समय के लिए अलग रखना पड़ता है। जैसे कोई व्यक्ति ज्ञान पाने के लिए गुरु के पास गया। गुरु ने चाय का कप लिया और उसमें चाय डालते रहे। कप भर गया, चाय बाहर गिरने लगी। व्यक्ति ने कहा–कप तो भर गया। गुरु ने कहा–तुम भी ऐसे ही भरे हुए हो। पहले खाली हो जाओ, फिर कुछ नया ग्रहण कर पाओगे। मैं यह नहीं कह रहा कि आप अपना मन खाली कर लें और फिर मैं बताऊंगा। अहंकार मेरा नहीं है। लेकिन धर्म को समझना है तो यह समझना होगा कि सृष्टि के अस्तित्व से धर्म है और सृष्टि के विलय तक रहेगा।

महाभारत में भगवद्गीता है। उसमें कर्तव्य का उपदेश है, कर्मयोग का उपदेश है। महाभारत के अंत में पांच श्लोक हैं, जिन्हें 'भारत सावित्री' कहा जाता है।

व्यास महर्षि कहते हैं कि जीवन में हम अनेक संबंध बनाते हैं–माता-पिता, पुत्र-पुत्री, मित्र और अन्य संबंध। ये संबंध बनते हैं और देह के समाप्त होने के साथ समाप्त हो जाते हैं। जीवन में आनंद के क्षण भी होते हैं और दुख के भी। लेकिन जो जानकार है, वह इनके चक्कर में नहीं फंसता। व्यास महर्षि कहते हैं कि जीवन में जिस भौतिक सुख की तुम अपेक्षा करते हो, अर्थ और काम की अपेक्षा करते हो, वह धर्म से प्राप्त होता है। इसलिए धर्म का सेवन करो। अपनी किसी इच्छा की पूर्ति के लिए, भय के कारण, लोभ के कारण या प्राण बचाने के लिए भी धर्म का त्याग मत करो। सुख-दुख आते-जाते हैं, धर्म नित्य रहता है।

- **धर्म क्या है?-** ऐसा क्यों लगता है कि धर्म बुढ़ों के लिए है? ऐसा इसलिए होता है क्योंकि धर्म शब्द का अर्थ ही हमें पता नहीं है। हम धर्म को 'रिलीजन' कहने लगे हैं। रिलीजन धर्म नहीं है। धर्म का संबंध 'धारण' से है। जो धारण करता है, वही धर्म है। धर्म वह है जो विश्व को धारण करता है, उसे टूटने और बिखरने नहीं देता। पानी का धर्म बहना है, आग का धर्म जलाना है। इसी प्रकार प्रत्येक वस्तु और प्रत्येक जीव का अपना स्वभाव और अपना धर्म है। धर्म केवल आचार या आस्तिकता नहीं है। धर्म वह है जिससे भौतिक जगत की प्रगति और आध्यात्मिक जगत की प्रगति दोनों संभव हों। मेरे लिए धर्म की एक सरल व्याख्या यह है कि संपूर्ण विश्व की धारणा और उन्नति के लिए सबको जोड़कर, सबको उन्नत करने वाला और सबको बिखरने से बचाने वाला जीवन-व्यवहार धर्म है। आप इसे तुरंत स्वीकार मत कीजिए। इस पर विचार कीजिए, चर्चा कीजिए।
- **युधिष्ठिर और धर्म-** हमारे इतिहास में युधिष्ठिर जीवन भर धर्म की खोज करते रहे। महाप्रस्थान के समय उनके भाई और पत्नी एक-एक करके गिरते गए, लेकिन एक कुत्ता उनके साथ चलता रहा। जब इंद्र उन्हें स्वर्ग ले जाने आए तो युधिष्ठिर ने कहा–यह मेरे साथ आया है, मैं इसे छोड़कर स्वर्ग नहीं जाऊंगा। यह मेरे साथ रहा है, इसका साथ छोड़ना मेरे धर्म में नहीं है। बाद में पता चलता है कि वह कुत्ता स्वयं धर्मराज की परीक्षा थी। धर्म की साधना केवल बातों से नहीं होती, धर्म का आचरण करना पड़ता है। 'आचारः प्रभवो धर्मः'–धर्म आचरण से प्रकट होता है।

### मनुष्य का धर्म

सृष्टि के प्रत्येक जीव और प्रत्येक वस्तु का अपना धर्म है। मनुष्य अपने को सर्वश्रेष्ठ प्राणी मानता है, क्योंकि उसके पास बुद्धि है। लेकिन शारीरिक रूप से मनुष्य सबसे कमजोर प्राणियों में है। अपने बुद्धि के बल पर मनुष्य सबका प्रमुख बन बैठा है। इसलिए धर्मरक्षण उसका कर्तव्य है और अपने त्याग से उसे धर्म की रक्षा करनी होगी। राजा शिवि की कथा इसका उदाहरण है। उनके दरबार में एक कबूतर आया। उसके पीछे बाज लगा हुआ था। कबूतर ने राजा से अपनी रक्षा की प्रार्थना की। बाज ने कहा कि कबूतर मेरा आहार है। प्रकृति ने मुझे इसे खाने का धर्म दिया है। राजा शिवि ने कहा कि तुम्हारी बात सही है, लेकिन यह मेरी शरण में आया है। इसकी रक्षा करना मेरा धर्म है। धर्म में केवल एक पक्ष का विचार नहीं होता। सभी के धर्म और कर्तव्य का संतुलन करना पड़ता है। मनुष्य का कर्तव्य यह नहीं है कि वह इतने प्राणियों और वनस्पतियों को नष्ट कर दे कि पृथ्वी पर कुछ बचे ही नहीं। ऐसा करना अधर्म है। मनुष्य ने अपनी आवश्यकताओं और स्वार्थ के कारण अनेक जीव-जंतुओं और वनस्पतियों को नष्ट किया है। इसका परिणाम पर्यावरणीय असंतुलन के रूप में सामने आता है।

### त्याग और परोपकार

भागवत ने कहा कि भौतिक जीवन में सुख-सुविधा और पारलौकिक जीवन में अमरता प्राप्त करनी है तो त्याग आवश्यक है। 'परहित सरिस धरम नहि भाई'। परोपकार से सृष्टि की धारणा होती है। अपने लिए जितना आवश्यक है उतना रखें, लेकिन जीवन ऐसा हो कि दूसरों को कष्ट न पहुंचे। 'पाप' दूसरों को पीड़ा देना है। अपनी आजीविका कुशलता से कमाएं, लेकिन किसी दूसरे की कमाई न लूटें और किसी को नुकसान न पहुंचाएं उन्होंने कहा कि जीवन में चित्त की शुद्धि भी आवश्यक है।

### सत्य, करुणा, शुचिता और तप

मनुष्य के लिए धर्म के चार आधार बताए गए हैं–सत्य, करुणा, शुचिता और तप। सत्य यह है कि हम सब एक हैं। सृष्टि में अनेकता दिखाई देती है, लेकिन उसके मूल में एकता है। करुणा इसी एकता से उत्पन्न होती है। यदि सामने कोई भूखा व्यक्ति आपकी थाली की ओर देख रहा हो तो उसके सामने बैठकर सहज रूप से भोजन करना कठिन होता है। भीतर की संवेदना हमें रोकती है। सड़क पर कोई अनजान व्यक्ति गिर जाए तो हमारे मुंह से अनायास 'अरे!' निकल जाता है। कोई कुत्ता दुर्घटना में फंस जाए तो उसे देखकर भी मन में प्रतिक्रिया होती है। यही संवेदना है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सर जैसे षड्रिपु तथा अहंकार मनुष्य को दूसरों से अलग करते हैं। चित्त की शुद्धता से संवेदना जागती है। इसलिए मनुष्य के लिए धर्म है–सत्य, करुणा, शुचिता और तप।

### सफलता नहीं, सार्थकता जरूरी

जीवन में यशस्विता के साथ सार्थकता भी जरूरी है। हम जीतें और सबको जिताएं। हम जिएं और सबको जिलाएं। जब व्यक्ति इस दृष्टि से विचार करता है तो वह धर्म का विचार करता है। भारत की परंपरा यही रही है। स्वामी विवेकानंद भारत को धर्मप्राण देश कहते थे। भारत आर्थिक दृष्टि से शक्तिशाली बने, सामरिक दृष्टि से भी शक्तिशाली बने, लेकिन यह अंतिम लक्ष्य नहीं है। ये आवश्यक पड़ाव हैं। हमारा गंतव्य है–बड़ा बनकर सारी दुनिया को सुखी बनाना। भारत की परंपरा में भौतिक समृद्धि के साथ मन, बुद्धि और आत्मा के विकास की भी कामना की गई है।

### भारत की परंपरा और विश्व कल्याण

भारत ने दुनिया के संघर्षों में केवल अपने हित का विचार नहीं किया। अनेक अवसरों पर भारत ने दूसरों की सहायता की। विचारधारा या सत्ता में कौन है, इसके आधार पर सहायता करने का निर्णय नहीं किया गया। भागवत ने कहा कि भारत के संस्कारों में धर्म इतना गहरा है कि हम चाहे कुछ भी कहें, हमारा कर्तव्य हमें धर्म की ओर ले जाता है। इसलिए भारत के युवाओं को शक्तिशाली, विद्यावान और धनवान बनना चाहिए, लेकिन शक्ति का उपयोग दूसरों को दबाने के लिए नहीं, बल्कि समाज और विश्व के कल्याण के लिए होना चाहिए। यदि धर्म बुद्धि है तो शक्ति का उपयोग ज्ञान और कल्याण के लिए होगा। यदि अधर्म बुद्धि है तो विद्या विवाद के लिए, धन अहंकार के लिए और शक्ति दुर्बलों को दबाने के लिए इस्तेमाल होगी। धर्म मनुष्य में शील पैदा करता है। भारत के युवाओं का जीवन भारत के जीवन को बनाने वाला धर्म बने। भारत के युवा भौतिक और आध्यात्मिक दोनों क्षेत्रों में उन्नति करें। वे पूरे विश्व में यशस्वी बनें, लेकिन केवल यशस्वी नहीं–सार्थक भी बनें।

### धर्म का व्यवहारिक रूप

धर्म केवल बड़े-बड़े सिद्धांतों की बात नहीं है। हम कुछ खाते हैं और वहां कचरा नहीं करते–यह भी धर्म है। हम यातायात के नियमों का पालन करते हैं–यह भी धर्म है। हमने अपनी प्रकृति और परंपरा के अनुसार जो उपासना चुनी है, उसमें निष्ठावान रहते हैं और दूसरों की उपासना का भी सम्मान करते हैं–यह भी धर्म है। जीवन में धर्म होगा तो सार्थकता और समाधान रहेगा। करोड़ों रुपये कमाकर भी व्यक्ति असंतुष्ट रह सकता है, लेकिन धर्मपूर्ण जीवन जीने वाला व्यक्ति समाज के लिए प्रेरणा बन सकता है। भारत के युवाओं का जीवन ऐसा हो कि जिससे पूरा विश्व प्रेरणा ले। इसके लिए आप सभी आज के संवाद और आगामी सत्रों में गंभीरता से विचार करें।




### विराट कोहली के 10 शतकों की बराबरी की; रोहित के फास्टेस्ट सेंचुरी का रिकॉर्ड तोड़ा

# अभिषेक पावरप्ले में टी-20 के हाईएस्ट स्कोरर



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने तीसरे टी-20 में अफगानिस्तान को 127 रन से हरा दिया। दिल्ली में खेले गए मुकाबले में भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा ने 108 रन बनाए। उन्होंने इस पारी के दौरान कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। अभिषेक टी-20 इंटरनेशनल में पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। इसके साथ ही उन्होंने ओवरऑल टी-20 में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीयों में विराट कोहली की बराबरी की। दोनों के नाम 10 शतक हैं। इसके अलावा उन्होंने 30 गेंद पर शतक लगाकर रोहित शर्मा के फास्टेस्ट सेंचुरी का भारतीय रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।

### अभिषेक पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी

- अभिषेक ने दिल्ली में पावरप्ले के 6 ओवर में 22 गेंदों पर नाबाद 76 रन बनाए। यह पुरुष टी-20 इंटरनेशनल में पावरप्ले में किसी बल्लेबाज का सबसे बड़ा स्कोर है। पुर्तगाल के कुलदीप घोलिया 74 रन के साथ दूसरे नंबर पर हैं।
- **अभिषेक ने सबसे तेज शतक का भारतीय रिकॉर्ड तोड़ा-** अभिषेक सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए। उन्होंने रोहित शर्मा के 2017 में 35 गेंद पर लगाए सेंचुरी का रिकॉर्ड तोड़ दिया।
- इसके साथ ही उन्होंने फुल मेंबर देशों में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। यह रिकॉर्ड जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा और न्यूजीलैंड के फिन एलेन के नाम था। दोनों ने 33-33 गेंद में यह कारनामा किया था।
- **अभिषेक ने विराट कोहली के 10 शतकों की बराबरी की-** अभिषेक सभी टी-20 में कुल मिलाकर 10 शतक लगा चुके हैं। उन्होंने सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीयों में विराट कोहली की बराबरी कर ली।
- **भारत के नाम सबसे ज्यादा 200+ स्कोर-** भारत ने टी-20 में 53वीं बार 200 या उससे ज्यादा का स्कोर बनाया। टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ 20 ओवर में 7 विकेट पर 221 रन बनाए। साउथ अफ्रीका 31 बार यह कारनामा कर चुकी है।
- **भारत 10वीं बार 100+ रन से जीता-** भारत ने पुरुष टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा बार 100 या उससे ज्यादा रन की जीत के रिकॉर्ड की बराबरी की। टीम ने 10वीं बार 100 रन या उससे बड़ी जीत दर्ज की है। कनाडा ने भी इतनी बार ही यह कारनामा किया है।
- **भारत ने पहली बार पावरप्ले में 100 रन बनाए-** भारत ने पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 100 रन बनाए। भारत ने पहली बार यह कारनामा किया। इससे पहले टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 2025 में वानखेड़े स्टेडियम पर 1 विकेट पर 95 रन बनाए थे।
- **अभिषेक ने छठी बार 20 या कम गेंद पर फिफ्टी लगाई-** अभिषेक ने मुकाबले 16 गेंद पर फिफ्टी लगाई। उन्होंने टी-20 इंटरनेशनल में छठी बार 20 या उससे कम गेंद पर फिफ्टी लागई है। इस मामले में वे वर्ल्ड क्रिकेट में सबसे आगे हैं। यह टी-20 में भारत के लिए पांचवी सबसे तेज फिफ्टी भी है।

### सहवाग के बेटे आर्यवीर का अंडर-19 डेब्यू

**नई दिल्ली।** भारत अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को राजकोट में खेले गए पहले यूथ वनडे में 7 रन से हरा दिया। बारिश के कारण मुकाबला 20-20 ओवर का कर दिया गया था। शुक्रवार को वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर ने अंडर-19 डेब्यू किया। उन्होंने ओपनिंग करते हुए 28 रन बनाए। राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ ने 18 गेंद में 38 रन की पारी खेली।

### नैनो न्यूज

- **क्विम्सी सेमीफाइनल में पहुंचीं-** भारत की क्विम्सी डीसूजा ने तेकबॉल महिला एकल में कंबोडिया की खिलाड़ी को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।
- **सॉफ्ट टेनिस टीम क्वार्टरफाइनल-** भारतीय पुरुष सॉफ्ट टेनिस टीम ने एशियन गेम्स में क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। टीम की पदक उम्मीदें अब बरकरार हैं।
- **मनु तजिंदर ध्वजवाहक बने-** मनु भाकर और तजिंदरपाल सिंह तूर को एशियन गेम्स उद्घाटन समारोह में भारतीय दल का ध्वजवाहक चुना गया।
- **भारत कोरिया से डेविस खेलेगा-** भारतीय टेनिस टीम डेविस कप क्वालिफायर के दूसरे दौर में दक्षिण कोरिया के खिलाफ मुकाबला करेगी। लेएंडर पेस ने टीम का समर्थन किया।
- **भारत की क्रिकेट जीत शानदार रही-** भारत ने अफगानिस्तान को तीसरे टी20 में 127 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम की।
- **अभिषेक ने तेज शतक जड़ा-** अभिषेक शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ सिर्फ 30 गेंदों में टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक पूरा कर नया भारतीय रिकॉर्ड बनाया।
- **संजू ने दूसरा अर्धशतक लगाया-** अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 में संजू सैमसन ने लगातार दूसरा अर्धशतक लगाया और भारत की बड़ी जीत में योगदान दिया।

### भारतीय विमेंस टीम एशियन गेम्स के सेमीफाइनल में

# जापान को 8 विकेट से हराया, शेफाली ने नाबाद 40 रन बनाए, चरणी को 4 विकेट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय विमेंस टीम एशियन गेम्स 2026 के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। टीम ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में जापान को 8 विकेट से हराया। कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में जापान की टीम 19.5 ओवर में 57 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में भारत ने शेफाली वर्मा के नाबाद 40 रन की मदद से 58 रन का टारगेट 5 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। भारत की ओर से श्री चरणी ने 4 विकेट लिए।



शेफाली वर्मा ने 2, जबकि दीप्ति शर्मा और श्रेयांका पाटिल को 1-1 विकेट मिले। जापान की दो बल्लेबाज रन आउट हुईं। भारत 2023 एशियन गेम्स का डिफेंडिंग चैंपियन है। टीम ने गोल्ड मेडल जीता था। भारत ने हाल ही में 8वीं बार विमेंस एशिया कप का खिताब भी अपने नाम किया है।

**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है। साईज - 10x11 हाईट- 15 फीट
मोबाइल 8518800456 9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**वधु चाहिए**
क्षत्रिय युवक 49, 6 फीट हेतु वधु चाहिए। जाति बंधन नहीं, विधवा मान्य। शीघ्र विवाह।
संपर्क करें 9754109866

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें 940 6801069

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570 9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी, या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता 9926466157

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें पीसी राजपूत रीयल एस्टेट 9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय 10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे श्री हरि पेपर इंडस्ट्री 8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### धार में पंचायत उपनिर्वाचन के लिए हथियार लाइसेंस निलंबित

**धार।** धार में पंचायत उपनिर्वाचन 2026 को देखते हुए जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने लाइसेंसी हथियारों पर रोक लगा दी है। जिला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी राजीव रंजन मीना ने आदेश जारी कर निर्वाचन क्षेत्रों में हथियारों के लाइसेंस निलंबित किए हैं। यह आदेश धार, नालछा, तिरला, सरदारपुर, बदनावर, मनावर, उमरबन, धरमपुरी, डही और निसरपुर जनपद पंचायतों के चिन्हित ग्राम पंचायत क्षेत्रों में लागू रहेगा। प्रशासन के आदेश के अनुसार इन क्षेत्रों में लाइसेंसी हथियार रखने और उनके इस्तेमाल पर रोक रहेगी। लाइसेंस 6 अक्टूबर 2026 तक निलंबित रहेंगे।

### बड़े वाहन ने बाइक सवार 3 युवकों को टक्कर मारी, तीनों गंभीर घायल

**धार।** धार शहर में सड़क हादसे लगातार हो रहे हैं। हाल ही का मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के आरटीओ कार्यालय के पास का है, जहां एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को धार जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहां उनका इलाज चल रहा है और उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। तीनों युवक जेतपुरा निवासी बताए जा रहे हैं। इनमें एक घायल की पहचान कान्हा पिता अंतर सिंह के रूप में हुई है। डॉक्टर विजय सिंह मकवाना ने बताया कि अभी घायलों के नाम-पते की जानकारी साफ नहीं है। कोतवाली पुलिस इस हादसे की जांच कर रही है।

### आलीराजपुर कलेक्टर के नाम से बनाया फर्जी फेसबुक अकाउंट

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर कलेक्टर नीतू माथुर के नाम और फोटो का इस्तेमाल कर फेसबुक पर फर्जी अकाउंट बनाया गया है। इसकी जानकारी सामने आने के बाद कलेक्टर ने जिले के लोगों को सतर्क किया है। उन्होंने कहा कि उनके नाम से आने वाली किसी संदिग्ध फ्रेंड रिक्वेस्ट, मैसेज या पैसों से जुड़ी मांग पर बिना पुष्टि के भरोसा न करें। कलेक्टर ने कहा कि फर्जी अकाउंट से कोई व्यक्ति पैसों की मदद, ऑनलाइन पेमेंट, बैंक की जानकारी, ओटीपी या निजी जानकारी मांग सकता है। ऐसी स्थिति में कोई जानकारी या पैसा शेयर नहीं करें। उन्होंने लोगों से अपील की है कि उनके नाम और फोटो वाली कोई संदिग्ध फेसबुक प्रोफाइल दिखाई दे तो उसे रिपोर्ट और ब्लॉक करें।

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर खाई में गिरा ट्रक



**ड्राइवर और क्लीनर को आई मामूली चोटें, रफ्तार बनी हादसे की वजह**

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के खवासा चौकी क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेसवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक असंतुलित होकर गहरी खाई में गिर गया। यह हादसा सिरवा फलिया तेजपुरा के पास शुक्रवार-शनिवार की रात हुआ। ट्रक का नंबर एचआर55वी 1085 बताया गया है। हादसे में ट्रक चालक और उसके साथी को मामूली चोटें आईं। इतनी गहरी खाई में गिरने के बावजूद दोनों की जान बाल-बाल बच गई, जिससे एक बड़ा नुकसान टल गया। दोनों घायलों को मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस अभी हादसे की वजह साफ नहीं बता पाई है। अधिकारियों का कहना है कि विस्तृत जांच के बाद ही दुर्घटना के असली कारणों का पता चल पाएगा।


## नैनो न्यूज

- **बाजार में व्यापारियों का विरोध-** यूपीआई शुल्क के मुद्दे पर व्यापारिक संगठनों ने विरोध जताया। कई कारोबारियों ने भुगतान उपकरणों को काले कपड़े से ढककर विरोध दर्ज कराया।
- **सराफा कारोबार में हलचल बढ़ी-** देशभर में सोने के भाव में तेजी के बीच इंदौर के सराफा कारोबारियों की नजर लगातार बदलती कीमतों और ग्राहकी के रुख पर बनी है।
- **इंफोसिस सेंटर का विस्तार हुआ-** इंफोसिस ने इंदौर केंद्र में 3.30 लाख वर्गफीट का नया सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट ब्लॉक शुरू किया। केंद्र में तीन हजार से ज्यादा कर्मचारी हैं।
- **आईटी क्षेत्र में रोजगार गतिविधियां-** इंदौर में आईटी क्षेत्र के विस्तार के साथ क्लाउड, एआई, साइबर सुरक्षा और सॉफ्टवेयर विकास से जुड़े कामकाज में गतिविधियां बढ़ रही हैं।
- **मंडी कारोबार में गतिविधियां जारी-** देवी अहिल्या फल एवं सब्जी मंडी में शनिवार को थोक कारोबार जारी रहा। आवक के साथ सब्जियों की खरीद-बिक्री में व्यापारी सक्रिय रहे।
- **सियागंज में थोक व्यापार सक्रिय-** इंदौर के सियागंज थोक बाजार में शनिवार को कारोबार जारी रहा। किराना और खाद्य सामग्री के थोक व्यापार में दुकानदारों की गतिविधियां बनी रहीं।
- **कपड़ा कारोबार में खरीदारी जारी-** त्योहारी सीजन के बीच इंदौर के कपड़ा बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बनी हुई है। थोक और खुदरा कारोबारियों ने नए स्टॉक पर ध्यान बढ़ाया।

फैंस वेबसाइट या मोबाइल ऐप के जरिए टिकट खरीद सकेंगे, पैवेलियन का टिकट 12 हजार 500 रुपए का होगा

# इंदौर में 11 अक्टूबर को होगा भारत-वेस्टइंडीज टी-20, 25 से ऑनलाइन टिकट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर में 11 अक्टूबर को भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले टी-20 मुकाबले के टिकटों की ऑनलाइन बिक्री 25 से शुरू होगी। मैच के सभी टिकट ऑनलाइन ही उपलब्ध होंगे। एमपीसीए ने इसके लिए डिस्ट्रिक्ट बाय जोमेटो को आधिकारिक टिकटिंग एजेंसी बनाया है। फैंस वेबसाइट या मोबाइल ऐप के जरिए टिकट खरीद सकेंगे।

**1 हजार से शुरू होगी टिकट की कीमत-** होलकर स्टेडियम में मैच देखने के लिए दर्शकों को कम से कम 1 हजार रुपए खर्च करने होंगे। यह सबसे सस्ते टिकट की कीमत है। वहीं, पैवेलियन का टिकट 12 हजार 500 रुपए का होगा। बाकी कैटेगरी के टिकटों की कीमत एमपीसीए जल्द जारी करेगा। टिकटों की कालाबाजारी रोकने के लिए एक व्यक्ति को अधिकतम 4 टिकट खरीदने की अनुमति होगी। इससे ज्यादा दर्शकों को टिकट मिलने का मौका मिलेगा।

### शाम 7 बजे शुरू होगा मुकाबला

भारत-वेस्टइंडीज के बीच पांच मैचों की टी-20 सीरीज 6 अक्टूबर से शुरू होगी। इंदौर में सीरीज का तीसरा मुकाबला 11 अक्टूबर को शाम 7 बजे खेला जाएगा। इससे पहले 6 अक्टूबर को लखनऊ और 9 अक्टूबर को रांची में दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। सीरीज के आखिरी दो मुकाबले हैदराबाद और बेंगलुरु में खेले जाएंगे।

### होलकर में मुकाबले का इंतजार खत्म होने वाला

इंदौर के क्रिकेट फैंस लंबे समय से इस मुकाबले का इंतजार कर रहे हैं। एमपीसीए की ओर से टिकट बिक्री का शेड्यूल जारी होने के बाद अब मैच देखने के लिए टिकट हासिल करने की प्रक्रिया भी साफ हो गई है।

व्यापारी पर हमले का विरोध : आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

# गोपाल मंदिर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की 212 दुकानें बंद





दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

सराफा थाना क्षेत्र में एक व्यापारी पर हुए हमले को लेकर व्यापारियों में नाराजगी है। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग के साथ ही व्यापारियों ने गोपाल मंदिर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दुकानें बंद रखीं।व्यापारियों की मांग है कि मामले में आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हो।

दरअसल, शुक्रवार शाम को सराफा इलाके में गोपाल मंदिर के पास फुटपाथ पर दुकान लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। इस दौरान नितेश चौरसिया से मारपीट का आरोप है। नितेश ने मारपीट करने वाले युवक पर चाकू से हमला करने और कट्टा दिखाकर धमकाने का आरोप लगाया है। इसके बाद सराफा के व्यापारी थाने पहुंचे और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर घेराव किया।

### सराफा थाने के बाहर प्रदर्शन

इधर, घटना के बाद सराफा थाने के बाहर व्यापारी जमा हो गए और उन्होंने प्रदर्शन शुरू कर दिया। व्यापारियों ने यहां पर जमकर नारेबाजी भी की। इस दौरान एफआईआर को लेकर भी कई घंटे तक व्यापारी प्रदर्शन पर बैठे रहे। ये भी बात सामने आई है कि व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल पुलिस कमिश्नर और निगम कमिश्नर से मिलने जा सकता है।

## दो धाराओं का महामिलन - इंदौर की धरा पर जब मिले दो महासागर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

पर्वाधिराज पर्युषण और चातुर्मास की पावन बेला में इंदौर में जैन धर्म के इतिहास का वह स्वर्णिम क्षण आया, जिसकी प्रतीक्षा समाज जन एवं गुरु भक्तों को थी। दो महान धाराओं का मिलन हुआ। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने कहा कि ज्ञान, तप और करुणा की दो दिव्य धाराएँ -श्रमण संस्कृति के महामहिम पट्टाचार्य श्री 108 विशुद्धसागर जी महाराज एवं समाधीष्ट आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के निर्यापक तीर्थ चक्रवर्ती महाश्रमण मुनिपुंगव 108 सुधासागर जी महाराज का मंगल मिलन मल्हारगंज स्थिति शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मल्हारगंज में सेकंडो की संख्या में समाज जन और गुरु भक्ततो की सन्निधि। में महामंगल मिलन हुआ।

यह दृश्य देखते ही समाज जन श्रावकों की आँखें छलक उठीं और जयकारों से आकाश गूँज उठा- नमोस्तु शासन जयवंत हो। जय हो वीतराग श्रंमण संस्कृति दोनों गुरुओं के जयकारों से गूंजा उठा महामिलन। कैसे दोनों आचार्य संघों ने एक-दूसरे को नमन किया, गले मिले और धर्म प्रभावना पर चर्चा की। एक ओर विशुद्धता की धारा, दूसरी ओर सुधा की धारा - दोनों का संगम प्रयागराज से भी पवित्र बन गया। समाज जन गुरु भक्त प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गुरुदेवों ने कहा - संघ भिन्न हो सकते हैं, लेकिन सिद्धांत एक है- आत्म कल्याण। इस मिलन ने यह संदेश दिया कि जैन एकता ही जिनशासन की असली शक्ति है। यह मिलन केवल दो मुनियों का नहीं, दो विचारधाराओं, दो साधना पद्धतियों और लाखों भक्तों के दिलों का महामिलन था। इस अवसर पर सामाजिक संसद अध्यक्ष आनंद नवीन गोधा, हर्ष जैन प्रिंसिपल टोंग्या, राजेश पांड्या अजयपाल जैन मनमोहन झांझरी सहित सकल जैन समाज उपस्थित था।

## इंदौर में गायनिक डॉक्टर ने लगाया जहरीला इंजेक्शन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

एमटीएच अस्पताल में कार्यरत एक गायनिक महिला डॉक्टर ने शनिवार को खुद को जहरीला इंजेक्शन लगा लिया। उन्हें स्टाफ के अन्य साथी एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां पांचवीं मंजिल के वार्ड नंबर 27 में उनका उपचार चल रहा है। बताया जाता है कि उन्होंने मामले में सीनियर डॉक्टर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। हालांकि, पूरे मामले की पुलिस जांच कर रही है। कमरे में बेसुध मिली संयोगितागंज पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 28 वर्षीय डॉक्टर सिमी पिता करण यादव निवासी एमजीएम गर्ल्स हॉस्टल में रहती हैं। शनिवार को करीब 11 बजे वह अपने हॉस्टल के कमरे में बेसुध मिली थीं। इसके बाद साथी उन्हें एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। बताया गया है कि उन्होंने खुद को जहरीला इंजेक्शन लगा लिया था। सीनियर डॉक्टर से परेशान थीं सूत्रों के मुताबिक, सिमी एमटीएच अस्पताल में पदस्थ हैं। यहां पिछले दिनों से वह एक सीनियर डॉक्टर से परेशान थीं। ड्यूटी में आने-जाने के साथ ही अन्य बातों को लेकर उन्हें प्रताड़ित किया जाता था। संयोगितागंज पुलिस की महिला अधिकारी अस्पताल पहुंची हैं। उन्होंने मामले में सिमी के बयान लिए हैं। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## पेट्रोल पंप पर बदमाशों ने मचाया उत्पात, तोड़फोड़ भी की

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

एरोड्रम थाना क्षेत्र में देर रात बदमाशों की गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। तिरुपति नगर स्थित पेट्रोल पंप पर अज्ञात बदमाशों ने जमकर तोड़फोड़ की और उत्पात मचाया। पूरी वारदात पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। यह पेट्रोल पंप अग्रवाल समाज केंद्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष राजेश बंसल का है। घटना के बाद पंप संचालक ने एरोड्रम थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। देर रात अचानक पेट्रोल पंप परिसर में पहुंचे बदमाशों ने तोड़फोड़ शुरू कर दी। घटना के बाद संचालक ने आशंका जताई कि उपद्रवियों ने तोड़फोड़ के साथ पेट्रोल पंप से नगद रुपए भी चोरी किए हैं। सूचना मिलते ही एरोड्रम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज अपने कब्जे में ले ली है। इसके आधार पर बदमाशों की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## ट्रैक्टर की चपेट में आकर राहगीर की मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

खजराना थाना क्षेत्र के रोबोट चौराहे पर शुक्रवार रात तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से पैदल जा रहे 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसा महक वाटिका के पास हुआ। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खजराना पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान सोनू (30) पिता धन्नालाल निवासी रोबोट चौराहे के पास के रूप में हुई है। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले का रहने वाला था और मकान निर्माण से जुड़े काम करता था। सोनू रात में महक वाटिका के पास पैदल जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आए ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सोनू काफी दूर जा गिरा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सोनू के पास मिले मोबाइल से परिजन को सूचना दी गई। परिवार में मां, बड़ा भाई और भाभी हैं। सोनू की शादी नहीं हुई थी।

# छात्रों ने मांगों को लेकर महू-इंदौर रोड पर किया चक्काजाम

बस का किराया कम करने की मांग, अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन



दैनिक अवन्तिका ▶▶ महू

महू में शनिवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कार्यकर्ताओं ने महू-इंदौर रोड पर चक्काजाम किया। बस के किराए और अन्य सुविधाओं की मांग के लिए किया गया यह प्रदर्शन माहेश्वरी स्कूल के पास हुआ। इस कारण करीब एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। प्रदर्शनकारियों ने बस किराया कम करने की मांग की। उनका कहना था कि छात्रों के आने-जाने के खर्च को देखते हुए किराए की जांच कर उचित दर तय की जाए।

स्कूल के आसपास बेतरतीब पार्किंग हटाने की भी मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इससे छात्रों को परेशानी होती है और दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

एबीवीपी महू नगर ने स्कूल के पुराने भवन की जांच कराने और जरूरत के अनुसार मरम्मत कराने की मांग की। इसके अलावा स्कूल में सुरक्षा गार्ड तैनात करने की मांग भी रखी गई। प्रदर्शनकारियों ने स्कूल के मुख्य गेट, बाहर निकलने वाले गेट और परिसर के अन्य जरूरी स्थानों पर पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की। एबीवीपी ने प्रशासन से इन समस्याओं का तय समय में समाधान करने की मांग की। एबीवीपी महू नगर ने अपनी मांगों को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। नगर मंत्री शिवांक द्विवेदी ने कहा कि छात्रों की सुरक्षा और सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर जल्द कार्रवाई होनी चाहिए।



















स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapress@gmail.com